नई दिल्ली
गुरुवार, 4 जुलाई 2024
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष,
चतुर्दशी वर्ष : 28, अंक : 84
पृष्ठ 12 मूल्य 2 .00

मौसम
अधि. 29
न्यून. 24

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

## हाथरस हादसे में साजिश की आशंका

# अब हाईकोर्ट के रिटायर जज की अध्यक्षता में होगी न्यायिक जांच

एजेंसी ▶▶ हाथरस

हाथरस हादसे में 121 लोगों की मौत के पीछे केवल हादसा ही नहीं साजिश भी होने की आशंका सीएम योगी ने जताई है। बुधवार की सुबह घटनास्थल का दौरा करने के बाद सीएम योगी ने घटना की न्यायिक जांच कराने का भी ऐलान किया। कहा कि हाईकोर्ट के रिटायर जज की अध्यक्षता में इसकी जांच होगी।

*हाथरस हादसे में 121 लोगों की मौत के पीछे केवल हादसा ही नहीं साजिश भी होने की आशंका सीएम योगी ने जताई है*

*अलीगढ़ एडीजी की अध्यक्षता में एसआईटी गठित, टीम कारणों की तह तक जाएगी*



सीएम योगी ने कहा कि इस पूरे घटनाक्रम की जांच के लिए अलीगढ़ एडीजी की अध्यक्षता में एसआईटी गठित की गई है। योगी ने कहा कि अब तक प्रथमदृष्टया हमारी कार्रवाई राहत और बचाव के अलावा आयोजकों को पूछताछ के लिए बुलाना। हादसे के बारे में उनसे भी पूछताछ करना और जिम्मेदारों की लापरवाही तय करना है। इसके लिए एफआईआर दर्ज हो चुकी है।

### लोग मरते गए और सेवादार भागते चले गए

सीएम योगी ने कहा कि अगर हादसा था तो सेवादारों को व्यवस्था को सुदृढ़ करना चाहिए था। अगर सुदृढ़ नहीं कर पा रहे थे तो प्रशासन की मदद से हादसे का शिकार लोगों को अस्पताल पहुंचाने की कोशिश करनी चाहिए थी। वहां लोग मरते गए और सेवादार भागते चले गए। मुख्यमंत्री ने भोले बाबा के सेवादारों को इस घटना का जिम्मेदार ठहराया।

### पीएम मोदी ने की 2-2 लाख की सहायता राशि की घोषणा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मरने वालों के परिजनों को दो-दो लाख रुपए की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। इस घटना में घायल लोगों को 50-50 हजार रुपए की सहायता दी जाएगी। प्रधानमंत्री कार्यालय ने इसकी जानकारी दी।

### हाथरस हादसे के बाद सचेत हुए प्रवचनकार

## पं. धीरेंद्र शास्त्री ने कहाः हमारे जन्मदिन पर न जुटाएं 'भीड़'



**खजुराहो।** छतरपुर में बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने एक वीडियो जारी किया है। इसमें उन्होंने अपने जन्मदिन के मौके पर गुरुवार को श्रद्धालुओं से बागेश्वर धाम न आने की अपील की है। शास्त्री ने कहा कि धाम में श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त व्यवस्था की गई थीं। लेकिन लगातार बढ़ रही भीड़ की वजह से ये कम पड़ने लगी हैं। ऐसे में आप लोग हमारा जन्मदिन अपने-अपने घरों पर ही मनाएं। उन्होंने श्रद्धालुओं से 21 जुलाई को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर धाम आने की बात भी कही है।

## पं. मिश्रा ने कथा रद्द की फिर कहा जारी रहेगी



**विदिशा।** कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने विदिशा में 7 दिवसीय कथा का बुधवार को अचानक समापन कर दिया। उन्होंने व्यास पीठ से चौथे दिन ही कथा समाप्ति की बात कही। कुछ घंटे बाद बोले- कथा 7 दिन तक जारी रहेगी। पंडित मिश्रा ने कहा- पिछले 4 दिन से हो रही बारिश की वजह से कथास्थल के आसपास अव्यवस्था हो गई है। पानी भरा हुआ है, कीचड़ हो रही है, जिसकी वजह से भक्तों को परेशानी हो रही है। किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो, इस दौरान हाथरस की घटना का भी उन्होंने जिक्र किया।




inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

### राज्यसभा में पीएम मोदी ने अपने संबोधन के दौरान 1977 के लोकसभा चुनाव के समय को याद किया

# देश ने इस बार एक ही मुद्दे पर वोट किया-बस, लोकतंत्र की पुनर्स्थापना

*पीएम ने कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि क्या आप 1977 के चुनावों को भूल गए हैं जब समाचार पत्रों, रेडियो पर प्रतिबंध लगा दिया गया था और यहां तक कि बोलने की भी अनुमति नहीं थी?*



पीएम नरेंद्र मोदी ने राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर बोलते हुए संविधान का जिक्र किया और कांग्रेस को एक बार फिर आपातकाल का जिक्र कर आड़े हाथ लिया।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर बोलते हुए संविधान का जिक्र किया और कांग्रेस को एक बार फिर आपातकाल का जिक्र कर आड़े हाथ लिया।

पीएम ने कहा कि इस बार अगर संविधान की रक्षा का चुनाव था, तो संविधान की रक्षा के लिए देशवासियों ने हमें योग्य पाया है। संविधान की रक्षा के लिए देशवासियों को हम पर भरोसा हैं और संविधान ▶▶ शेष पेज 5 पर

पीएम मोदी ने कहा कि संविधान को बचाने के लिए इससे बड़ा कोई चुनाव नहीं हुआ

जो लोग जांच एजेंसियों पर सवाल उठा रहे हैं, वे अपनी याददाश्त को ताज़ा कर लें



### महिला हिंसा पर 'सिलेक्टिव पालिटिक्स' देश के लिए चिंताजनक

मोदी ने पश्चिम बंगाल में महिला के साथ हुए विभत्स घटना का भी जिक्र किया। उन्होंने ममता सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि बंगाल में महिला को पीटते हुए वीडियो हैरान करने वाला है। महिला पर हो रहे अत्याचार को लेकर सिलेक्टिव पालिटिक्स देश के लिए चिंताजनक है। पीएम मोदी ने राज्यसभा में कहा कि कांग्रेस समेत विपक्षी पार्टी ▶▶ शेष पेज 5 पर

#### संविधान संशोधन के साथ-साथ एक दर्जन अनुच्छेदों का जिक्र किया

पीएम मोदी ने आपातकाल के दौरान देश पर हुए अत्याचारों का भी जिक्र किया। उन्होंने 38वें, 39वें और 42वें संविधान संशोधन के साथ-साथ एक दर्जन अन्य अनुच्छेदों का भी जिक्र किया, जिन्हें आपातकाल के दौरान संशोधित किया गया था।

### राज्यसभा में प्रधानमंत्री ने 'दबाया रिमोट' तो वॉकआउट कर गए विपक्षी

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा में राष्ट्रपति अभिभाषण का जवाब देते हुए विरोध में नारेबाजी कर रहे विपक्षी नेताओं को जहां गला तर करने के लिए अपना पानी ऑफर करते हुए दिखे वहीं राज्यसभा में विपक्षी दलों को अपने भाषण के वाकपटु अंदाज से 'पानी पिलाते' नजर आए। प्रधानमंत्री का जवाब तो राष्ट्रपति अभिभाषण पर था मगर उनके निशाने पर थी कांग्रेस पार्टी। जब प्रधानमंत्री अपने जवाब में कांग्रेस पार्टी पर एक के बाद एक हमले कर रहे थे, विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे प्रधानमंत्री से संविधान पर उनके कहे कि सफाई मांगना चाह रहे थे, सभापति ने विपक्षी नेता को मौका नहीं दिया तो तमाम विपक्षी दलों ने एलओपी को बोलने दो..के नारे लगाने लगे। ये ठीक उसी वक्त हुआ जब प्रधानमंत्री ने सदन में मौजूद सोनिया गांधी पर अप्रत्यक्ष ▶▶ शेष पेज 5 पर

### आज सुबह 6 बजे विशेष विमान पहुंचेगा दिल्ली

## पीएम मोदी अपने आवास पर टी-20 वर्ल्ड कप की 'विजेता टीम' से करेंगे मुलाकात



सूर्य कुमार एवं रोहित शर्मा ट्रॉफी के साथ, दूसरे चित्र में प्लेन में चढ़ते क्रिकेटर

### ◆ पीएम आज सुबह 11 बजे टीम इंडिया से मिलेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

टी-20 वर्ल्ड कप की विजेता टीम के साथ पीएम मोदी 4 जुलाई को अपने आवास पर मुलाकात करेंगे। दरअसल, 29 जून के फाइनल मैच होने के बाद से भी टीम इंडिया वहां फंसी हुई थी। इसके बाद एयर इंडिया का एक विशेष विमान बुधवार को टी-20 क्रिकेट विश्व कप चैंपियन भारतीय टीम को बारबाडोस से घर यानी भारत ला रहा है। दरअसल, भारतीय टीम तूफान बेरिल के मद्देनजर हवाई अड्डे बंद होने के कारण वेस्टइंडीज में फंस गए थे। भारतीय टीम को लेकर विशेष विमान गुरुवार सुबह दिल्ली पहुंचेगा। प्रधानमंत्री ▶▶ शेष पेज 5 पर

#### मुंबई में बीसीसीआई सम्मान करेगी

राजीव शुक्ला ने कहा कि जो भारतीय पत्रकार वहां (बारबाडोस) फंसे हुए थे, वे भी उसी फ्लाइट से आ रहे हैं। यह फ्लाइट 4 जुलाई की सुबह 6 बजे दिल्ली हवाई अड्डे पर उतरेगी। उन्होंने कहा कि 4 जुलाई की सुबह 11 बजे प्रधानमंत्री भारतीय टीम से अपने आवास पर मुलाकात करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि इसके बाद टीम नरीमन प्वॉइंट मुंबई के लिए उड़ान भरेगी और हम यहां पर खिलाड़ियों को सम्मानित करेंगे।

## खबर संक्षेप

### सांसद शत्रुघ्न सिन्हा अस्पताल से डिस्चार्ज



**मुंबई।** बीते कई दिनों से बॉलीवुड एक्टर शत्रुघ्न सिन्हा मुंबई के कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में भर्ती थे। खबरें थीं कि घर में सोफा से गिरने के बाद उन्हें चोट लग गई थी, जिसके चलते उनकी माइनर सर्जरी हुई है। अब छुट्टी मिलने के बाद शत्रुघ्न सिन्हा ने खुद सर्जरी की खबरों को अफवाह बताया है। उन्होंने कहा है कि उनकी तबीयत नहीं बिगड़ी थी, वो बस रूटीन चेकअप के लिए अस्पताल गए थे।

### सेंसेक्स और निफ्टी नई ऊंचाई पर हुआ बंद



**मुंबई।** बुधवार को शेयर बाजार में बीएसई सेंसेक्स और निफ्टी नई ऊंचाई पर बंद हुए। बीइसई सेंसेक्स ने बाजार के आखिर में सेंसेक्स 545.35 अंक या 0.69 प्रतिशत ऊपर 79,986.80 पर बंद हुआ। निफ्टी 162.70 अंक या 0.67 प्रतिशत ऊपर 24,286.50 पर बंद हुआ। लगभग 2075 शेयर बढ़े। जबकि 1372 शेयरों में गिरावट देखने को मिली।

## भाजपा हाईकमान की झारखंड पर पैनी निगाह, हेमंत के नहले पर दहला लगाने की जुगत

आनंद राणा ▶▶ नई दिल्ली

राजनैतिक हलचल भले ही झारखंड की राजधानी रांची में बुधवार को दिनभर चलती रही हों पर दिल्ली में भाजपा हाईकमान सर्तक और चौकस रहा। विधानसभा चुनाव झारखंड में जल्द ही होने वाले हैं। ऐसे में हेमंत सोरेन का फिर से मुख्यमंत्री बनकर चुनाव मैदान में खम ठोंकने का फैसला भाजपा और एनडीए के अन्य सहयोगियों के लिए परेशानी का सबब तो है ही। हेमंत सोरेन को जब तक जमानत नहीं मिली थी तब तक भाजपा हाईकमान आश्वस्त था कि चंपई सोरेन की अगुवाई में झारखंड मुक्ति मोर्चा विधानसभा चुनाव में इतना मजबूत नहीं होगा कि पटकनी न दी जा सके। लेकिन अब पांसा पलटता दिख रहा है। चंपई के इस्तीफे के बाद हेमंत विधायक दल के नेता चुन लिये गए हैं और वे एक दो दिन में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। हेमंत सोरेन को पांच महीनों के बाद हाईकोर्ट से जमानत मिली। जेल से बाहर आने के बाद से उनके दोबारा मुख्यमंत्री बनने की अटकलें जोरों पर थी। जल्द ही चुनाव होने हैं। ऐसे में हेमंत सोरेन सत्ता अपने हाथों में चाहते थे, ताकि सभी चीजों को अपने तरीके से हैंडल कर सकें।

जाहिर है अब भाजपा के लिए राज्य के विधानसभा ▶▶ शेष पेज 5 पर

### चंपई सोरेन ने राज्यपाल को सौंपा इस्तीफा

## हेमंत सोरेन 7 जुलाई को सीएम पद की शपथ लेंगे

**रांची।** हेमंत सोरेन एक बार फिर झारखंड के मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं। वह 7 जुलाई को सीएम पद की शपथ लेंगे।



■ हेमंत सोरेन ने राज्यपाल को सौंपा समर्थन पत्र

उन्होंने चंपई सोरेन के इस्तीफा सौंपने के बाद नई सरकार बनाने का दावा पेश कर दिया है। उन्होंने राज्यपाल को विधायकों का समर्थन पत्र भी सौंपा है। वहीं, इससे पहले राजधानी रांची में बुधवार को हुई आईएनडीआईए के विधायक दल की बैठक में हेमंत सोरेन को विधायकों की आम सहमति से विधायक दल का नेता चुन लिया गया है। मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को अपना इस्तीफा सौंप दिया है। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन आज शाम में ही पडुच्चेरी यात्रा से रांची पहुंचे हैं। सूत्रों ▶▶ शेष पेज 5 पर




### रूस के लिए लड़ रहे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा का मुद्दा उठाया

## अस्ताना में गुरुवार को होने वाले एससीओ शिखर सम्मेलन के पूर्व में मिले भारत और रूस के विदेश मंत्री

# जयशंकर ने लावरोव संग बैठक में उठाया रूस से भारतीयों की सुरक्षित स्वदेश वापसी का मुद्दा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कजाकिस्तान में गुरुवार को आयोजित किए जाने वाले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के वार्षिक शिखर सम्मेलन से ठीक पहले बुधवार को अस्ताना में भारत और रूस के विदेश मंत्रियों के बीच एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय हुई। इसमें भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के समक्ष यूक्रेन संघर्ष के बीच वर्तमान में युद्धक्षेत्र में रूसी सेना के लिए लड़ रहे भारतीय नागरिकों के मामले को मजबूती के साथ उठाते हुए उनकी सुरक्षित स्वदेश वापसी पर जोर दिया। साथ ही दोनों के बीच वैश्विक सामरिक परिदृश्य और उसके आकलन के लिए विचारों का आदान-प्रदान किया गया। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि तीन जुलाई को अस्ताना में रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मिलकर खुशी हुई।

इसमें दोनों देशों की द्विपक्षीय भागीदारी और परंपरागत विषयों पर चर्चा की गई। पिछले साल दिसंबर 2023 से लेकर आज तक कई



मामलों की प्रगति की समीक्षा भी उक्त बैठक में की गई है। इसके अलावा युद्धक्षेत्र में रूसी सेना के साथ मिलकर लड़ रहे भारतीयों की वतन वापसी का मुद्दा भी उठाया। अपनी पोस्ट में जयशंकर ने इस मुलाकात की कुछ तस्वीरें भी साझा की हैं। रूस के विदेश मंत्रालय ने भी हैशटैग 'रसियाइंडिया' के साथ 'एक्स' पर एक पोस्ट में कुछ तस्वीरों के साथ इस मुलाकात के बारे में जानकारी साझा की है।

#### रूसी सेना में तैनात 200 भारतीय

विदेश मंत्रालय ने हाल ही में बताया था कि रूस की सेना में तैनात भारतीय नागरिकों का आंकड़ा करीब 200 है। इन्हें सुरक्षा सहायक के रूप में नियुक्त किया गया है। जून के मध्य तक चार भारतीयों की युद्धक्षेत्र में मौत हो चुकी है। इसी महीने में भारत के विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने कहा था कि रूस-यूक्रेन संघर्ष की शुरुआत के साथ ही हम रूसी तंत्र और नेतृत्व के साथ इस मामले को लेकर लगातार संपर्क में बने हुए हैं। हमारे इन प्रयासों का उद्देश्य भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इसके अलावा भारत ने मामले पर रूस से आधिकारिक रूप से भारत के लोगों की भर्ती पर रोक लगाने और उनकी जल्द से जल्द स्वदेश वापसी की मांग की है। भारत के इन प्रयासों की बदौलत जून में दस भारतीयों की रूस से वतन वापसी हो चुकी है।

### चार मोटर साइकिल, सोने की अंगूठी, चेन, पिस्टल, चार कारतूस और एक खिलौना पिस्टल बरामद

# आधा दर्जन से ज्यादा लूट की वारदात करने वाले गैंग का खुलासा, तीन बदमाश दबोचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



उत्तरी जिले की बुराड़ी पुलिस और स्पेशल स्टाफ की ज्वाइंट टीमों ने दो माह के भीतर हथियार के बल पर आधा दर्जन से ज्यादा लूट की वारदात करने वाले गैंग का खुलासा किया है। इस सिलसिले में तीन बदमाशों को अरेस्ट किया गया। इनके नाम सोनीपत हरियाणा निवासी रविंदर, मनदीप मान और जींद हरियाणा निवासी अर्जुन बताये गये हैं। बदमाशों के पास से दो चोरी की बाइक समेत चार मोटर साइकिल, सोने की अंगूठी, चेन, पिस्टल, चार कारतूस और एक खिलौना पिस्टल बरामद हुई। इस गिरफ्तारी से आधा दर्जन मामले सुलझाये जाने का दावा पुलिस ने किया है।

डीसीपी मनोज कुमार मीणा ने बताया कि 30 जून को बुराडी इलाके में लूट से जुड़ी एक कॉल मिली थी। पुलिस ने पीड़ति अरुण का बयान दर्ज किया। उसने बताया कि वह एक प्रॉपर्टी डीलर के तौर पर काम करता है। दोपहर करीब तीन बजे दो लड़के बाइक पर आए और ऑफिस में घुस पिस्टल के बल पर 50 हजार रुपए, एक चेन, सोने की अंगूठी और चांदी का कड़ा लूट ले गये। दोनों बदमाशों ने हेलमेट लगा रखा था। जांच के दौरान पुलिस की टीमों ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का विश्लेषण किया। पता चला कि स्वरुप नगर इलाके में भी इसी तरह की एक वारदात हुई हैं। सीसीटीवी ट्रेल से आरोपियों को स्थानीय सड़कों से सोनीपत, हरियाणा में प्रवेश करते हुए पाया गया। वारदात में इस्तेमाल बाइक की भी पुलिस ने पहचान कर ली। सबसे पहले रविंदर को पकड़ा गया। इससे पूछताछ के बाद उसके दो साथियों को भी अरेस्ट कर लिया गया। पूछताछ के दौरान रविंदर ने खुलासा किया कि वह पहले कैथल और सोनीपत में लूट के मामले में गिरफ्तार हो चुका है। अपने पारिवारिक दायित्वों के कारण उसने अपने दोस्तों से कर्ज लिया था। कर्ज चुकाने का उस पर दबाव था। इसी बीच उसकी मुलाकात गांव के ही रहने वाले मंदीप से हुई। उसे भी आईपीएल सट्टेबाजी के दौरान लिए गए कर्ज के भुगतान के लिए रुपयों की जरूरत थी। इन दोनों ने अर्जुन के साथ मिलकर बुराड़ी और रोहिणी एरिया में दुकानदारों के साथ लूट की साजिश रची। इनके निशाने पर ऐसे दुकानदार होते थे जो शाम के समय अकेले बैठे होते थे। एक-दो दिन की रेकी के बाद उन्हें निशाना बनाया जाता था। वारदात को अंजाम देने के लिए पहले बाइक चोरी की जाती थी। रविंदर और अर्जुन तीन केस में शामिल रहे हैं।

## दो मर्डर और रेप केस में वांटेड रहा अपराधी चढ़ा क्राइम ब्रांच के हत्थे

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच ने रेप और हत्या की कोशिश के मामले में वांछित एक घोषित अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरोपी पहले भी हत्या के दो मामले में शामिल रह चुका है। इसका नाम भलस्वा डेयरी निवासी कमल सिंह उर्फ पहाड़ी (26) बताया गया है। क्राइम ब्रांच के मुताबिक पिछले साल जून में एक लड़की को स्वरूप नगर से अगवा कर तीन लोगों ने भलस्वा डेयरी ले जाकर गैंगरेप किया था। पीड़ित किशोरी को घर लौटते समय अगवा किया था। इस केस में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया था। हालांकि मुख्य आरोपी तब से फरार था। दूसरा मामला कंझावला इलाके का है। पिछले साल 31 जुलाई और एक अगस्त की दरम्यानी रात एक महिला को गोली मारी गई थी। महिला अपने परिवार के सदस्यों के साथ घेवरा स्थित घर पर मौजूद थी। परिवार के सभी सदस्य अलग-अलग कमरों में सो रहे थे। महिला मुख्य द्वार के पास फर्श पर सो रही थी। अचानक वर्तमान आरोपी कमल सिंह सहित दो व्यक्ति बाइक पर आए और उनके मुख्य द्वार पर दो राउंड फायरिंग कर दी थी। हत्या के प्रयास का मामला मामला दर्ज होने के बाद दोनों आरोपियों की पहचान फैजान उर्फ नन्हे उर्फ कालू और कमल उर्फ पहाड़ी के रूप में हुई थी। गोलीबारी के बाद फैजान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। अब मौजूदा आरोपी को पुलिस ने दबोचा है। इसे एक सूचना पर भलस्वा डेयरी इलाके से पकड़ा गया।

## शेयर मार्केट ट्रेडिंग के नाम पर ठगी करने वाले दो जालसाज अरेस्ट

**नई दिल्ली।** द्वारका जिले की साइबर पुलिस ने दो जालसाजों को गिरफ्तार किया है। इन पर व्हाट्सएप और टेलीग्राम के माध्यम से शेयर बाजार में ट्रेडिंग के नाम पर लोगों को हाई रिटर्न का झांसा देकर ठगने का आरोप है। एक शख्स से इन्होंने लगभग छह लाख रुपये की ठगी की थी। गिरफ्तार दोनों आरोपियों के नाम संदीप साहू और अमन भावसार है। डीसीपी अंकित सिंह के अनुसार इसी साल 28 मार्च को साइबर पुलिस स्टेशन में एक शिकायत प्राप्त हुई। शिकायतकर्ता राज कुमार प्रसाद को शेयर ट्रेडिंग में पैसा निवेश करने पर हाई रिटर्न के बहाने व्हाट्सएप और टेलीग्राम के माध्यम से जालसाजों ने संपर्क किया था। इस प्रक्रिया में शिकायतकर्ता ने पांच लाख 96 हजार रुपये का निवेश किया। लेकिन उन्हें केवल 50 हजार रुपये की मिले। जब शिकायतकर्ता ने निवेश किए गए बाकी पैसे के बारे में पूछताछ की, तो जालसाजों ने उन्हें और निवेश करने के लिये कहा। बाद में खुद को ठगा महसूस करते हुये पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई। तकनीकी निगरानी और कॉल डिटेल रिकॉर्ड व बैंक स्टेटमेंट के विश्लेषण के आधार पर पुलिस अमन भावसार और संदीप साहू तक पहुंची। भावसार ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वह नीट परीक्षा की तैयारी कर रहा है और शेयर बाजार में ट्रेडिंग करता है। उसने अपने दोस्त संदीप को दोस्ती का हवाला देकर बैंक खाता खोलने के लिए तैयार किया था। खाते का संचालन भावसार करता था। अमन ने टेलीग्राम से शिकायतकर्ता राज कुमार प्रसाद का मोबाइल नंबर लिया और कई बार कॉल करने के बाद उन्हें अपनी वेबसाइट टाउनकैपिटल.इन पर शेयर बाजार में निवेश करने के लिए राजी किया था। वहां पर शिकायतकर्ता को रिटर्न के साथ उसके निवेश का डिजिटल मूल्य दिखाया जाता था, लेकिन शिकायतकर्ता के पास रकम निकालने का राइट नहीं था। दोनों आरोपी मूलरूप से एमपी के रहने वाले हैं।

## डीयू के अंग्रेजी विभाग में फीस बढ़ोत्तरी के खिलाफ़ एबीवीपी ने किया विरोध प्रदर्शन



**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने बुधवार को दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के अंग्रेजी विभाग में हुई फीस बढ़ोत्तरी के खिलाफ़ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। एबीवीपी ने प्रदर्शन कर बढ़ी हुई फीस पर विचार करते हुए इसे तत्काल प्रभाव से वापस लेने की मांग रखी एवं सभी स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में 'वन कोर्स वन फ़ीस' लागू करने की मांग रखी। एबीवीपी दिल्ली प्रांत के सह मंत्री आशीष सिंह और दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ के संयुक्त सचिव सचिन बैसला ने बताया कि दिल्ली विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग में स्नातकोत्तर के फ़ीस में अप्रत्याशित बढ़ोत्तरी हुई है। अंग्रेज़ी विभाग के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम की फ़ीस 15 हजार से बढ़कर 25 हजार हो गई है। एबीवीपी का मानना है कि इस फ़ीस बढ़ोत्तरी से दूर दराज क्षेत्र से मध्यम एवं लघु वर्गीय परिवार से आने वाले छात्रों को विभिन्न प्रकार की समस्याओं से जूझना पड़ेगा एवं इनकी पढ़ाई भी बाधित हो सकती है। एबीवीपी मांग है कि दिल्ली विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम की फीस में हुई बढ़ोत्तरी को तुरंत वापस लिया जाए तथा संपूर्ण पाठ्यक्रमों में 'वन कोर्स वन फीस' लागू किया जाए। प्रशासन को समय सीमा के भीतर वृद्धि को वापस लेने का निर्णय लेना होगा और छात्र कल्याण के पक्ष में समाधान प्रदान करना होगा।

## ऑटो ट्रांसफर व अन्य परेशानियों को लेकर परिवहन आयुक्त से मिले चालक, मिला भरोसा

**नई दिल्ली।** बुराड़ी परिवहन प्राधिकरण में ऑटो टैक्सी के ट्रांसफर व अन्य जरूरी कागजातों को लेकर आ रही परेशानियों को लेकर चालक लंबे समय से सरकार व परिवहन विभाग से कार्रवाई की मांग करते आ रहे है। इसी कड़ी में बुधवार को ऑटो-टैक्सी ट्रांसपोर्ट कांग्रेस प्रकोष्ठ दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी व ऑल दिल्ली ऑटो टैक्सी ट्रांसपोर्ट कांग्रेस यूनियन के अध्यक्ष किशन वर्मा की अगुवाई में प्रतिनिधिमंडल परिवहन आयुक्त से मिलने पहुंचा। बैठक में परिवहन आयुक्त प्रशांत गोयल, विशेष आयुक्त शहजाद आलम एवं डिप्टी कमिश्नर रामनाथन मौजूद थे। इस बारे में किशन वर्मा ने बताया कि संगठन ने करीब एक घंटे चली बैठक में चालकों की तमाम परेशानियों को विस्तार से रखा। संगठन ने आयुक्त को बताया कि ऑटो टैक्सी यूनिट में मनमानी के चलते चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यह मांग की गई है दोषी व भ्रष्ट अधिकारियों को तुरंत हटाया जाए और उनकी जांच कर कठोर कार्रवाई की जाए। क्योंकि पिछले कई महीनों से चालकों के वाहन संबंधी दस्तावेजों का कार्य नहीं हो पा रहा है। वर्मा ने बताया कि संगठन की तरफ से कई अन्य मुद्दों पर आयुक्त को जानकारी दी। पूरी बात सुनने के बाद आयुक्त ने प्रतिनिधिमंडल को भरोसा दिया है कि इस मामले पर गंभीरता से संज्ञान लेते हुए उचित कार्रवाई की जाए। वर्मा के अनुसार आयुक्त ने भरोसा दिश है कि चालकों के जितने भी रुके हुए कार्य है उन्हें अगले 15 दिन में पूरा कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि संगठन बाद में परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत से मिलने से मिलने सचिवालय गया लेकिन उन्हें अंदर तक नहीं घुसने दिया गया। जिससे नाराज प्रतिनिधिमंडल ने सचिवालय के बाहर विरोध स्वरूप नारेबाजी की।

## सीएम के जेल में होने की वजह से अपेक्स कमेटी की नहीं हुई बैठक, दिल्ली बाढ़ के मुहाने पर: देवेंद्र

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के जले में होने के कारण अपेक्स कमेटी की बैठक नहीं हुई, जिसके चलते दिल्ली बाढ़ के मुहाने पर है। इसलिए फ्लड कंट्रोल के संबध में अपेक्स कमेटी की बैठक जल्द से जल्द बुलाई जाए। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष 2023 में आई विध्वंसकारी बाढ़ की तबाही से दिल्ली सरकार ने अब तक कोई सीख नहीं ली है। बाढ़ नियंत्रण के लिए अपेक्स कमेटी की बैठक मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में होनी निर्धारित है, जिसमें चयनित विधायकों, लोकसभा व राज्यसभा सांसदों की उपस्थिती तथा विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति जरुरी होती है। उन्होंने कहा कि यह फ्लड कंट्रोल ऑर्डर 2024 के मुताबिक अपेक्स कमेटी की बैठक जून के अंतिम सप्ताह में आयोजित होनी थी जो मुख्यमंत्री केजरीवाल के जेल में होने के कारण नही हुई। उन्होंने कहा कि 28 जून को मानसून के पहली बारिश में ही दुनिया ने भ्रष्टाचार की वजह से दिल्ली को डूबते हुए देखा है। दिल्ली में बाढ़ का मुख्य कारण ड्रेनेज सिस्टम का बेहद पुराना होना, नदी के तलहटी में गाद का जमा होना, यमुना नदी पर तमाम बांध का निर्माण, दिल्ली के 22 किलोमीटर के दायरे में 25 ब्रिज का होना है, जिसके चलते वर्षा जल बिना अवरोध के बहाव बड़ी समस्या बनती है। उन्होंने कहा कि वजीराबाद पौंड में गाद की वजह से उसकी जलग्रहण क्षमता कम हो गई है। वर्ष 2013 के बाद से इसकी सफाई नहीं हुई है। अपर यमुना बेसिन में मानसून की अत्याधिक बारिश तथा पड़ोसी राज्यों द्वारा यमुना में पानी छोड़े जाने से दिल्ली में बाढ़ आ सकती है, क्योंकि पिछले वर्ष 2023 में हथनीकुंड बराज से मात्र 3.6 लाख क्यूसेक पानी छोड़ने से ही बाढ़ आई थी, जो दिल्ली सरकार की प्रशासनिक विफलता के हुआ।


## दिवाली स्पेशल हाउसिंग स्कीम 2023 के फ्लैट के आवंटियों को डीडीए दे रही दी छूट!

**नई दिल्ली।** दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने दिवाली स्पेशल हाउसिंग स्कीम 2023 के फ्लैट के आवंटियों को कब्जा देने को तैयार है। जिसके लिए संबंधित आवंटियों को डीडीए ने विशेष छूट देने की पेश की है। जिसके तहत डीडीए ने सेक्टर-19 बी द्वारका के फ्लैट आवंटियों का छूट देते हुए कहा है कि आप दिवाली स्पेशल हाउसिंग स्कीम 2023 के लिए शेष 25 प्रतिशत का भुगतान करें और अपना कब्जा पत्र प्राप्त करें। इस बारे में डीडीए के हाउसिंग स्कीम से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि गत वर्ष की दिवाली स्पेशल हाउसिंग स्कीम 2023 के फ्लैट के सेक्टर-19 बी द्वारका आवंटियों को विशेष छूट दी जा रही है। जिसमें सफल आवंटी अपने शेष 25 प्रतिशत भुगतान का आगामी 29 अगस्त 2024 तक जमा करने पर ब्याज देने की जरूरत नहीं है। इस भुगतान के साथ ही संबंधित आवंटी को कब्जा पत्र जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। अधिकारी ने बताया कि वहीं डीडीए ने दूसरे अवसर में आवंटी को ब्याज सहित शेष भुगतान के लिए अंतिम समय सीमा 28 सितंबर 2024 तय की है। अधिकारी ने बताया कि सेक्टर-19बी, द्वारका में आवंटित सभी फ्लैट अब पूरी तरह से आवंटियां को सौंपे जाने के लिए तैयार हैं, जिसके लिए आवंटियों को डीएलए में मांगी गई राशि का शेष 25 प्रतिशत भुगतान करना होगा। जिससे की सभी कोडल औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद जल्द से जल्द कब्जा पत्र जारी करने में सुविधा हो और सफल लोगों को कब्जा दिया जा सके। बता दें कि डीडीए ने दिवाली स्पेशल हाउसिंग स्कीम 2023 (एफसीएफएस और ई-नीलामी) गत वर्ष लॉन्च की थी।

## दुकान से टकराई बेकाबू कार, दो घायल

**नई दिल्ली।** साउथ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के सरोजिनी नगर मार्केट में एक वैगनआर कार बेकाबू होकर दुकान से जा टकराई। इस हादसे में दुकान का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। दो युवक भी हादसे में घायल हुये हैं। उन्हें सफदरजंग अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने कार को जब्त कर आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया है। डीसीपी रोहित मीणा ने बताया कि हादसा मंगलवार को दिन में साढ़े 11 बजे हुआ। सरोजिनी नगर मिनी मार्केट की शॉप नंबर तीन में वैगरआर कार जा घुसी। इस हादसे में घायल हुये दोनों युवकों के नाम प्रवीण कुमार और बबलू हैं। दोनों सरोजिनी नगर और पिलंजी गांव के रहने वाले हैं। हादसे के तुरंत बाद कार चालक युवक मौके से भाग गया था। अस्पताल में घायलों के बयान दर्ज किये गये। बाद में फरार कार चालक को भी गिरफ्तार कर लिया गया। हादसा किस वजह से हुआ इसकी जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि घायल हुये दोनों युवक शॉप में ही काम करते हैं।


## गुमशुदा/अपहृत की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की नाम **नेहा** पुत्री **सतेन्द्र पासवान** निवासी ए–34, चोपड़ा का मकान, आजादपुर गांव, दिल्ली है। जिसका ब्यौरा इस प्रकार है **उम्रः** 15 वर्ष, **कदः** 5'2'', **रंगः** साफ, **चेहराः** अण्डाकार, **शरीरः** पतला, **बालः** लम्बे काले, **आंखेः** काली, **कपड़ेः** पीले रंग का कुर्ता व महरून रंग की पलाजो और पैरों में हवाई चप्पल पहनी है। जो कि अपने घर से दिनांक 21.06.2024 को दोपहर 3:00 बजे से लापता/अगवा है। इस संदर्भ में **FIR No. 398/2024 U/s 363 IPC, दिनांक 26.06.2024 को थाना आदर्श नगर, दिल्ली में दर्ज है।**

हर संभव कोशिश के बाद भी इस लड़की का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। अगर किसी को इस लड़की के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें।

**थानाध्यक्ष**
**थाना आदर्श नगर, दिल्ली**
**फोनः 011-27674452, 8750870229**

वेबसाइटः http://cbi.nic.in
ई–मेलः cic@cbi.gov.in
फैक्सः 011-24368639
फोन नं.: 011-24368638, 24368641
**DP/8320/NW/2024**


# डीसीडब्ल्यू सदस्य वंदना सिंह ने आप प्रवक्ताओं की तरह पेश आने पर सहयोगियों की आलोचना की

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) की सदस्य वंदना सिंह ने डीसीडब्ल्यू की अन्य दो सदस्य किरन नेगी और फिरदौस खान पर आम आदमी पार्टी के प्रवक्ता के रूप में कार्य करने का आरोप लगाया है। वंदना ने कहा कि उन्होंने पूर्व डीसीडब्ल्यू प्रमुख स्वाति मालीवाल के बारे में अपने पत्र में गलत जानकारी और राजनीतिक झूठ फैलाए हैं। उन्होंने कहा कि स्वाति मालीवाल के नेतृत्व में डीसीडब्ल्यू ने बड़े स्तर पर सफलता प्राप्त की, जिसमें 1.7 लाख से अधिक शिकायतों का निपटारा, 181 महिला हेल्पलाइन के माध्यम से 41 लाख से अधिक कॉल प्राप्त करना, और हजारों बचाव अभियानों, अदालत की सुनवाइयों, और परामर्श सत्रों का आयोजन शामिल है। मालीवाल के अथक और निष्पक्ष प्रयासों के बावजूद, आयोग अब दिल्ली सरकार से महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना कर रहा है, जिसमें नेतृत्व की रिक्तियां, रोके गए फंड, और 181 महिला हेल्पलाइन का निलंबन करना शामिल है। वंदना ने मोबाइल हेल्पलाइन प्रोग्राम की प्रभारी किरण नेगी से आग्रह किया कि 181 महिला हेल्पलाइन को बंद करने से मोबाइल हेल्पलाइन प्रोग्राम पर भी प्रभाव पड़ेगा। सिंह ने अफसोस जताया कि नेगी और फिरदौस ने अपने टीम के समर्थन के बजाय राजनीतिक हितों को चुना। वंदना सिंह ने सवाल किया कि दिल्ली सरकार ने आयोग के कर्मचारियों की सुरक्षा और वेतन भुगतान सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए हैं। यह असंभव है कि डब्ल्यूसीडी विभाग में सभी गलत काम बिना दिल्ली सरकार की संलिप्तता के हो रहे हैं।

### मालीवाल के खिलाफ झूठा आरोप लगाने के लिए डाला गया था दबाव

वंदना सिंह ने खुलासा किया कि उन्हें भी आप सरकार द्वारा मालीवाल के खिलाफ झूठे आरोप लगाने के लिए दबाव डाला गया था, जिसके बदले में आयोग में विस्तार और वेतन जारी करने की पेशकश की गई थी, जिसे उन्होंने अस्वीकार कर दिया। उन्होंने इस समय में आयोग के 700 कर्मचारियों, काउंसलरों और वकीलों के साथ खड़े होने की आवश्यकता पर जोर दिया। वंदना ने कहा कि पूर्व अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने 2 जुलाई, 2024 को मुख्यमंत्री का ध्यान इन मुद्दों की ओर आकर्षित किया था।

### कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए दिल्ली सरकार ने नहीं की कोई कार्रवाई

वंदना सिंह ने दोनों सदस्यों की आलोचना करते हुए कहा कि उन्होंने आयोग की समस्याओं के लिए उपराज्यपाल को दोषी ठहराया, जबकि दिल्ली सरकार ने कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए कोई कार्रवाई नहीं की। उन्होंने इस दावे का खंडन किया कि 181 महिला हेल्पलाइन उपराज्यपाल द्वारा फंड जारी न करने के कारण रुकी थी, यह बताते हुए कि डब्ल्यूसीडी मंत्री कैलाश गहलौत ने स्वयं घोषणा की थी कि हेल्पलाइन अब डब्ल्यूसीडी द्वारा संचालित की जाएगी।

## एनडीएमसी ने प्रस्तावों को दी मंजूरी : उपाध्यक्ष

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने बुधवार को आयोजित अपनी परिषद की बैठक में अपने समक्ष रखे गए एजेंडे में विभिन्न प्रस्तावों पर विचार किया और पारदर्शिता, स्थिरता और छात्र कल्याण के लिए प्रस्तावों को मंजूरी दी। एनडीएमी उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने बुधवार को यह जानकारी दी। बैठक की कार्यवाही शुरू करने से पहले, एनडीएमसी के उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने नव निर्वाचित सांसद बांसुरी स्वराज को एनडीएमसी के सदस्य के रूप में शपथ दिलाई और उसके बाद, नवनियुक्त अध्यक्ष नरेश कुमार को एनडीएमसी के अध्यक्ष के रूप में शपथ दिलाई।


## पहचान की अपील



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति (फोटो में दर्शाया गया) जिसका नाम **अज्ञात**, निवास और परिवार **अज्ञात** है, जो **दिनांक 01.07.2024** को दोपहर **11:59 बजे सराये रोहिल्ला रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नं. 1 अप लाइन, किमी पोल नं. 20/9-20/11** पर मृत अवस्था में पड़ा मिला। इस संदर्भ में एक एफआईआर नं. /डीडी नं. **15ए, दिनांक 01.07.2024 को थाना सराये रोहिल्ला रेलवे स्टेशन, दिल्ली** में रिपोर्ट दर्ज है। मृत शरीर को पहचान के लिए सब्ज़ी मंडी के मुर्दाघर में 72 घंटे के लिए संरक्षित रखा गया है। जिसका हुलिया नीचे दिया गया हैः-

**लिंगः** पुरुष, **आयुः** लगभग 35-40 वर्ष, **कदः** 5' 6" फीट, **रंगः** सांवला, **चेहराः** अण्डाकार, **शरीरः** पतला, **पहनावाः** काले रंग की पैंट और चैकदार शर्ट पहनी है।

मृतक के बारे में कोई जानकारी या सुराग रखने वाला कोई भी व्यक्ति निम्नलिखित पते या टेलीफोन नंबर पर सूचित करेंः-

**थाना प्रभारी**
**थानाः सराये रोहिल्ला रेलवे स्टेशन, दिल्ली**
**फोनः 011-28711697**
**मो.: 8750871308**

**वेबसाइटः http://cbi.nic.in**
**ई-मेलः cic@cbi.gov.in**
**टेली. न.: 011-24368638/24368641**
**फैक्स नं.: 011-24368639**
**DP/8536/Rly/2024**


### 10 दिन के भीतर शुरू हो सकता है मोहल्ला बसों का ट्रायल

# जल्द ही दिल्ली की सड़कों पर दौड़ती नजर आएंगी मोहल्ला बसें

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली की सड़कों पर जल्द ही मोहल्ला बसें दौड़ती नजर आएंगी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अगले सप्ताह इन बसों को ट्रायल सड़कों पर शुरू हो जाएगा। और इस माह के अंत तक बसें सड़कों पर दौड़ने लगेंगी।

गौरतलब है कि दिल्ली सरकार ने 2025 तक दिल्ली की सड़कों पर 2180 मोहल्ला बसों की चलाने की घोषणा की हुई है। ये बसें फीडर बसों जैसी ही सेवाएं देंगी। इन्हें लास्ट माइल कनेक्टविटी के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। उदाहरण के तौर पर मेट्रो से नजदीक के एरिया के लिए लोगों को पहुंचाने और लाने के लिए इन बसों का इस्तेमाल किया जाएगा। 9 मीटर लंबी इन बसों में महिलाओं के लिए 25 प्रतिशत सीटें आरक्षित होंगी। सूत्रों के अनुसार इन बसों का निरीक्षण अगले तीन दिनों में पूरा कर लिया जाएगा। फिर इसके बाद इनका ट्रायल शुरू हो जाएगा। ट्रायल पूरा होते ही इन सड़कों को आम जनता की सेवा में सड़कों पर उतार दिया जाएगा। एक सूत्र ने बताया कि बस का निरीक्षण का कार्य इस समय मानेसर में चल रहा है। मंत्री ने बस की समीक्षा के लिए एक समिति भी बनाई है। समिति में डीआईएमटीएस, डीटीसी और परिवहन विभाग के अधिकारी शामिल हैं। परीक्षण के बाद उत्पादन क्षमता के आधार पर, मैन्युफैक्चरिंग कंपनी को आदेश दिए जाएंगे। बसों की शुरुआती बैच मिलते ही योजना शुरू कर दी जाएगी।

दिल्ली सरकार द्वारा संचालित 7,582 बसों में प्रतिदिन 40 लाख से अधिक ( बस ट्रिप) यात्री सफर करते हैं। इन 9-मीटर लम्बी मोहल्ला बसों में 23 यात्री सीटें हैं और इन्हें छोटे मार्गों के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिससे दिल्ली में आसानी से लास्ट-माइल कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी।

## अब लेन में न चलने वाली बसों का चालान कर सकेंगे एटीआई, मंत्री ने किया अनुमोदन

**नई दिल्ली।** अब दिल्ली में लेन में न चलने वाली बसों का चालान डीटीसी के सहायक यातायात निरीक्षक (एटीआई) रैंक के अधिकारी काट सकेंगे। इसका अनुमोदन परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने कर दिया और प्रस्ताव को मंजूरी के लिए उपराज्यपाल को भेज दिया है। परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा कि लेन उल्लंघन के लिए चालान जारी करने के लिए सहायक यातायात निरीक्षकों को सशक्त बनाना सड़क सुरक्षा बढ़ाने और यह सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है कि बसें यातायात नियमों का पालन करें। इस उपाय से न केवल यातायात प्रवाह में सुधार होगा बल्कि दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी। हम सभी यात्रियों के लिए दिल्ली की सड़कों को सुरक्षित और अधिक व्यवस्थित बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसके तहत, एटीआई को मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 177, 184 और 192ए के तहत उल्लंघन करने वाली बसों को चालान जारी करने के लिए अधिकृत किया जाएगा।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी भिवानी | बाढड़ा निर्वाचन क्षेत्र जिला चरखी दादरी में गांव चांगरोड से दुधवा तक एल/आर का निर्माण (रोड आईडी एच-10839) - 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 11.07.2024 | 1.81 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 1664242782 [illegible] |
| 2 | एचएसएएमबी भिवानी | लोहारु निर्वाचन क्षेत्र जिला भिवानी में गांव सेरला से ब्रहल- ओबरा रोड तक सम्पर्क सड़क का निर्माण (आईडी-11249) + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 08.07.2024 | 99.22 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664242782 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2025/40/27450/I/88/7 दि. 03.07.24

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका नांगल चौधरी | वार्ड नं. 1 में ढाणी बंधा वाली में राजसिंह पुत्र कान्हीराम से बिरेन्द्र के मकान से भूप सिंह तक रोड का निर्माण + 29 कार्य। | बंद होने की तिथि 08.07.2024 | 2.13 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 9812892869 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2025/40/27445/I/88/7 दि. 03.07.24

## दिल्ली भाजपा ने राहुल गांधी के हिन्दू विरोधी ब्यान के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन

# जब तक राहुल गांधी माफी नहीं मांगते तब तक भाजपा का संघर्ष रहेगा जारी : सचदेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली






जब तक राहुल गांधी माफी नहीं मांगते तब तक भाजपा का विरोध प्रदर्शन का यह संघर्ष जारी रहेगा। राहुल गांधी तो खुद पश्चिमी सभ्यता के बीच पले बढ़े हैं, वे हिंदू संस्कृति को कभी नहीं समझ सकते। राहुल गांधी ने पूरी भारतीय संस्कृतिक को गाली दी है और उन्हें देश के लोगों से माफी मांगनी ही पड़ेगी। इस बात को लेकर हम दिल्ली के हर घर तक लेकर जाएंगे और सभी को राहुल गांधी के इस बयान से अवगत कराएंगे। प्रदेश भाजपा द्वारा कांग्रेस मुख्यालय के समीप राहुल गांधी के हिन्दू विरोधी ब्यान के खिलाफ आयोजित किए गए विरोध प्रदर्शन के दौरान दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए यह संबोधन दिया। इस दौरान उन्होंने राहुल गांधी को देश के हिंदुओं से माफी मांगने की मांग की। प्रदेश भाजपा के अनुसार प्रदर्शनकारियों ने पुलिस द्वारा लगाए गए बेरिगेट्स को तोड़कर कांग्रेस मुख्यालय की ओर बढ़ने की कोशिश की जिसके बाद दूसरे बेरिगेट्स के सामने उन्हें रोका गया और पुलिस ने प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा, सांसद तेजस्वी सूर्या, प्रदेश युवा मोर्चा अध्यक्ष सागर त्यागी एवं अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष अनिस अब्बासी सहित अन्य पदाधिकारियों को डिटेन कर तिलक मार्ग थाने ले गई जहां से कुछ देर बाद चेतावनी देकर छोड़ दिया। विरोध प्रदर्शन में भाजयुमो अध्यक्ष एवं सांसद तेजस्वी सूर्या, सांसद मनोज तिवारी, योगेन्द्र चंदोलिया एवं बांसुरी स्वराज, पार्टी के वरिष्ठ नेता सरदार अरविंदर सिंह लवली, विष्णु मित्तल, लता गुप्ता, निगम में नेता विपक्ष सरदार राजा इकबाल सिंह, सुमीत भसीन, प्रवीण शंकर कपूर, विनोद सहरावत सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### भाजपा सांसदों ने राहुल पर साधा निशाना

सांसद तेजस्वी सूर्या ने कहा कि जिसके पिता ने अपने आप को हिंदू बाई एक्सिडेंट कहा हो, उसके बेटे से हमें ऐसी ही उम्मीद है। जिस हिन्दू धर्म ने 5000 वर्ष से अधिक के समय से समाज को सौहार्द और शांति का मंत्र दिया हो, ऐसे हिंदू समाज को अपमानित करने की साजिश राहुल गांधी ने की है। सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि अब चिंतन करने की जरुरत है कि क्या ऐसे ही हिंदू समाज अपना अपमान सहता रहेगा। सांसद योगेंद्र चंदोलिया ने कहा कि देवी देवताओं का अपमान करना एक साजिश है जो एक विशेष वर्ग को खुश करने के लिए राहुल गांधी ने सदन के अंदर की है। सांसद बांसुरी स्वराज ने कहा कि चुनावी हिन्दू राहुल गांधी हिंदुओं के वसुधैव कटुंबकम के मंत्र को नहीं समझेंगे। वहीं, भाजपा नेता अरविंदर सिंह लवली ने कहा कि दिल्ली एवं देश की जनता अब हिन्दुओं के अपमान के लिए राहुल गांधी को कभी माफ नहीं करेगी।

## केजरीवाल की जमानत याचिका पर कल होगी सुनवाई

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को कहा कि कथित आबकारी नीति घोटाले के सिलसिले में सीबीआई द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत याचिका पर वह पांच जुलाई को सुनवाई करेगा। केजरीवाल के वकील ने कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ के समक्ष तत्काल सुनवाई के लिए मामले का उल्लेख किया, जिस पर अदालत ने कहा कि इस पर शुक्रवार को सुनवाई की जाएगी। केजरीवाल की ओर से पेश हुए अधिवक्ता रजत भारद्वाज ने कहा कि उपयुक्त कानूनी प्रक्रिया का पालन किये बिना याचिकाकर्ता को अवैध हिरासत में लिया गया और उन्होंने जमानत याचिका दायर की है। वकील ने याचिका पर सुनवाई के लिए बृहस्पतिवार का दिन तय करने का आग्रह किया, जिस पर न्यायमूर्ति मनमोहन ने कहा कि न्यायाधीश को कागजात देखने दीजिए। इसके एक दिन बाद हम सुनवाई करेंगे। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक को 26 जून को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज धन शोधन मामले के सिलसिले में केजरीवाल वहां अब भी न्यायिक हिरासत में हैं।

## आबकारी घोटाला : अदालत ने सिसोदिया, के. कविता की न्यायिक हिरासत बढ़ाई

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को कथित आबकारी घोटाले से जुड़े धन शोधन के एक मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता की न्यायिक हिरासत 25 जुलाई तक बढ़ा दी। दोनों को न्यायिक हिरासत की अवधि खत्म होने पर वीडियो कांफ्रेंस के जरिए पेश किया गया था। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने उनकी हिरासत अवधि बढ़ाने का आदेश दिया।

## सामूहिक भागीदारी से ही डेंगू की समस्या पर पाया जा सकता है काबू : महापौर

नई दिल्ली। डेंगू पर काबू पाना एक मुख्य चुनौती है और सामूहिक भागीदारी से ही इस समस्या पर काबू पाया जा सकता है। दिल्ली नगर निगम की महापौर डॉ शैली ओबरॉय ने बुधवार को करोल बाग जोन के इंद्रपुरी में डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया को लेकर जागरूकता अभियान का शुभारंभ करने के बाद यह संबोधन दिया। इस मौके पर महापौर ने लोगों से दिल्ली नगर निगम द्वारा चलाये जा रहे डेंगू रोधी कार्यक्रम में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि डेंगू जन-जागरूकता अभियान कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य डेंगू की रोकथाम और उसके नियंत्रण उपायों के बारे में जनता को शिक्षित व जागरूक करना है और स्वच्छ और मच्छर मुक्त वातावरण बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया। इस मौके पर महापौर के अलावा विधायक दुर्गेश पाठक ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। इनके अलावा क्षेत्रीय पार्षद ज्योति गौतम सहित करोल बाग जोन के सभी वार्डों के रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्य, निगम अधिकारी तथा काफी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे। विधायक दुर्गेश पाठक ने डेंगू के प्रसार से निपटने में सामुदायिक भागीदारी की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला और सार्वजनिक स्वास्थ्य व सुरक्षा के लिए निगम प्रशासन की प्रतिबद्धता दोहरायी।

## आतिशी ने मानसून कंट्रोल रूम का किया निरीक्षण

नई दिल्ली। लोक निर्माण विभाग मंत्री आतिशी ने बुधवार को पीडब्ल्यूडी हेडक्वार्टर स्थित सेंट्रलाइज्ड मानसून कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने जलजमाव की आई शिकायतों को स्वयं मॉनिटर किया, कंट्रोल रूम के डेटा से उसे क्रॉस-चेक किया साथ ही जीपीएस के ज़रिए शहर भर में तैनात मेंटेनेंस गाड़ियों को भी ट्रैक किया। वहीं मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए उन्हें रिपोर्ट सौंपी जाए कि आज दिल्ली भर में किन जगहों से जलभराव की समस्याएं आई है और उसके निदान के लिए विभाग ने क्या कदम उठाये है। साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी सुनिश्चित करें कि जलभराव की शिकायत आने पर जल्द से जल्द उसका निवारण हो और लोगों को समस्या का सामना न करना पड़े। आतिशी ने कहा कि आधुनिक कंट्रोल रूम के जरिए विभाग को जलजमाव वाले स्थानों को पहचान कर वहां तुरंत एक्शन लेने में मदद मिल रही है। अधिकारियों ने पीडब्ल्यूडी मंत्री को बताया कि ये कंट्रोल रूम के सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से दिल्ली के गंभीर जलभराव वाले क्षेत्रों पर 24 घंटे नजर रखी जाती है। साथ पीडब्ल्यूडी ने 8130188222 पर व्हाट्सप नंबर और 011-23490323, 1800110093 नंबर जारी किए हैं जिन पर कॉल कर जलभराव की शिकायत दर्ज करवायी जा सकती है। दर्ज शिकायत संबंधित इलाके के इंजीनियर को भेज दी जाती है और वह अपनी टीम को समस्या वाले स्थान पर भेजता है। समस्या दूर करने के बाद टीम उसकी रिपोर्ट कंट्रोल रूम में भेजती है।

## शिक्षकों के तबादले का मामला : मंत्री ने शिक्षा सचिव और शिक्षा निदेशालय को जारी किया कारण बताओ नोटिस

नई दिल्ली। दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी ने 5 हजार शिक्षकों के तबादले रोकने के प्रभारी मंत्री के आदेश की अवहेलना करने पर बुधवार को शिक्षा सचिव और शिक्षा निदेशालय को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। गौरतलब है कि दिल्ली के शिक्षा मंत्री ने 1 जुलाई 2024 को लिखित आदेश में निर्देश दिया था कि किसी भी शिक्षक का तबादला सिर्फ इसलिए नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि उसने किसी विशेष स्कूल में 10 साल से अधिक का कार्यकाल पूरा कर लिया है। भारत के संविधान के अनुच्छेद 239 एए का हवाला देते हुए, शिक्षा मंत्री ने उल्लेख किया कि दिल्ली की निर्वाचित सरकार राज्य सूची और समवर्ती सूची में सूचीबद्ध मामलों के संबंध में कार्यकारी शक्तियों का प्रयोग करती है।

### तबादले से शिक्षकों में रोष

नई दिल्ली। रातों रात पांच हजार शिक्षकों के तबादले से दिल्ली सरकार के शिक्षकों में रोष व्याप्त है और इसे लेकर राजकीय विद्यालय शिक्षक संघ के महासचिव अजय वीर यादव ने उपराज्यपाल वीके सक्सेना और दिल्ली सरकार के शिक्षा निदेशक को पत्र लिखा है। उन्होंने बुधवार को बताया कि मंगलवार आधी रात को लगभग पांच हज़ार शिक्षकों के तबादले के आदेश शिक्षा विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड हुए, जिसे देखकर सभी शिक्षक अचंभित रह गए। यादव ने बताया कि इस बार वार्षिक तबादला नीति में बिंदु नंबर 16 के तहत दस वर्ष से अधिक एक विद्यालय में कार्यरत शिक्षकों का अनिवार्य रूप से तबादला करने के निर्देश दिए गए थे। लेकिन जब शिक्षा निदेशक को कई तर्क दिए गए तो शिक्षा निदेशक संतुष्ट हुए और मौखिक आश्वासन देते हुए कहा कि वह अनिवार्यता की शर्त को लागू नहीं करेंगे। लेकिन तबादले से शिक्षक तनाव में हैं। उन्होंने कहा कि ट्रांसफर के लिए मुख्यालय के चक्कर काटते-काटते भ्रष्टाचार के शिकार बनेंगे। इस पर महासचिव ने उपराज्यपाल और शिक्षा निदेशक से मिलने का समय भी मांगा है।

## कमला मार्केट में लीक पाइप लाइन से व्यापारी परेशान, दुकान गोदामों में भरा पानी

नई दिल्ली। पुरानी दिल्ली की प्रसिद्ध कमला मार्केट के सैकड़ों दुकानदारों व व्यापारियों को इन दिनों जहां बरसाती जलभराव से दो चार होना पड़ रहा है। वहीं जल बोर्ड की पाइप लाइन की लीकेल ने भी परेशान कर रखा है। इस बारे में दिल्ली गुड्स ट्रांसपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष राजेंद्र कपूर ने कहा कि कमला मार्केट में पानी की लाइन में लीकेज की वजह से दुकान व गोदाम जलमगन हो रहे है। बार बार शिकायत करने के बावजूद कहीं सुनवाई नहीं हो रही। उन्होंने बताया कि यह तो तब है जब कमला मार्केट दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) मुख्यालय से बिल्कुल सटी हुई है। उन्होंने बताया कि यहां से गुजर रही पीने के पाइप लाइन में लीकेज के चलते हुए जलभराव से ट्रांसपोर का माल खराब हो रहा है। दुकानों में पानी भर जाने से ट्रांसपोर्टर, कर्मचारी, मजदूर और ग्राहकों के लिए बैठने तक की जगह नहीं बची है।

## जलभराव या मच्छरों के प्रजनन को रोकने में विफल रही एमसीडी : भाजपा

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम प्रशासन खुले क्षेत्रों में जलभराव या मच्छरों के प्रजनन को रोकने में विफल रही, जिससे 2023 में डेंगू के मामलों में असामान्य वृद्धि हुई। दिल्ली भाजपा प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने बुधवार को यह बात कही। उन्होंने महापौर डॉ. शैली ओबरॉय द्वारा डेंगू जागरूकता अभियान शुरू करने के कदम को स्वागत योग्य बताया। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत परिवार या समूह आवास सोसायटी अपने आवासीय क्षेत्र में जलभराव या मच्छरों के प्रजनन को रोकने का काम कर सकते हैं लेकिन खुले क्षेत्रों में जलभराव या मच्छरों के प्रजनन को रोकना एमसीडी का कर्तव्य है। 2023 में डेंगू के प्रसार को रोकने में एमसीडी की विफलता इतनी गंभीर थी कि उसने डेंगू मामलों और मौतों का डाटा जारी करना बंद कर दिया है और लोग महसूस करते हैं कि अगर एमसीडी डेंगू डाटा जारी करना शुरू नहीं करती है तो इसका मतलब होगा कि यह फिर से डेंगू के प्रसार को रोकने में अपनी जिम्मेदारी निभाने में विफल हो रही है।

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ
Government of Haryana

ADMISSIONS
BACHELOR OF PHARMACY
in all Govt./ Private Universities and Institutions of Haryana
FOR SESSION 2024-25

Apply online at techadmissionshry.gov.in

COURSE
B. PHARMACY 4 YEARS
ELIGIBILTY
• 10+2 with PCB or PCM with English
BASIS OF ADMISSION
Inter-se-Rank of Online Common Entrance Test (OCET)-2024 to be conducted by HSTES, Panchkula

Registration for Admission
(for the session 2024-25)
Last date of Registration : 16.07.2024*
* Only the candidates appeared in OCET-2024 participate in the online centralized Counselings

Schedule of Online Common Entrance Test (OCET - 2024)
23.07.2024 to 27.07.2024

Please visit
www.hstes.org.in
(for B.Pharmacy Prospectus, Admission Schedule & Important Notices)
www.techadmissionshry.gov.in
(for applying online and further details)

Scan QR code for Registration (Session 2024-25)

Impetus to Join B. Pharmacy in Haryana
• 25% Horizontal reservation for girl candidates
• 5% Seats for Tuition Fee Waiver (TFW) Scheme
• 10% Seats for Economical Weaker Section (EWS)

Directorate of Technical Education, Haryana
under the Ambit of Deptt. of Higher Education, Govt. of Haryana
1800-137-3735 (toll-free)
onlineadmissionhelp@gmail.com

Information, Public Relations and Languages Department, Haryana www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

### 1 जुलाई को आधार मानकर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम

# निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार आवासीय सोसायटी में जल्द बनाए जाएंगे नए मतदाता बूथ

### डीसी के साथ नए बूथों के गठन को लेकर आरडब्ल्यूए के साथ मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहाकि मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए नए बूथों का गठन करना जरुरी है। उपायुक्त विक्रम सिंह ने आज नये बूथों के गठन को लेकर रेजीडेंट वैल्फेयर एसोसिएशनों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि निर्वाचन आयोग की हिदायतों के तहत आवश्यकतानुसार जिला प्रशासन द्वारा हर मतदाता को मतदान के लिए बूथ तक पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे है। बहुमंजिला इमारतों की सोसायटियों और जिला में जहां 1400 मतदाताओं से अधिक संख्या वाले मतदान केन्द्र हैं, वहां अतिरिक्त बूथ स्थापित किए जाएंगे। इस बारे उन्होंने आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों के सुझाव जानकर कहा कि जिस भी सोसाइटी में 500 से अधिक मतदाता है और उनके मतदान केंद्र अधिक दूरी पर है ऐसे मतदाताओं की सहूलियत के लिए सोसाइटियों में ही नए बूथ स्थापित किए जाएंगे। इसके लिए उन्होंने आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों से सोसाइटी में क्लब हाउस या अन्य जगह देने के लिए कहा जिस पर अधिकतर आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों ने इस कदम को सराहनीय मानते हुए जगह उपलब्ध करवाने की बात कही।





#### मतदाता ऑनलाइन माध्यम से सूची में अपना वोट देखें

उपायुक्त आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों से अपील की कि वह अपनी अपनी सोसायटियों में रहने वाले लोगों से अपील करें की वह ऑनलाइन माध्यम से अपने वोट चेक करें और उनका वोटर लिस्ट में नाम पता सही नहीं है अथवा अन्य किसी प्रकार की कोई त्रुटि हो तो समय रहते उसे ठीक करा ले। परिवार में किसी व्यक्ति की मृत्यु हो गयी हो या कोई परिवार किसी दूसरे स्थान पर चला गया हो तो बीएलओ को इसकी जानकारी दे। उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि 25 जुलाई से 9 अगस्त 2024 तक वोटर लिस्ट संशोधन करने के लिए कैंप लगाए जाएंगे। इसके साथ ही 1 जुलाई 2024 को आधार तिथि मानकर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसके तहत बीएलओ घर-घर जाकर मतदाता सूची को दुरूस्त करने का कार्य कर रहे हैं। अतिरिक्त मतदान केंद्र बनवाने के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय और सम्बन्धित विधान सभा क्षेत्रों के एईआरओ कार्यालय में यथाशीघ्र आवेदन जरूर करें। बैठक में एसडीएम फरीदाबाद शिखा अंतिल, एसडीएम बडख़ल अमित मान, सीटीएम अंकित कुमार सहित रेजीडेंट वैल्फेयर एसोसिएशनों के पदाधिकारी मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### हिंडन एयरपोर्ट से जल्द अयोध्या के लिए फ्लाइट

**गाजियाबाद ।** हिंडन एयरपोर्ट प्राधिकरण के नवागत निदेशक उमेश यादव ने अयोध्या के लिए उड़ान सेवा शुरू करने की कवायद तेज कर दी है। जल्द एयरलाइंस कंपनी उड़ान सेवा शुरू करने को एयरपोर्ट का सर्वे कर सकती है।कुछ दिन पहले एअर इंडिया एक्सप्रेस एयरलाइंस कंपनी ने हैदराबाद, गोवा, बेंगलुरु, चेन्नई और कोलकाता के लिए उड़ान शुरू करने के लिए सर्वे किया था।



### हाथरस सत्संग हादसा: फरीदाबाद के 2 की मौत

**फरीदाबाद।** हाथरस में सत्संग के दौरान मची भगदड़ में फरीदाबाद की 2 महिलाओं की मौत हुई। मृतकों की पहचान लीला व सरोज के रूप में हुई है। तीनों के शव उनके घर पहुंचे। यह सभी महिलाएं पहली जुलाई को बस में सत्संग सुनने हाथरस गईं थी। परिजनों वीरपाल गौतम और प्रेम चंद ने बताया कि परसों भोले बाबा के सत्संग के चलते यहां से एक बस 50-60 लोगों को लेकर गई थीं।



### वाइक चोर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा डीएलएफ की टीम ने वाहन चोरी करने वाले 2 आरोपी को मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया है। आरोपियों में अंशु व विशाल का नाम शामिल है। दोनों आरोपी मीठापुर दिल्ली के रहने वाला है। अपराध शाखा ने दोनों को मोटरसाइकिल सहित सेतहपुर पल्ला एरिया से मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया है।



### नाबालिक को मात्र 48 घंटे में तलाश लिया

**फरीदाबाद।** पुलिस चौकी सेक्टर-11 की टीम ने घर से लापता नाबालिग लडके को एनआईटी एरिया से तलाश कर परिजनों के हवाले किया है। नाबालिग अपने घर से बिना बताए निकल गया था जिसकी परिजनों के द्वारा काफी तलाश की गई। बच्चे के नही मिलने पर परिजनों के द्वारा पुलिस चौकी सेक्टर-11 में 6 वर्षीय नाबालिक लडके के गुम होने की एक सूचना दी।



### निगम की 130 से ज्यादा बसों से टपकता है पानी

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में परिवहन निगम के बेड़े में 130 से अधिक बसों की छत लीकेज होने के कारण पानी टपकता है। इन बसों की छतों की लीकेज, टूटे शीशों व खराब वाइपर को बदलने के लिए मुख्यालय ने अगले 5 दिन का समय दिया है। लापरवाही पर क्षेत्रीय प्रबंधक व सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों को कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।



### कैबिनेट मंत्री ने दिए सीवरेज सिस्टम की नियमित जांच के आदेश, कहा-

# बरसात के दौरान आमजन को जाम और अन्य समस्याओं का न करना पड़े सामना

- टूटी-फूटी सड़कों पर गड्ढों की मरम्मत तुरंत करवाए
- बरसात का पानी सड़कों पर किसी भी सूरत में न जमा होने पाए
- यातायात प्रबंधन के लिए विशेष योजनाएं बनाएं

*कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि बरसात के दौरान सीवरेज सिस्टम की नियमित जांच और मरम्मत सुनिश्चित करें ताकि कहीं भी ब्लॉकेज न हो और जलभराव की समस्या न उत्पन्न हो।*




**खास बातें**

- सीवर लीकेज को सही करने के कार्य का लिया जायजा
- डिस्पोजल की मोटरों को चेक करते रहने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

बरसात के मद्देनजर बल्लभगढ़ विधानसभा में सीवरेज व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए हरियाणा के उद्योग वाणिज्य तथा खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ सेक्टर-3 तिगांव रोड स्थित डिस्पोजल पर पहुंचकर सीवर की सफाई के कार्य के साथ साथ साथ-साथ सीवर की लीकेज लाइनों को सही करने के कार्य का जायजा लिया। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि बरसात के दौरान सीवरेज सिस्टम की नियमित जांच और मरम्मत सुनिश्चित करें ताकि कहीं भी ब्लॉकेज न हो और जलभराव की समस्या न उत्पन्न हो।

टूटी-फूटी सड़कों पर गड्ढों की मरम्मत करें ताकि बरसात का पानी उनमें न भरे और सड़कों पर जलभराव न हो और कहीं जलभराव होता है तो जलभराव के दौरान यातायात प्रबंधन के लिए विशेष योजनाएं बनाएं ताकि लोगों को जाम और अन्य समस्याओं का सामना न करना पड़े।कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने एफएमडीए और नगर निगम के अधिकारियों को आदेश दिए है कि जल्द ही सीवर लाइन को सुचारू रूप से चलाया जाए ताकि शहर वासियों को कोई दिक्कत न आए। उन्होंने कहा कि बारिश का मौसम है और इस दौरान सीवर लाइन सही तरीके से चलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी डिस्पोजल की मोटरों को समय-समय पर चेक करते रहे ताकि बारिश के पानी की निकासी में कोई दिक्कत न हो। निरीक्षण के दौरान एफएमडीए और नगर निगम के अधिकारीध्कर्मचारी मौजूद थे।

### विधायक ने शुरू करवाया फिरनी का काम,कहा-

# फिरनी के पक्के बन जाने से तिगांव के लोगों को होगा लाभ



फरीदाबाद। भाजपा विधायक राजेश नागर ने भतौला में 13 लाख रुपए की लागत से बनने वाली फिरनी का काम शुरु करवाया। इस अवसर पर उन्होंने बुजुर्गों के हाथ नारियल फुड़वाकर उनका आशीर्वाद लिया। ग्रामीण ने कहा कि विधायक राजेश नागर हमारे दुख-सुख में हमारे साथ रहते हैं। दो दिन पहले ही विधायक द्वारा अधिकारियों को दिए निर्देश के परिणाम सामने आने लगे हैं। नागर ने अधिकारियों को विकास कार्यों में तेजी लाने के कड़े निर्देश दिए थे। गांव भतौला की फिरनी को पक्का बनाने के काम की शुरुआत हो गई।

#### 2014 के मुकाबले विकास पर बजट 5 गुना बढ़ा

विकास पर बजट 5 गुना बढ़ा उन्होंने बताया कि सीएम सैनी ने बजट की कमी न आने देने की बात कही है। भाजपा सरकार ने हरियाणा के विकास बजट का 60 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्रों में लगाने की रणनीति को निरंतर जारी रखा है वहीं वर्ष 2014 के मुकाबले हरियाणा में विकास पर बजट 5 गुना हो चुका है। विपक्ष के झूठ से आप सभी को बचकर रहना होगा। नागर ने कहा कि हरियाणा में डबल इंजन की भाजपा सरकार को पूर्ण बहुमत देना है।

#### जल्द तिगांव में बड़े स्तर पर बदलाव देखने को मिलेंगे

नागर ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देश पर उनके क्षेत्र में अनेक स्थानों पर विकास कार्य चल रहे हैं। अनेक कार्यों का टेंडर हो चुका है और कुछ का टेंडर की प्रक्रिया चालू है। थोड़े ही समय में तिगांव विधानसभा क्षेत्र में आपको बड़े स्तर पर बदलाव देखने को मिलेंगे।

## दुष्कर्म के आरोपी ने हिरासत में हैडकांस्टेबल से पिस्टल छीनकर चलाई गोली,पुलिस ने दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

दिल्ली से सटे गाजियाबाद ट्रोनिका थाना क्षेत्र में पुलिस में हिरासत एक दुष्कर्म के आरोपी ने पुलिस हेड कांस्टेबल से पिस्टल छीन ली और फायरिंग कर दी। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए उसके ऊपर फायरिंग की जिससे वह घायल हो गया और उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने कांस्टेबल से छीनी हुई 9 एमएम की सरकारी पिस्टल भी बरामद कर ली है। एसीपी सूर्य बली मौर्य ने बुधवार को बताया कि थाना ट्रोनिका सिटी पुलिस ने कई दिन से फरार चल रहे दुष्कर्म के मामले के आरोपी अरूण कुमार निवासी पूजा कालोनी मुसाहिद प्रोपर्टी डीलर के पास से गिरफ्तार किया था। लेकिन अचानक आरोपी की तबियत खराब हो गयी। जिसके बाद पुलिस टीम उसे मेडिकल के लिये अस्पताल ले जा रही थी कि अचानक मोटरसाइकिल फिसल गई। जिससे आरोपी ने फायदा उठाते हुए हेड कांस्टेबल आर्यन चौधरी से सरकारी पिस्टल छीन ली और भागने लगा। पुलिस ने जब उसको घेर लिया तो उसने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। अपने बचाव में पुलिस ने भी उसे पर फायरिंग जिससे वह घायल होकर नीचे गिर गया और पुलिस ने उसे दबोच लिया। उसके दाहिने पैर में घुटने के नीचे गोली लगी है ।



### रोटेरियन वंदना ने पेश की अनूठी मिसाल

## एक पेड़ माँ के नाम के तहत लेजर वैली पार्क में 11 पेड़ लगाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

रोटरी क्लब ऑफ गुड़गांव की अध्यक्षा रोटेरियन वन्दना गजेंद्र गुप्ता ने अपने कार्यकाल के पहले ही दिन अनूठी मिसाल पेश की। उन्होंने अपने पति गजेंद्र गुप्ता ज़ोनल चेयर इनवायरन्मेंट हरियाणा,रोटरी की मिली जिम्मेदारी को पूरा करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मुहिम एक पेड़ माँ के नाम को आगे बढ़ाते हुए लेजर वैली पार्क में 11 पेड़ लगाए। वंदना गुप्ता ने इस वर्ष गुरुग्राम में लगभग 25 हजार पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा है। वहीं उन्होंने 30 गरीब परिवारों को राशन भी वितरित किया। भाजपा के जिला मीडिया प्रमुख व ज़ोनल चेयर एनवायरमेंट हरियाणा, रोटरी 2024-25 ने बताया कि रोटरी क्लब ऑफ गुड़गावा साउथ सिटी की अध्यक्षा वन्दना गजेंद्र गुप्ता ने वर्ष 2024-25 में रक्त दान शिविर, महिलाओं में छाती के कैंसर से बचाव के लिए मैमोग्राफी एवं सरवाइकल कैंसर से बचाव के लिए वैक्सीन लगाने के शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा स्कूलों में लड़कियों को सेनेटरी पैड, कापी, पेन,पेन्सिल, आँखों की जाँच व मुफ्त चश्मों का वितरण व हैल्थ जाँच आदि के कैंप आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर, डिस्ट्रिक्ट चेयर एडमिन रोटरी, गुरुग्राम, अधिवक्ता रोटेरियन रवीन्द्र जैन, राजबाला परवीन शर्मा आदि मौजूद रहे।




### डीएम सर्किल दरों पर सम्पत्ति कर वसूली

## पूर्व पार्षद ने मोर्चा खोला, कहा-लोगों पर अनावश्यक बोझ बर्दाश्त नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

पूर्व पार्षद व भाजपा के वरिष्ठ भाजपा नेता राजेन्द्र त्यागी व हिमांशु मित्तल ने बुधवार को नगर निगम के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने चेतावनी दी कि डीएम सर्किल रेट के आधार पर संपत्तिकर वसूली की व्यवस्था लागू किया जाना किसी भी स्थिति में उचित नहीं है। इसे किसी भी सूरत में लागू नहीं होने दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि यदि इसे वापस नहीं लिया गया तो वह इसके खिलाफ़ कोर्ट का सहारा लेंगे। साथ ही इसे जनांदोलन बनाने से भी पीछे नहीं हटेंगे।उन्होंने कहा कि डीएम सर्किल रेट पर संपत्तिकर वसूली की व्यवस्था को निगम अधिकारियों की हठधर्मी बताया। उन्होंने महापौर से मांग की कि वह इस गंभीर मसले पर निगम सदन की बैठक बुलाकर इस व्यवस्था को समाप्त कराएं। उन्होंने इसको लेकर मुख्यमंत्री योगी को भी पत्र लिखा है।



#### 2023-24 में संपत्तिकर में 10% का इजाफा

उन्होंने कहा कि नियम के अनुसार दो साल में संपत्तिकर में इजाफा किया जा सकता है,जबकि 2023-24 में संपत्तिकर में 10 फीसदी का इजाफा किया गया था। जो कि साल 2024- 25 तक लागू है। इस अवधि के दौरान किसी तरह की वृदि नहीं की जा सकती है। 7 जून 2022 को निगम सदन बैठक के दौरान निगम अधिकारियों के द्वारा डीएम सर्किल रेट के आधार पर संपत्तिकर में बढ़ोत्तरी का प्रस्ताव रखा गया था,उस दौरान प्रस्ताव को पुन:अगली सदन बैठक के दौरान रखने का तय किया गया था। हैरत यह है कि 16 सितंबर 2022 को जो सदन की बैठक हुई उसमें इस प्रस्ताव को रखा ही नहीं गया था। अधिकारियों द्वारा उस दौरान मौखिक तरीके से बताया था कि प्रस्ताव को शासन में भेजा गया है।इस पहलू को लेकर सदन सदस्यों के द्वारा नाराजगी जताई गई थीं। अधिकारियो को चेताया गया था कि बगैर सदन की अनुमति के इस तरहका प्रस्ताव शासन को न भेजा जाए।

### राउस आईएएस स्टडी सर्कल के पूर्व में छात्र रहे हैं

## ईमानदारी, दृढ़ता और सार्वजनिक सेवा के प्रति प्रतिबद्धता सबसे अहम : डॉ. सुब्बाराव




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर डॉ. दुव्वुरी सुब्बाराव ने कहा कि ईमानदारी, दृढ़ता और सार्वजनिक सेवा के प्रति प्रतिबद्धता सबसे अहम है। डॉ. सुब्बाराव सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए संस्थान, राउस आईएएस स्टडी सर्कल द्वारा आयोहित सेमिनार में संबोधित कर रहे थे। राउस आईएएस स्टडी सर्कल के पूर्व में छात्र रहे डॉ. सुब्बाराव ने छात्रों के साथ बातचीत की और राउस आईएएस में एक छात्र होने से लेकर भारतीय प्रशासनिक सेवा में शामिल होने और अंततः देश के केंद्रीय बैंक का नेतृत्व करने तक की अपनी उल्लेखनीय यात्रा को साझा किया। उन्होंने छात्रों को लगातार विकसित हो रहे पेशेवर माहौल में निरंतर सीखने और अनुकूलनशीलता के महत्व को रेखांकित किया।

#### जस्ट ए मर्सिनरी के बारे में चर्चा की

उन्होंने अपनी हाल ही में जारी पुस्तक, जस्ट ए मर्सिनरी के बारे में विस्तार से चर्चा की। यह किताब उनके जीवन के विविध पहलुओं के बारे में बताती है। डॉ. सुब्बाराव ने बताया कि कैसे उनकी शिक्षा ने उनके बाद के करियर के लिए एक ठोस आधार तैयार किया। उन्होंने एक आईएएस अधिकारी के रूप में अपने अनुभवों को साझा किया। आरबीआई गवर्नर के रूप में अपने कार्यकाल के बारे में भी महत्वपूर्ण बातें बताई। कहा कि भारत की वित्तीय प्रणाली और वैश्विक आर्थिक परिदृश्य की जटिलताओं को समझना आवश्यक है। इस पर उन्होंने कुछ सबक भी प्रतिभागियों से साझा किए।

### दोनों पक्षों के बीच हुई थी कहासुनी

## चर्चित कुनाल भडाना हत्या कांड में अपराध शाखा डीएलएफ की टीम ने 5 आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

कांग्रेस नेता कुनाल भडाना की गोली मारकर हत्या करने के मामले में अपराध शाखा डीएलएफ की टीम के द्वारा मामले में कारगर कार्रवाई करते हुए दो सगे भाई सहित 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर सफलता हासिल की है। एसीपी अमन यादव ने बताया कि आरोपियों में गांव कोट निवासी विजय सिंह व विरेन्द्र उर्फ बिल्लू तथा रमेश, प्रदीप उर्फ कालू तथा संदीप उर्फ सैंडी का नाम शामिल है। अपराध शाखा टीम के द्वारा आरोपियों को गांव बड़खल एरिया से गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ मृतक के भाई ज्योतेन्द्र उर्फ रिन्कू की शिकायत पर गोली मारकर हत्या करने की धाराओं के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया था।पूछताछ में सामने आया कि 29 जून को रोहित व आरोपी प्रदीप उर्फ कालू का आपस में किसी बात को लेकर गाली गलौच हुई थी। इसी बात को लेकर 30 जून को रोहित ने प्रदीप उर्फ कालू को फोन किया, जिनकी फोन पर गाली गलौच हुई इसी दौरान प्रदीप उर्फ कालू ने आरोपी विजय सिंह को कान्फ्रेंस कॉल पर ले लिया और बातों बातों में दोनों पक्षों के बीच गाली गलौच बढ़ गई, जो रोहित ने अपना फोन कुनाल भडाना को दे दिया। कुनाल व विजय सिंह की आपस में कहासुनी हुई, जिस पर विजय सिंह द्वारा अपने भाई विरेन्द्र उर्फ बिल्लू व अन्य साथी सन्दीप उर्फ सैन्डी, प्रदीप उर्फ कालू व रमेश को साथ लेकर अपनी कार स्विफ्ट में मस्जिद चौक पर आया था।



#### वारदात में प्रयोग गाड़ी की बरामदगी के लिए पुलिस रिमांड पर लिया

मस्जिद चौक पर दोनों पक्षों के बीच कहा सुनी हुई और विजय सिंह ने अपने लाइसेंसी हथियार से कुनाल भडाना को गोली मार दी, गोली लगने से कुनाल की मृत्यु हो गई। अपराध शाखा ने मामले में पूछताछ के लिए व लाइसेंसी हथियार, वारदात में प्रयोग गाड़ी की बरामदगी के लिए आरोपियों को पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

## हाथरस हादसा

# सीएम योगी ने किया घटनास्थल का निरीक्षण, घायलों से मिले, एसडीएम ने जिलाधिकारी को सौंप दी रिपोर्ट

**हाथरस हादसे के बाद तीन मंत्रियों, मुख्य सचिव और डीजीपी के बाद खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी हाथरस पहुंचे और घायलों से मुलाकात की। वहीं, मामले की रिपोर्ट एसडीएम ने जिलाधिकारी को सौंप दी है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को स्वयं हाथरस पहुंचे और यहां उन्होंने अधिकारियों से पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली और फिर सीएम योगी सीधे हाथरस जिला अस्पताल पहुंच गए जहां उन्होंने हादसे में घायल हुए लोगों का हाल चाल जाना और डॉक्टरों को सभी घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए। यही नहीं बरसते पानी के बीच सीएम घटनास्थल पर भी पहुंचे, जहां उन्हें अधिकारियों ने पूरा घटना का ब्यौरा दिया। हादसे के एक दिन बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को हाथरस पहुंचे। यहां उन्होंने सर्किट हाउस में अधिकारियों के साथ पूरे घटनाक्रम की विस्तार से जानकारी हासिल की और महत्वपूर्ण दिशा निर्देश भी प्रदान किए। इसके बाद सीएम योगी हाथरस जिला अस्पताल पहुंचे। यहां उन्होंने घायलों और उनके परिजनों से बात की। वो हर एक बेड पर जाकर घायलों से मिले और पूरी घटना के बारे में जानकारी ली। उन्होंने घायलों से उनकी तबीयत के बारे में पूछा और इलाज के संबंध में भी चर्चा की। सीएम ने घायलों के परिजनों से भी विस्तार से बात की। इस दौरान उन्होंने डॉक्टरों से भी घायलों की स्थिति के विषय में जाना और समुचित उपचार के निर्देश प्रदान किए। इस दौरान सीएम योगी मृतकों के परिजनों से भी मिले और उनके साथ हुए हादसे के बारे में जानकारी ली और साथ ही अपनी ओर से सांत्वना और संवेदना भी प्रकट की।



## सरयू में स्नान के बाद सम्राट ने उतारा मुरेठा, 250 वाहनों के साथ पहुंचे अयोध्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अयोध्या

बिहार के डिप्टी सीएम और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने 22 महीने बाद अयोध्या में अपनी पगड़ी उतार ही दी। उन्होंने सरयू में डुबकी लगाई। इसी वक्त उन्होंने अपनी पगड़ी भी उतार दी। सम्राट चौधरी ने कहा कि पिछले 22 महीनों से मेरे पास मौजूद इस पगड़ी को भगवान श्रीराम को समर्पित कर रहा हूं। वहीं सम्राट द्वारा पगड़ी उतारते ही उनके समर्थक जय श्री राम का नारा लगाने लगे। सितंबर 2022 को अपनी मां के निधन के बाद सम्राट ने मुरेठा बांधा था। एक सभा में लोगों को



संबोधित करते हुए उन्होंने कहा था कि जब तक वह नीतीश कुमार को सीएम की कुर्सी से नहीं हटा देंगे तब तक वह पगड़ी नहीं खोलेंगे।

उस वक्त बिहार में महागठबंधन की सरकार थी। सम्राट चौधरी लगातार सीएम नीतीश कुमार और महागठबंधन सरकार पर हमलावर रहते थे।

## झारखंड हाईकोर्ट के नए चीफ जस्टिस होंगे सारंगी

**रांची।** जस्टिस बीआर सारंगी झारखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किए गए हैं। 28 दिसंबर 2023 से यह पद रिक्त था। 27 दिसंबर 2023 को सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम द्वारा की गई सिफारिश के बाद केंद्र सरकार ने ओडिशा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश जस्टिस डॉ. बीआर सारंगी को झारखंड हाईकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया है। केंद्र सरकार की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गई है।



### जेडीयू के कलाधर के लिए सम्राट भी मांगेंगे वोट

## नीतीश कुमार रूपौली में बीमा भारती के खिलाफ करेंगे प्रचार

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार के पूर्णिया जिले की रूपौली विधानसभा सीट पर होने वाला उपचुनाव रोचक बन गया है। इस उपचुनाव में एनडीए की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है।

यही वजह है कि जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) के साथ भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) भी इस चुनाव में प्रचार के लिए जी-जान से जुट गई है। खुद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रूपौली में रैली करके राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) की प्रत्याशी



बीमा भारती के खिलाफ प्रचार करेंगे।

नीतीश की जेडीयू ने यहां से कलाधर मंडल को टिकट दिया है, उनके समर्थन में प्रचार करने के लिए डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी समेत बिहार भाजपा के कई वरिष्ठ नेता भी आएंगे।

## पेज एक का शेष

### देश ने इस बार...

की रक्षा के लिए देशवासियों ने हमें जनादेश दिया है। पीएम मोदी ने इस दौरान आपातकाल के दौर का प्रमुखता से जिक्र किया और कहा हमें 1977 के चुनाव को याद रखना चाहिए, जब लोकतंत्र और संविधान को बचाया गया था।

***क्या थे संशोधन?...***

***38वां संशोधनः*** *इंदिरा गांधी ने आपातकाल लगने के बाद सबसे पहले संविधान में 38वां संशोधन किया था। जिसे 22 जुलाई 1975 को अमल में लाया गया था। यह संशोधन न्यायपालिका से आपातकाल की न्यायिक समीक्षा का अधिकार छीनने के लिए लाया गया था।*

***39वां संशोधनः*** *संविधान में 39वां संशोधन किया गया था। जिसे तत्कालीन इंदिरा सरकार को लगे एक बड़े झटके बाद लाया गया। दरअसल, इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने राज नारायण बनाम इंदिरा गांधी (12 जून 1975 को दिए गए) मामले में चुनावी कदाचार के आधार पर इंदिरा गांधी के चुनाव को अमान्य घोषित कर दिया था।*

***42वां संशोधनः*** *42वें संशोधन के आने से भी मूल संविधान में कई बदलाव हुए थे। इसका प्रमुख बिंदु यह था कि किसी संसद के फैसले को अदालत में चुनौती नहीं दी जा सकती है और सांसदों विधायकों की सदस्यता को भी अदालत में चुनौती नहीं दी जा सकती है।*

### महिला हिंसा पर ...

जांच एजेंसियों पर आरोप लगातीं हैं कि सरकार उनका दुरुपयोग करती है। ये लोग शराब घोटाला करते हैं। खुद विपक्ष भ्रष्टाचार में लगी हुई है। पहले ये उसी ईडी, सीबीआई को बदनाम करते हैं और खुद उसी जांच एजेंसियों द्वारा जांच की मांग करते हैं।

### राज्यसभा में ...

रूप से हमला करते हुए कटाक्ष किया, ये लोग रिमोट से ऑटो पायलट मोड पर सरकार चलाते थे। ये लोग काम में विश्वास करने के बजाय इंतजार में विश्वास करने वाले लोग हैं। मगर, हमलोग पूरी मेहनत के साथ सरकार चला रहे हैं। दस सालों तक जो कार्य किया है उसको गति दे रहे हैं। भाजपानीत राजग सरकार का दस सालों का कार्य तो 'स्टार्टर' था असली 'मेनकोर्स' तो अब शुरू हुआ है। प्रधानमंत्री जब अपना भाषण दे रहे थे समूचा विपक्ष झूठ बोलना बंद करो के नारे बुलंद करता रहा। खुद विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने नारे में एक लाइन जोडते हुए शर्म करो, शर्म करो को आवाज दी। विपक्षी रवैये को असंसदीय आचरण बताते हुए राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड ने कहा, मैं इस तरह के असंसदीय आचरण की भर्त्सना करता हूं। ऐसा व्यवहार उचित नहीं। सभी अपनी अपनी सीटों पर बैठें। विपक्ष को सभापति की ओर से भी लगातार समझाइश दी जा रही थी और प्रधानमंत्री भी घेर रहे थे। सदन से वॉकआउट करने के बाद संसदीय परिसर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, सदन में हमारा विरोध प्रधानमंत्री से सफाई मांगने को लेकर था। वे संविधान पर लगातार झूठ बोल रहे थे। उन्होंने कहा, लोकसभा में जब विपक्ष के नेता राहुल गांधी बोल रहे थे प्रधानमंत्री समेत कुछ मंत्रियों ने बीच में अपनी बात रखी। उन्हें मौका दिया गया। राज्यसभा में वैसे ही बतौर विपक्ष के नेता मुझे मौका दिया जाना चाहिए था। मैं प्रधानमंत्री से पूछना चाह रहा था कि संविधान का निर्माण जब हुआ तो संघ के मुखपत्र आर्गेनाइजर ने इसके प्रारूप पर विरोध दर्ज किया था या नहीं? प्रधानमंत्री कांग्रेस पार्टी को संविधान विरोधी बोल रहे थे जब कि भाजपा के पितृ संगठन संघ ने भारतीय संविधान का विरोध किया था। उस समय इन्हीं लोगों ने संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर, पंडित जवाहर लाल नेहरू का पुतला जलाया था।

### पीएम मोदी अपने...

मोदी 4 जुलाई को सुबह 11 बजे टी-20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम के खिलाड़ियों से मिलेंगे।

### भाजपा हाईकमान की ...

चुनाव में बाजी मारना उतना आसान नहीं रहेगा। राज्य में जेएमएम,कांग्रेस,राजद और सीपीआईएम का इंडिया गठबंधन 47 सीटों के साथ विधानसभा में मजबूत स्थिति में है। एनडीए के खेमे में भाजपा के 24, आजसू के 3 और एनसीपी अजित पवार का एक विधायक सहित कुल 28 की तादाद है। इनके अलावा दो निर्दलीय विधायक हैं और चार सीट फिलहाल रिक्त हैं। हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा ने भले ही 14 सीटों में से 8 जीती हों पर जेएमएम ने 3 और कांग्रेस ने दो सीटें जीतकर मुकाबले को भाजपा के पक्ष में एकतरफा नहीं होने दिया। जानकारों का मानना है कि लोकसभा चुनाव के दौरान मतदाताओं के मन में राष्ट्रीय मुद्दे और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का चेहरा एक बड़ी भूमिका अदा कर रहा था लेकिन विधानसभा चुनाव में स्थानीय मुद्दे और प्रदेश के राजनैतिक चेहरे बड़ा रोल प्ले करने वाले हैं। भाजपा के पास झारखंड में बाबू लाल मंराडी, अर्जुन मुंडा, सुदर्शन भगत, अरुण उरांव और गीता कोड़ा सहित कई बड़े नेताओं की लिस्ट है पर देखने वाली बात ये है कि हेमंत सोरेन के जेल जाने से उत्पन्न हुई सहानुभूति और उनकी पार्टी की सरकार के कामकाज के बावजूद भाजपा चुनाव में मतदाताओं को कितना अपने पाले में खींच सकती है।

विधानसभा चुनाव में आदिवासी सुरक्षित सीटों पर भाजपा अपने प्रमुख आदिवासी नेताओं को चुनाव लड़ा सकती है। इनमें वे नेता भी चुनाव मैदान में उतारे जा सकते हैं जो जिन्हें लोकसभा चुनाव में हार का सामना करना पड़ा है। लोहरदगा से चुनाव में परास्त रहे समीर उरांव और पूर्व सांसद सुदर्शन भगत के भी चुनाव मैदान में उतरने के कयास है। पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल और चाईबासा से चुनाव हार चुकीं गीता कोड़ा को भी भाजपा विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी घोषित कर सकती है। संताल परगना में सीता सोरेन के होने से दुमका और जामा जैसी सुरक्षित सीटों पर भाजपा को जीत की संभावना है।आइपीएस से इस्तीफा देकर राजनीति में आये अरुण उरांव को गुमला जिले की किसी सीट से विधानसभा चुनाव लड़ाने की संभवना है। मौजूदा विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी के पास मात्र दो आदिवासी सुरक्षित सीट से विधायक हैं। इनमें खूंटी से नीलकंठ सिंह मुंडा और तोरपा से कोचे मुंडा विधायक हैं।

### हेमंत 7 जुलाई...

के मुताबिक, हेमंत सोरेन के मुख्यमंत्री शपथ ग्रहण समारोह में ही कई मंत्री भी शपथ लेंगे। राजद विधायक सत्यानंद भोक्ता ने दावा किया कि वह भी मंत्रीपद की शपथ लेंगे।

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ
Government of Haryana

ADMISSIONS
BACHELOR OF ENGINEERING / TECHNOLOGY (B.E./B.TECH.)
FOR SESSION 2024-25

For all Govt. Universities / Govt. & Private Engineering Colleges in the State of Haryana

Apply online at techadmissionshry.gov.in

COURSE
• B.E./B.Tech. 4 YEARS
ELIGIBILTY
• 10+2 with PCM/PCB +other subjects
BASIS OF ADMISSION
• All India Rank of JEE Mains-2024 conducted by NTA

Registration for Admission
(for the session 2024-25)
Last date of Registration : 25.07.2024

Impetus to Join Engineering in Haryana
• Transparent & fair admission process
• B.Tech. in hindi medium in selected State Universities
• 25% Horizontal reservation for girl candidates
• 5% Seats for Tuition Fee Waiver (TFW) Scheme
• 10% Seats for Economical Weaker Section (EWS)
• 1 seat in each branch for Haryana Govt. School Toppers (HGST)

Please visit
www.hstes.org.in
(for B.E. / B.Tech. & B.Arch. Prospectus, Admission Schedule & Important Notices)
www.techadmissionshry.gov.in
(for applying online and further details)

Scan QR code for Registration (Session 2024-25)

Directorate of Technical Education, Haryana
under the Ambit of Deptt. of Higher Education, Govt. of Haryana
1800-137-3735 (toll-free)
onlineadmissionhelp@gmail.com

Information, Public Relations and Languages Department, Haryana www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana





## कैटरेक्ट के शुरुआती लक्षणों को ना करें इग्नोर

कैटरेक्ट में आंखों के नेचुरल लेंस में क्लाउडिंग होने लगती है। इसकी वजह से स्पष्ट रूप से देखने में कठिनाई होती है। लापरवाही से गंभीर दृष्टि दोष और अंधापन भी हो सकता है। ऐसे में समय रहते उपचार आवश्यक है।

प्रिकॉशन
डॉ. संजीव तनेजा
नेत्र रोग विशेषज्ञ
अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल, नई दिल्ली

मोतियाबिंद या कैटरेक्ट, आंखों की एक आम समस्या है। अगर समय रहते इसका इलाज ना किया जाए तो यह समस्या गंभीर दृष्टिदोष और अंधेपन का कारण बन सकती है। इसके कारण आंखों के लेंस में धुंधलापन आ जाता है, जिससे दृष्टि पर बुरा असर पड़ता है। अकसर मोतियाबिंद की समस्या, बढ़ती उम्र के लोगों में देखने को मिलती है। लेकिन अब यह समस्या केवल वृद्ध लोगों में ही नहीं बल्कि 40 से 50 वर्ष की आयु के लोगों में भी देखी जाती है। धुंधलेपन के कारण कई लोगों में पढ़ना, लिखना, टीवी देखना, गाड़ी चलाना और अन्य कई दैनिक गतिविधियों में बाधा आने लगती है। इसलिए आंखों में धुंधलेपन की समस्या हो तो तुरंत किसी नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टर की सलाह लेना जरूरी है।



**रोग का कारण:** उम्र का बढ़ना मोतियाबिंद का प्राथमिक कारण है। उम्र बढ़ने के साथ, आंख के लेंस में मौजूद प्रोटीन आपस में मिलकर मोतियाबिंद की परत बना देते हैं। समय के साथ जैसे-जैसे मोतियाबिंद बढ़ता है, लेंस ज्यादा अपारदर्शी या धुंधला हो जाता है। इससे व्यक्ति की दृष्टि कमजोर हो सकती है। यह आमतौर पर धीरे-धीरे विकसित होता है। हालांकि इसकी दर सभी व्यक्तियों में अलग-अलग हो सकती है। उम्र के अलावा मधुमेह, धूम्रपान, शराब, लंबे समय तक धूप में रहने और दवाओं के अधिक सेवन के कारण भी कैटरेक्ट का खतरा बढ़ता है।

**मोतियाबिंद के लक्षण:** आंखों में धुंधलापन, कम रोशनी में देखने में दिक्कत होना, तेज रोशनी के प्रति संवेदनशीलता, स्पष्ट रूप से देखने में कठिनाई, रंग फीका या पीला दिखाई देना, ये कैटरेक्ट के प्रमुख लक्षणों में शामिल हैं।

**उपचार का तरीका:** मोतियाबिंद के निदान की पुष्टि करने के लिए व्यापक नेत्र परीक्षण करवाना जरूरी है। कैटरेक्ट का पता चलते ही उपचार शुरू करना चाहिए क्योंकि इस स्थिति की उपेक्षा करने से आगे और जटिलताएं हो सकती हैं, जिससे सर्जरी मुश्किल हो सकती है। इससे रिकवरी और उपचार बहुत धीमा हो सकता है। मोतियाबिंद के परिपक्व होने या पकने का इंतजार करने से ना केवल आपकी दृष्टि लंबे समय तक प्रभावित होगी, बल्कि सर्जरी और रिकवरी में भी अधिक समय लग सकता है। प्रभावित लेंस को हटाने या बदलने के लिए सर्जरी जैसे तत्काल उपचार के बिना, कैटरेक्ट परमानेंट विजन लॉस का कारण बन सकता है। शुरुआती मोतियाबिंद के लक्षणों को चश्मे का उपयोग करके या चश्मे की पावर बदलकर प्रबंधित किया जा सकता है। सर्जरी, धुंधले लेंस को हटाने और डॉक्टर द्वारा सुझाए गए कृत्रिम लेंस लगाने में मदद करती है। कैटरेक्ट, को हटाने की आवश्यकता तब होती है, जब दृष्टि हानि के कारण आपके लिए पढ़ना और गाड़ी चलाना जैसी गतिविधियां करना मुश्किल हो जाता है।

**बरतें सावधानी:** मोतियाबिंद से बचाव के लिए आप अपनी जीवनशैली में कुछ बातों पर अमल कर सकते हैं। धूप का चश्मा पहनें, धूम्रपान छोड़ें, हरी पत्तेदार सब्जियां और एंटीऑक्सीडेंट्स युक्त खाद्य पदार्थ जैसे गाजर, जामुन, केला, खुबानी, कद्दू और नट्स आदि का सेवन करें। इससे आंखों को स्वस्थ रखने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही नियमित रूप से आंखों की जांच करवाते रहने से कैटरेक्ट के शुरुआती लक्षणों को पहचान कर उपचार कराया जा सकता है। *

**प्रस्तुति: सेहत डेस्क**

डॉक्टर एडवाइस
डॉ. मोहसिन वली
जनरल फिजीशियन
सर गंगा राम अस्पताल, नई दिल्ली

बारिश के मौसम में माइक्रोब्स से संक्रमण की आशंका कई गुना बढ़ जाती है। खासतौर पर पाचन संबंधी समस्याएं अधिक होती हैं। इनसे बचाव के लिए आपको अपने खान-पान में विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। कौन सी हैं वो सावधानियां, यहां बता रहे हैं विस्तार से।

## तब बारिश के मौसम में पाचन-तंत्र रहेगा सही





हर मौसम के अनुकूल खान-पान हमारी सेहत के लिए फायदेमंद है। खासकर बारिश के मौसम में यह काफी मायने रखता है। इस मौसम में अधिकतर लोगों के लिए हेल्दी और फिट रहना काफी चुनौतीपूर्ण हो जाता है। नमी और उमस भरे वातावरण से हवा में कई तरह के वायरस और बैक्टीरिया पनपते हैं, जो ध्यान ना देने पर खाद्य पदार्थों को विषाक्त कर देते हैं। ऐसी चीजों के सेवन से ये कीटाणु, शरीर मे पहुंच जाते हैं। इससे पाचन तंत्र गड़बड़ा जाता है और प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर हो जाती है। इससे अपच, दस्त, पेचिश, हैजा, आंत्र शोथ जैसी पाचन संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। ऐसे में मानसून के सुहाने मौसम को आप खुलकर एंजॉय करना चाहते हैं, तो अपने खान-पान और रहन-सहन का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। सही खान-पान जहां आपको फिट और हेल्दी रहने में अहम भूमिका निभाता है, वहीं रहन-सहन की अच्छी आदतें, कई तरह के संक्रमणों से बचाव करती हैं।

**खान-पान में बरतें सावधानी:** बरसात के मौसम में बीमारियों से बचने के लिए, हेल्दी डाइट लेनी चाहिए। बाहर का खाना खाने के बजाय, घर का बना ताजा खाना ही खाना चाहिए। घर पर बना हुआ खाना भी 3 घंटे से ज्यादा देर से अगर रखा है, तो खाने से बचना चाहिए। क्योंकि इस मौसम में खाने में बैक्टीरिया तेजी से विकसित होते हैं, जो पेट संबंधी इंफेक्शन की बड़ी वजह बनते हैं।

**लाइट फूड लें:** इस मौसम में पूरे दिन में 3 हैवी मील में भरपेट भोजन करने के बजाय तकरीबन 2 घंटे के अंतराल पर लाइट मील्स लें। इसमें फ्रूट्स, ड्राई फ्रूट्स, स्नैक्स, सूप जैसे हल्के और पौष्टिक आहार लें। ध्यान रखें कि भूख हो, तभी खाएं। वरना अपच, पेट में संक्रमण और पीलिया जैसी बीमारियां होने का खतरा रहता है।

**हल्का-सुपाच्य भोजन करें:** बरसात के मौसम में हल्का, सुपाच्य, संतुलित आहार का सेवन करें। गेंहू, मक्का, जौ, बाजरा जैसे साबुत सूखे अनाज और मूंग, चना जैसी दालों को शामिल करना बेहतर है। प्रोटीन, लौह और मैगनीशियम युक्त इन खाद्य पदार्थों के सेवन से वॉटर रिटेंशन कम होता है और शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली में सुधार होता है।



**फल-सब्जियां:** अपने आहार में मौसमी फल-सब्जियों को ज्यादा से ज्यादा शामिल करें। घिया, तोरई, टिंडा, भिंडी, फ्रेंच बींस जैसी हल्की और सुपाच्य सब्जियों का सेवन करें। करेला, मूली जैसी कड़वी तासीर वाली सब्जियां संक्रमण से बचाती हैं। ताजे फलों का ही सेवन करें। जामुन, मौसंबी, अमरूद, आंवला, नाशपाती, आलू बुखारा, पपीता जैसे विटामिन-सी से भरपूर फल शरीर से विषाक्त पदार्थ बाहर निकालने और संक्रमण से बचाव कर हमारी रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाते हैं। मुरझाए हुए, दागी, कटे-फटे या ढीले-गले हुए फल खाने से बचें, क्योंकि ऐसे फल विषाक्त हो जाते हैं और आपकी पाचन प्रक्रिया को प्रभावित करते हैं। विषाक्त फल खाने से बचने के लिए छीलकर खाएं। इस मौसम में तरबूज, खरबूजा जैसे जलीय फल ना खाएं। नम प्रकृति के कारण इनमें बैक्टीरिया होने की संभावना अधिक होती है।

**उपयोगी मसाले:** इस दौरान अपने भोजन में अदरक, लहसुन, पुदीना, धनिया, काली मिर्च, हल्दी, हींग, मेथी दानों, जायफल, तुलसी, बड़ी इलायची, सौंफ, अजवायन, करी पत्ता जैसे मसालों का उपयोग करें। ये पाचन शक्ति बढ़ाने में उपयोगी हैं।

**प्रोबायोटिक फूड:** गट में गुड बैक्टीरिया को बढ़ाने के लिए प्रोबायोटिक फूड्स को आहार में शामिल करें। इसके लिए घर पर बने दही और सेंधा नमक, अजवायन, जीरा मिलाकर नमकीन लस्सी का सेवन कर सकते हैं। ध्यान रखें कि दही फ्रिज में रखा ठंडा ना हो। खाने से करीब 15 मिनट पहले फ्रिज से बाहर निकाल लें।

**पिएं स्वच्छ-शुद्ध पानी:** इस मौसम में पेयजल की शुद्धता का विशेष ध्यान रखें। घर में चाहे एक्वागार्ड या आरओ लगा हो या जल बोर्ड का पानी आता हो। बेहतर होगा कि पानी को कम से कम 2-3 मिनट तक उबालें। ठंडा होने पर छानकर ही इस्तेमाल करें। या फिर 20 लीटर पानी में 500 मिलीग्राम क्लोरीन की गोली मिलाकर पानी साफ करें। तांबे या चांदी के बर्तन में पानी पीना फायदेमंद है। इससे कीटाणुओं का नाश होता है और पानी भी स्टर्लाइज होता है। कोशिश करें, फ्रिज का ठंडा पानी इस मौसम में ना पिएं।



**सूप-काढ़ा है फायदेमंद:** शरीर को डिटॉक्स करने के लिए इस मौसम में लिक्विड डाइट अधिक लें। वेजिटेबल सूप, अदरक, तुलसी, काली मिर्च की चाय या काढ़ा जैसे पेय लें। हर्बल या ग्रीन टी, कॉफी जैसे गर्म पेय और रात को सोने से पहने गोल्डन मिल्क या हल्दी वाला गर्म दूध भी ले सकते हैं। इनमें मौजूद विटामिंस और मिनरल्स बारिश के मौसम में आपकी इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाते हैं।

**रखें साफ-सफाई:** भोजन बनाते समय सफाई का विशेष ध्यान रखें। बाजार से लाए गए फल-सब्जियों को नमक मिले गुनगुने पानी या सिरका मिले पानी से अच्छी तरह धोने के बाद ही इस्तेमाल करें। ताकि इनमें मौजूद हानिकारक बैक्टीरिया खत्म हो सकें और हमारे स्वास्थ्य को किसी तरह का नुकसान ना हो। इस मौसम में संक्रमण से बचने के लिए हाइजीन का खास ख्याल रखें। छींकने-खांसने के बाद, खाना पकाने से पहले और भोजन करने से पहले हाथों को साबुन और पानी से साफ करें। वॉशरूम यूज करने के बाद या फिर बाहर से घर में आने पर हाथों को जरूर धोएं। *

**प्रस्तुति:रजनी अरोड़ा**

### इनसे करें परहेज

**बारिश के** मौसम में पकौड़े और समोसे आदि खाने में बहुत मजा आता है लेकिन इनकी वजह से ब्लोटिंग यानी पेट फूलने की समस्या हो सकती है। ऑयली या फ्राइड फूड्स खाने के बजाय ग्रिल्ड और तंदूरी आहार खाएं। ऑयल कम इस्तेमाल होने के कारण इनके सेवन से पाचन संबंधी समस्याएं कम होती हैं। फ्राइड खाना बनाने के लिए सरसों, मूंगफली और तिल जैसे हैवी ऑयल के बजाय सोयाबीन, ऑलिव ऑयल का इस्तेमाल करें। हैवी ऑयल पित्त बढ़ाने के अलावा शरीर को कमजोर बनाते हैं। बरसात के मौसम में इंफेक्शन से बचने के लिए आइसक्रीम, कुल्फी, जूस, मिल्क शेक जैसी ठंडी चीजों के सेवन से बचें। इनके अलावा मीट, मछली, चिकन जैसे मांसाहारी पदार्थों से भी परहेज करें। इनमें बैक्टीरिया बहुत जल्दी पनपते हैं। बहुत जरूरी हो तो पकाने से पहले अच्छी तरह साफ करें और पूरी तरह पके हुए नॉनवेज ही खाएं।

हर्बल जोन / रेखा देशराज

## स्वादयुक्त-स्वास्थ्यवर्धक सोया



हालांकि सोया को स्वादिष्ट भाजी के रूप में अधिकतर स्थानों पर खाया जाता है, लेकिन इसका हर हिस्सा स्वास्थ्य के लिए भी बेहद फायदेमंद होता है। इसकी वजह इसमें मौजूद पौष्टिक तत्व होते हैं। 100 ग्राम सोया में 43 कैलोरी पाई जाती हैं। इसमें 1.1 ग्राम वसा होता है, 0 मिलीग्राम कोलेस्ट्रॉल होता है, 61 मिलीग्राम सोडियम, 738 मिलीग्राम पोटैशियम, 7 ग्राम कार्बोहाइड्रेट और 3.5 ग्राम प्रोटीन पाई जाती है। पौष्टिकता से भरपूर इन तत्वों के कारण सोया (एनेथम ग्रेवोलेंस) को स्वास्थ्यवर्धक बूटी माना जाता है। इसके पौधे की ऊंचाई आमतौर पर 16 से 24 इंच होती है। कुछ प्रजातियों की ऊंचाई 4 से 8 इंच तक ही होती है। सोया के पौधे में पीले और सफेद रंग के फूल आते हैं और इन्हीं फूलों के अंदर बाद में बीज बनते हैं। सोया की सूखी पत्तियां भी जड़ी-बूटी के रूप में इस्तेमाल होती हैं। इसकी सब्जी खाने से मेटाबॉलिज्म में सुधार होता है। ब्लोटिंग की समस्या नहीं होती और पेट में एसिडिटी और गैस से छुटकारा तो मिलता ही है।

**बीज भी होते हैं फायदेमंद:** सोया को अंग्रेजी डिल कहते हैं। इसके बीज भी ना सिर्फ स्वादिष्ट बल्कि अनगिनत पौष्टिक तत्वों से भरे होते हैं। इसलिए आयुर्वेद में सोया की पत्तियों और इसके बीजों को औषधियों के रूप में वर्गीकृत किया गया है। ये पाचन क्रिया में सुधार करते हैं, प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाते हैं, रक्तचाप को नियंत्रित करते हैं। आजकल शहरों में ज्यादातर लोग अपनी बेतरतीब लाइफस्टाइल के कारण खराब पाचन तंत्र से परेशान रहते हैं। सोया के बीज इस समस्या से छुटकारा दिलाते हैं। इसके बीज गैस, एसिडिटी और कब्ज जैसी सामान्य समस्याओं से छुटकारा दिलाते हैं। ये हमारी हड्डियों को भी मजबूत बनाते हैं। दरअसल सोया के बीजों में भरपूर मात्रा में कैल्शियम होता है, जिससे हड्डियों के घनत्व को ये बचाकर रखते हैं। इम्यूनिटी बूस्टर के रूप में भी सोया के बीजों की ख्याति है। साथ ही ये डायरिया जैसी बीमारी में भी कारगर हैं, क्योंकि इसके बीजों में फ्लेवोनोइड्स और मोनोटेरपीन पाया जाता है, ये दोनों ही चीजें शक्तिशाली एंटीबैक्टीरियल एजेंट का काम करती हैं। अगर कोई व्यक्ति अनिद्रा से पीड़ित है तो उसे भी सोया के बीज फायदा पहुंचाते हैं, क्योंकि इसके बीजों में विटामिन-बी होता है, जो शरीर को आराम देता है और नींद में मददगार होता है। जिन लोगों के मुंह से दुर्गंध आती हो, मितली उल्टी की समस्या हो, उनके लिए भी यह एक बेहतरीन घरेलू उपचार है। हाई ब्लड प्रेशर की समस्या में भी सोया फायदेमंद है। लेकिन ध्यान रखें कि बिना किसी अनुभवी वैद्य या आयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह के सोया के बीज ना खाएं, क्योंकि इसके कुछ नुकसान भी हो सकते हैं। *

योगोपचार
दिव्यज्योति 'नंदन'

## स्वस्थ दिमाग के लिए नियमित करें भुजंगासन



हालांकि हर आसन का शरीर पर बहुत लाभदायक प्रभाव पड़ता है। लेकिन कुछ आसन ऐसे हैं, जिनके अभ्यास से अनेक शारीरिक लाभों के साथ ही मानसिक स्वास्थ्य भी बेहतर होता है। भुजंगासन ऐसा ही आसन है। इसकी विधि और लाभों के बारे में जानिए।

योग से मानसिक-शारीरिक दोनों स्वास्थ्य बेहतर होते हैं। जहां तक योग से अपने मानसिक स्वास्थ्य को दुरुस्त रखने की बात है, तो इसमें कोबरा पोज या भुजंगासन विशेष रूप से फायदेमंद हैं। चूंकि यह आसन करने से रक्तप्रवाह बढ़ता है और दिमाग की कार्यक्षमता में सुधार होता है। इसलिए भुजंगासन, मानसिक स्वास्थ्य के लिए सबसे शानदार माना जाता है। हालांकि भुजंगासन के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए योग गुरु उत्तानासन योग के नियमित अभ्यास का भी सुझाव देते हैं।

**आसन की विधि:** भुजंगासन करने का सही तरीका यह है कि किसी समतल और शुद्ध हवा वाली जगह पर चटाई या अपना योगा मैट बिछाकर सबसे पहले पेट के बल लेट जाएं। इसके बाद अपनी हथेलियों को कंधे की चौड़ाई से अलग जमीन पर रखें और दोनों पैरों के तलवों को ऊपर की ओर रखें। साथ ही अब पैरों के अंगूठों को आपस में मिलाएं। इस दौरान खूब गहरी सांसें लें और धीरे-धीरे सिर को ऊपर उठाएं। सिर को ऊपर उठाने के साथ गर्दन को भी ऊपर उठाएं और फिर सीने को और फिर पेट को क्रमशः धीरे-धीरे ऊपर उठाने की कोशिश करें।

शुद्ध रूप से भुजंगासन करने की कसौटी यह है कि जब हम सिर और गर्दन धीरे-धीरे ऊपर उठाते हैं और फिर छाती से लेकर पेट तक को क्रमशः ऊपर उठाते चले जाते हैं, तो सिर से नाभि तक के हिस्से को ही आसन के दौरान ऊपर उठाना चाहिए। जबकि नाभि के नीचे से पैरों की उंगुलियों तक का भाग जमीन से बिल्कुल सटा रहना चाहिए। जब शरीर के अग्र भाग को ऊपर उठाएं तो इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि ये दोनों बाजुओं के सहारे ही ऊपर उठें। इस दौरान कोहनियां नहीं मुड़ी होनी चाहिए।

**ऊपर की ओर देखने की कोशिश:** भुजंगासन करते हुए लगातार ऊपर की ओर देखने की कोशिश करनी चाहिए। लेकिन हां, जितनी देर आसानी से हो सके, ऊपर की ओर उतनी ही देर देखने की कोशिश करनी चाहिए। अगर ज्यादा देर तक ऊपर की ओर देखना संभव ना हो तो जबरदस्ती कोशिश नहीं करनी चाहिए। गहरी सांसें लें और फिर धीरे-धीरे सांस छोड़ते हुए पहले पेट, फिर छाती और सबसे बाद में सिर को भी वापस जमीन पर ले आएं।

**और भी हैं फायदे:** भुजंगासन का अभ्यास करने के फायदे और भी बहुत हैं। जैसे- नियमित रूप से यह आसन किए जाने से कंधों की जकड़न और पेट की चर्बी का नामो-निशान नहीं रहता। सांसों से संबंधित समस्याएं दूर होती हैं और शरीर अच्छी तरह से डिटॉक्स हो जाता है। इसके अलावा हमारा पाचन बेहतर होता है, लिवर मजबूत होता है, किडनी को अपने कार्य करने में आसानी होती है। इससे किडनी की कार्यक्षमता बेहतर होती है। यह आसन विशेषकर रीढ़ की हड्डी के लिए भी रामबाण होता है। छाती और फेफड़ों को, कंधों और पेट की मांसपेशियों के लिए भी यह बहुत लाभदायक है।

**ये लोग ना करें:** गर्भवती महिलाओं, मेरूदंड के रोग से पीड़ित, हर्निया, अल्सर या कोलाइटिस जैसी बीमारियों से ग्रस्त लोगों को इस को इस आसन से दूर रहना चाहिए। *

### रखें ध्यान

**भुजंगासन देखने** में भले सरल आसन लगता हो, लेकिन यह काफी सख्त आसन है। भुजंगासन करते समय शरीर को अपनी शारीरिक क्षमताओं के मुताबिक ही तानें, क्योंकि शरीर को बहुत ज्यादा मोड़ना भी हानिकारक हो सकता है, खासकर तब जब ऐसा करने में दिक्कत हो। भुजंगासन सही से करते समय इस बात का ध्यान जरूर रखना चाहिए कि इस दौरान कोहनियां बंद ना हों, कोहनी हमेशा मुड़ी होनी चाहिए। शुरुआत में सिर्फ 30 सेकेंड तक ही कोबरा पोज में रहें। फिर जैसे-जैसे शरीर को सुकून महसूस हो, इसे क्रमशः बढ़ाकर 1 मिनट तक किया जा सकता है। इससे ज्यादा देर तक करने से परहेज करना चाहिए और 4 से 5 बार पोज दोहराना चाहिए। लेकिन शुरू में 2 से 3 बार ही काफी होता है।

हेल्थ सजेशन
मधु सिंह

## जब रात में ना आए नींद

आज की बिजी लाइफस्टाइल, टेंशन और वर्क प्रेशर की वजह से कई लोग रात में गहरी नींद सो नहीं पाते हैं। अगर आप भी ऐसी समस्या का सामना कर रहे हैं तो यहां बताए जा रहे कुछ सरल उपाय आपके लिए कारगर हो सकते हैं।



विभिन्न अध्ययन और सर्वेक्षण इस बात की तस्दीक करते हैं कि हमारे लिए प्रतिदिन 8 घंटे की नींद लेना जरूरी है। नींद का मतलब गहरी नींद में सोना होता। इसका हमारे स्वास्थ्य पर गहरा असर होता है। हमारे शरीर के अंग सुचारु रूप से काम करते हैं और हम अपने वर्क परफॉर्मेंस पर अच्छी नींद की बदौलत ही फोकस कर पाते हैं।

**नींद ना आने के कारण:** आजकल करियर और पढ़ाई का बढ़ता दबाव हमारी बॉडी क्लॉक पर बुरा असर डाल रहा है। डेडलाइन का प्रेशर, वर्क फ्रॉम होम के कारण हमारी नींद बुरी तरह बाधित होती है, जिससे हमारी बॉडी क्लॉक में विघ्न पड़ता है। इन सबका हमारी नींद की साइकिल पर बुरा असर पड़ता है। देर रात तक मोबाइल चलाना, टीवी देखना और आने वाले दिन की चिंता के कारण रात में नींद अच्छी तरह से नहीं आती। अगर आपके साथ भी ऐसा हो तो हम आपको कुछ सिंपल हैक्स बता रहे हैं, जिनको फॉलो करके आप अच्छी नींद ले सकते हैं।



**मेडिटेशन करें:** रात को सोने से पहले ऑनलाइन या हेल्थ एक्सपर्ट से सलाह लेकर मेडिटेशन करें। इसके लिए आजकल कई मेडिटेशन एप्स भी हैं, जो काफी कारगर तरीके बताते हैं, जिससे हमारी नींद का सर्कल बना रहता है। इसके तहत कई ऐसी एक्सरसाइज बताई जाती हैं, जिसमें आप अपने श्वास लेने की प्रक्रिया को नियंत्रित करते हैं और दिलो-दिमाग में शांति महसूस करते हैं।

**सोने से पहले स्नान करें:** सोने से पहले अच्छी तरह पैरों को धोना, पैरों को ठंडे पानी में थोड़ी देर भिगोकर रखना, स्नान करना, इससे हमारे शरीर को आराम मिलता है और हमें जल्दी और गहरी नींद आती है। यह काफी कारगर ट्रिक है। हालांकि अच्छी नींद के लिए स्नान करना स्वास्थ्य के लिए लाभदायक माना जाता है, लेकिन हम अकसर इसमें आलस करते हैं और ऐसा नहीं कर पाते।



**म्यूजिक सुनें:** अपनी पसंद के गाने और इंस्ट्रूमेंटल म्यूजिक की एक प्ले लिस्ट तैयार करें और रात को सोने से पहले कमरे की लाइट बुझाकर उसे सुनें। लेकिन म्यूजिक ऐसा होना चाहिए, जो आपको जल्दी दिली सुकून दे और आप आराम महसूस कर सकें।

**पॉडकास्ट सुनें:** पॉडकास्ट में थीम सॉन्स सुने जा सकते हैं। इसका मुख्य उद्देश्य है, जिस समय आप सोने की प्रक्रिया में हो तो आपके इर्द-गिर्द ऐसी आवाजें हों, जिनसे आपको दिली सुकून मिले। ये कोई पॉडकास्ट भी हो सकता है, किसी का भाषण या पक्षियों और प्रकृति से जुड़ी आवाजें, जो आपको सुकून-शांति दें।

**वातावरण को सुगंधित बनाएं:** रात को बिस्तर पर जाने से पहले कमरे के माहौल को खुशनुमा बनाएं, जिससे आपको अच्छी नींद आए। इसके लिए सबसे आसान उपाय है कि आप सुगंधित अगरबत्ती जलाएं और घर में एक अच्छा माहौल बनाकर रखें, ताकि घर का वातावरण खुशनुमा रहे।

**वर्कस्टेशन अलग रखें:** अगर आप वर्क फ्रॉम होम करते हैं तो हो सकता है आप अपने बेडरूम में ही दिन के समय काम करें और इसके बाद आप वहीं सो जाएं। लेकिन यह कोई अच्छी बात नहीं है। अच्छी नींद के लिए आपके आस-पास का वातावरण बोझिल नहीं होना चाहिए। वहां का माहौल ऐसा हो, जो आपको शारीरिक और मानसिक शांति प्रदान करे।

यहां बताए गए तमाम उपाय आपको रात में अच्छी और गहरी नींद से सोने में काफी मददगार साबित हो सकते हैं। *

पुलिस ने केस दर्ज कर शुरू की जांच, आरोपी घटना स्थल से फरार

# चरित्र शंका को लेकर गुस्साए पति ने पत्नी पर फावड़े से किया हमला, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा



चरित्र शंका को लेकर पति ने पत्नी पर फावड़े से हमला कर मौत के घाट उतार दिया। कोरबी चौकी क्षेत्र स्थित जल्के गांव के मांझा बहरा मुहल्ले की यह वारदात है। मृतका का शव घर के आंगन में पाया गया है। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया था, जिसे पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के बाद पकड़ लिया। मृतका का नाम मंगली बाई था, जिसकी हत्या उसके ही पति बसंत पोया ने कर दी। कुछ देर बाद जब आसपास के लोग उसके घर पहुंचे आंगन महिला को जमीन पर पड़ा हुआ देखा जहां वो खून से लतपत थी। इसकी सूचना कोटवार ने कोरबी चौकी पुलिस को दी।

पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की जहां मुखबिर की सूचना पर आरोपी पति को पकड़ लिया है और आगे की जांच कार्रवाई में जुट गई है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यूपीएस चौहान ने बताया कि महिला के सिर पर चोट के निशान पाए गए हैं। वहीं फावड़े से हमला किया गया है। घटना के बाद आरोपी पति मौके से फरार हो गया था, जिसे पकड़ लिया गया है। प्रथम जांच के दौरान चरित्र शंका को लेकर हत्या करना पाया गया है। पुलिस आगे की जांच कार्यवाही में जुट गई है। बताया जा रहा है कि मृतका की 6 वर्ष की एक बच्ची भी है जो घटना के दौरान गांव में अपनी सहेली के घर खेलने गई हुई थी। पुलिस पूछताछ में पता चला कि पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता रहता था।

# तेज रफ्तार वाहन अनियंत्रित होकर पलटा, घटना में तीन लोग घायल



**जगदलपुर।** आसना के आगे मोड़ में बुधवार की दोपहर एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलटी मारते हुए सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। इस घटना में तीन लोग घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। जगदलपुर में आसना के आगे मोड़ में बुधवार की दोपहर एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलटी मारते हुए सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। मंदिर जाने के दौरान हुए हादसे में आसना के नयापारा निवासी पारेश्वर यादव 24 वर्ष की मौत हो गई है जबकि अन्य घायलों का इलाज जारी है। कार पारेश्वर यादव ही चला रहा था तभी अचानक से सामने से आ रही वन विभाग की बोलेरो से टक्कर होने के बाद सड़क पर चल रही एक बाइक भी इसके चपेट में आ गई। जिससे बाइक चालक भी गिर पड़े, लेकिन बाइक चालक को चोट नही आई, और कार में सवार युवकों को गंभीर चोट आई । जहां पारेश्वर ने अस्पताल पहुँचने से पहले ही दम तोड़ दिया, जबकि दोनों घायलों का इलाज मेकाज में चल रहा है।

सीएम से भेंटकर सौंपी तस्वीर, पीएम मोदी भी सोशल मीडिया पर करते हैं फॉलो

# केबीसी में जाने की तैयारी कर रहे दिव्यांग आयुष ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की तस्वीर बनाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खरगोन जिले के बड़वाह निवासी दिव्यांग युवक आयुष कुंडल ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को विधानसभा स्थित कक्ष में तस्वीर भेंट की। खास बात यह है कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव की तस्वीर बनाने वाले आयुष ने ये तस्वीर पैरों से बनाई है।

वो चित्रकला में दक्ष है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी उनकी तस्वीर बनाकर भेंट कर चुका है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रतिभावान कलाकार को शाबाशी देते हुए एक लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि देने को कहा है।

### अमिताभ बच्चन से कर चुका मुलाकात

आयुष की मां का कहना है कि जीवन में उसके पांच सपने थे, जिसमें चार पूरे हो चुके है। आयुष अमिताभ बच्चन से मिलने का अपना सपना भी पूरा कर चुका है। वहीं अब उसका कौन बनेगा करोड़पति में जाने का सपना है। इसकी वो तैयारी कर रहा है। सोशल मीडिया पर पीएम नरेंद्र मोदी सहित कई सांसद उसके फॉलोअर है।

कैंसर केयर गोष्ठी और सम्मान समारोह का आयोजन

# कैंसर से हारना नहीं, उसे हराना है, महिलाओं को परीक्षण के लिए नि:शुल्क कूपन वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

सामाजिक सरोकारों के निर्वहन में भिवानी परिवार मैत्री संघ (बीपीएमएस) ने निरंतर कीर्तिमान स्थापित किए हैं। अन्य सामाजिक संघों, संगठनों के लिए प्रेरणा स्रोत बन चुके बीपीएमएस ने वर्ष भर का लक्ष्य तय करके हजारों मरीजों, जरूरतमंद लोगों के जीवन में नई आशा का संचार किया, उन्हें प्रतिकूल परिस्थितियों से जूझने के लिए संबल प्रदान किया। इसी क्रम में बीपीएमएस ने दिल्ली के राजीव गांधी कैंसर हास्पिटल एवं रिसर्च सेंटर, रोहिणी में कैंसर केयर गोष्ठी व सम्मान समारोह का आयोजन किया। इसमें बड़ी संख्या में मरीजों व उनके परिजनों ने भाग लिया। कैंसर केयर ग्रुप भिवानी परिवार मैत्री संघ की पिंक ब्रिगेड के इस आयोजन की चहुंओर प्रशंसा हो रही है। यही नहीं, बीपीएमएस ने इसी परिसर में विराट हास्य कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया जिसमें संदेश निहित था कि कैंसर होने का मतलब लाइफ पर 'फुलस्टॉप' लगना नहीं। कैंसर से हारना नहीं, मजबूत इच्छाशक्ति से उसे हराना है।




**सोनोटेक हास्य कवि सम्मेलन :** सोनोटेक हास्य कवि सम्मेलन में आमंत्रित कविगण राजेश चेतन, अनिल अग्रवंशी, सुंदर कटारिया, कुशल कुशवाहा एवं नेहा शर्मा ने हास्य कविताएं प्रस्तुत की जिसको सुनकर सभी गणमान्य लोग हंस हंसकर लोट पोट हो गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम की कैंसर केयर ग्रुप की सुषमा, महेंद्र तायल, मीनाक्षी, मनीष गर्ग, मंजू, रविन्द्र कनोडिया, विनिता, नीलमणि चांदगोठिया, रेणु, विपिन भगेरिया, लीलाकृष्ण रल्हन, राजेश ठुकराल, मनीष गोयल, संजय गोयल, पूजा बंसल का विशेष योगदान रहा।

### इन्होंने किया संचालन

कार्यक्रम का समग्र संचालन भिवानी परिवार मैत्री संघ के प्रधान राजेश चेतन और मीनाक्षी गर्ग ने किया। कार्यक्रम में अरूण वस्त्र भंडार के चेयरमैन सचिन जैन एवं उनकी पत्नी सुनयना जैन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ दिनेश भुरानी ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रमोद माहेश्वरी एवं उपस्थित सदस्यों ने दीप प्रज्वलन द्वारा किया। इस मौके पर डॉ सुधीर रावल का अभिनंदन तथा अमित जैन पुत्र स्व. वीरेन्द्र जैन का सम्मान संस्था के पदाधिकारियों द्वारा किया गया।

### महिला कैंसर आधारित क्विज प्रतियोगिता

कार्यक्रम में पंकज गोयल द्वारा महिला कैंसर आधारित क्विज प्रतियोगिता रखी गई तथा प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कैंसर पीड़ितों की सहायता हेतु जिन लोगों ने डोनेशन दिया है, उन सभी को रामलला की प्रतिमा देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महिलाओं को कैंसर परीक्षण हेतु 50 कूपन निःशुल्क आरजीसीआईआरसी की तरफ से दिए गए।

योजना के कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करें

# कान्ह नदी के व्यपवर्तन के कार्य समय सीमा में पूर्ण हों, क्षिप्रा नदी हर हाल में हो प्रदूषण मुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने समत्व भवन मुख्यमंत्री निवास में बैठक में सिंहस्थ-2028 के लिए प्रस्तावित कार्य योजना के अंतर्गत क्षिप्रा नदी को प्रदूषणमुक्त बनाने की योजना के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने घाटों के निर्माण में ऐसे पत्थर एवं सामग्री का उपयोग करने के निर्देश दिए जो दीर्घकाल तक उपयोगी हों। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैठक में कान्ह नदी के व्यपवर्तन, कान्ह नदी पर 11 बैराजों के निर्माण, सिंहस्थ के लिए क्षिप्रा नदी में निरंतर जल प्रवाह योजना और क्षिप्रा नदी पर प्रस्तावित 18 बैराजों के निर्माण और क्षिप्रा नदी पर स्नान आदि के बेहतर प्रबंध के लिए घाटों के निर्माण तथा विकास के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

### स्थानीय लोगों को परेशान न हों

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सभी कार्यों को समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया जाए। यह भी ध्यान रखा जाए कि निर्माण कार्य चलने से स्थानीय निवासियों को कोई असुविधा न हो। बैठक में पॉवर प्वाइंट प्रेजेंटेशन से कार्यों की प्रगति का विवरण दिया गया। इसके अंतर्गत क्षिप्रा नदी पर प्रस्तावित संरचनाओं, प्रस्तावित बैराजों के निर्माण तथा आवश्यक घाटों के निर्माण से संबंधित जानकारी दी गई। जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, मुख्य सचिव वीरा राणा, अपर मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री कार्यालय एवं जल संसाधन, नर्मदा घाटी विकास विभाग डॉ. राजेश राजौरा, मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रमुख सचिव संजय कुमार शुक्ला उपस्थित थे।



## चिंतन

# हंगामा, नारेबाजी संसद की प्रकृति न बन जाएं

मोदी 3.0 सरकार के पहले संसद सत्र लक्ष्य के अनुरूप ही चले। सांसदों का शपथग्रहण हुआ, राष्ट्रपति का अभिभाषण हुआ, अभिभाषण पर चर्चा हुई, चर्चा के दौरान विपक्ष ने जहां सरकार पर अनेक आरोप लगाए, वहीं सरकार ने विपक्ष के आरोपों का जवाब दिया। पहली बार राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष के तौर पर संसद में अभिभाषण पर चर्चा में शामिल हुए। उन्होंने विषयान्तर होकर सरकार पर अनेक आरोप चस्पा किए, जिसमें सरकार को तुरंत हस्तक्षेप भी करना पड़ा। हालांकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने धन्यवाद संबोधन में लोकसभा व राज्यसभा में विपक्ष के हर आरोप का न केवल जवाब दिया बल्कि कांग्रेस को कटघरे में खड़ा भी किया। इस छोटी अवधि के सत्र की सबसे बड़ी खामी यह दिखी कि सत्ता पक्ष ने जिस धैर्य के साथ नेता प्रतिपक्ष समेत सभी विपक्षी वक्ताओं को सुना, विपक्ष ने ऐसा नहीं किया, पीएम के जवाब के दौरान कांग्रेस समेत विपक्षी सांसद होहल्ला करते रहे, नारेबाजी करते रहे, व्यवधान पैदा करते रहे। सुनाने के साथ सुनने की भी शिष्टता की जरूरत होती है। विपक्षी खासकर कांग्रेस सदन के कामकाज में खलल डालने में सबसे आगे रही। केवल आरोप लगा देना ही काफी नहीं है, उसका जवाब सुनना भी आवश्यक है। पीएम मोदी के संबोधन के दौरान लोकसभा व राज्यसभा में कांग्रेस सांसदों ने जिस प्रकार सयास व्यवधान डाला, शोरगुल किया, वह अशोभनीय है, संसद की गरिमा के खिलाफ है। सांसदों का सदन में दायित्व है कि जब कोई संसद सदन में अपनी बात रखें तो उपस्थित सांसदों को उसे शांतचित्त से सुनना चाहिए। होहल्ला करने से कोई किसी की बात न सुन सकेगा, न समझ सकेगा और न संवाद प्रेषित हो सकेगा। लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका अहम है, लेकिन वह रचनात्मक होनी चाहिए, अवरोधक नहीं होनी चाहिए। दुर्भाग्य से हमारी संसद में विपक्ष ने अपनी भूमिका अवरोधक की तय कर ली है। विपक्ष को भ्रम हो गया है कि जनादेश उसके पक्ष में है, जबकि ऐसा नहीं है। देश की जनता ने जनादेश मोदी नीत राजग को दिया है, इसजिए राजग ने लगातार तीसरी बार केंद्र में सरकार बनाई है। राहुल गांधी को यह भी भ्रम है कि भाजपा व संघ के लोग ऐसे हिंदू हैं जो हिंसा की बात करते हैं, जबकि ऐसा नहीं है, यह हिंदू के एक बड़े वर्ग को अपमानित करने जैसा है। पीएम मोदी ने नीट पर विपक्ष के सवालों का जवाब दिया कि एक भी दोषी बख्शे नहीं जाएंगे। कश्मीर में आतंकवादी घटनाओं को लेकर विपक्ष के आरोपों पर पीएम ने जवाब में कहा कि घाटी में आतंकवाद अंतिम चरण में है, सरकार इसके खात्मे करने को लेकर प्रतिबद्ध है। भ्रष्टाचार बढ़ने के विपक्ष के आरोपों पर पीएम ने कहा कि सरकार ने करप्शन के खिलाफ काम कर रही एजेंसियों को खुली छूट दे रखी है, दोषी कटघरे में खड़े किए जाएंगे। पीएम ने सदन को आश्वस्त भी किया कि उनके नेतृत्व वाली सरकार के आने वाले पांच वर्ष गरीबों के खिलाफ लड़ाई के लिए निर्णायक हैं। आज ही आर्थिक शोध संस्थान नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लायड एकोनॉमिक रिसर्च ने अपने शोधपत्र में दावा किया है कि कोविड महामारी से उत्पन्न चुनौतियों के बावजूद भारत में गरीबी वित्त वर्ष 2011-12 के 21.2 प्रतिशत से घटकर 2022-24 में 8.5 प्रतिशत पर आ गई। यह मोदी सरकार के दस साल की कार्यावधि की बड़ी उपलब्धि है कि गरीबी में 12.5 फीसदी के करीब कमी आई है। ये आंकड़े बताते हैं कि मोदी सरकार की नीति भी सही है और नीयत भी। मोदी सरकार जनकल्याण की भावना राष्ट्र के विकास व गरीबी उन्मूलन के लिए काम कर रही है। संसद में विपक्ष को हंगामे का प्रतीक बनने की बजाय रचनात्मक लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए काम करना चाहिए।

## सवाल

डॉ. रमेश ठाकुर



# किसकी लापरवाही से सत्संग स्थल बना श्मशान घाट

सत्संग स्थल को किसने श्मशान घाट में तब्दील किया? ये सवाल घटना घट जाने के बाद हादसा स्थल के चारों ओर गूंज रहा है। जवाब कौन देगा और कौन है हादसे का जिम्मेदार? ये सवाल भी वहां मुंह बाये खड़ा हुआ है। भगदड़ में मरने वालों की फैली लाशें, कराहते घायल श्रद्धालुओं की चीखें देखकर परिजनों की हिम्मत जवाब देती दिखी। राहत-बचाव में जुटे कर्मियों के कलेजे भी कपकपा रहे थे। हाथरस में भोले बाबा के सत्संग में संभावित या आपातकाल की घटनाओं को रोकने के लिए प्रशासनिक इंतजाम अगर थोड़े से भी होते तो इतनी दर्दनाक घटना नहीं घटती। हैरानी की बात ये है कि पांच हजार सत्संगियों की रक्षा में मात्र 73 पुलिसकर्मी तैनात थे, जिनमें दो दर्जन तो होमगार्ड ही थे। घटना का शोर जब तेजी से मचने लगा तो सबसे पहले सुरक्षाकर्मी ही भाग खड़े हुए। प्रशासन और आयोजक दोनों गहरी नींद में सोए हुए थे। सत्संग स्थल पर एक भी एंबुलेंस की व्यवस्था नहीं थी। न ही कोई फायर ब्रिगेड की गाड़ी वहां तैनात थी और न ही कोई विशेष अन्य व्यवस्थाएं की गईं थीं, हाथरस भगदड़ हादसा स्थानीय प्रशासन की घोर लापवाही का नतीजा इसलिए कहा जाएगा, क्योंकि जिस सत्संग स्थल पर बाबा भोले नाथ प्रवचन का आयोजन था, उसमें मात्र पांच हजार लोगों की बैठने की व्यवस्था थी। लापरवाही देखिए 50 हजार से अधिक सत्संग प्रवचन सुन पहुंचे हुए थे, इसलिए सत्संग स्थल कैसे बना श्मशान घाट? उसकी असल सच्चाई सबके सामने है। सत्संग स्थलों पर यह न पहला हादसा है और न ही अंतिम? इससे पूर्व भी कई दर्दनाक हादसे हुए। लेकिन घटना हो जाने पर शासन से लेकर प्रशासन तक खलबली मच जाती है, पर जैसे ही मामले की तपिश कुछ शांत होती है, प्रशासन दूसरे हादसे का इंतजार करने लगता है। हाथरस का लोकल प्रशासन अगर वास्तव में थोड़ा भी अलर्ट होता। इतने श्रद्धालुओं को सत्संग में पहुंचने की इजाजत नहीं देता, तो सैकड़ों लोग बेमौत मरने से बच सकते थे। हादसा होते ही प्रवचन सुनाने वाला बाबा फरार हो गया। बाबा की हकीकत जाने तो वह कोई जन्मजात साधु या प्रवचनकर्ता नहीं है और न ही लंबे समय से इस क्षेत्र में है। आधी उम्र बीतने के बाद उसे प्रवचन सुनाने का शौक चढ़ा। करीब 26 वर्ष तक उन्होंने इंटेलिजेंट ब्यूरों में सामान्य कर्मचारी के तौर पर नौकरी की, नौकरी छोड़ने के बाद उसके अपना नाम बदला और 'विश्व हरि भोले' रख लिया। फिर कूद पड़ा आध्यात्मिक क्षेत्र में, बीते कुछ वर्षों में उन्होंने हिंदी पट्टी के राज्यों में लाखों की संख्या में अपने अनुयायी बनाए। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, हरियाणा व बिहार में उनके भक्तों की संख्या बहुतायत है। ग्रामीण स्तर की महिलाएं इनकी भक्त ज्यादा हैं। जाहिर सी बात महिलाएं जब कहीं जाती हैं तो अपने साथ छोटे बच्चों को जरूर ले जाती हैं। मंगलवार को भी कमोबेश कुछ ऐसा ही हुआ। सवाल उठता है सरकार-प्रशासन इस हादसे से कुछ सबक लेगा या फिर मुआवजा और सहानुभूति देकर मात्र मामला शांत करेगा। मुख्यमंत्री से लेकर प्रधानमंत्री और पक्ष-विपक्ष के नेता भी दुख प्रकट कर रहे हैं, करना भी चाहिए, घटना ही ऐसी, जो सुन रहा है उसके रौंगटे खड़े हो रहे हैं। घटना का दोषी समूचा स्थानीय प्रशासन है, उसकी लापरवाही से ही ये घटना घटी। घटना कैसे घटी ये जानना जरूरी है। प्रवचन सुनाने वाले बाबा की जब इंट्री हुई तो उसे करीब से देखने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उनके काफिले पर टूट पड़ी। अगर वहां दो-चार दर्जन सुरक्षाकर्मी तैनात होते तो ऐसी घटना शायद न घटती। वो भीड़ को नियंत्रित कर सकते थे, पर यहां सवाल एक ये भी उठता है कि आयोजकों ने पुख्ता इंतजाम क्यों नहीं किए? भीड़ अगर ज्यादा थी तो प्रशासन से अपील करनी चाहिए थी। सैकड़ों श्रद्धालुओं के हताहत होने की खबर घटना के कुछ घंटों बाद ही सामने आ चुकी है। हताहतों की संख्या का बढ़ना भी अभी निश्चित है, क्योंकि सैकड़ों घायल श्रद्धालु विभिन्न अस्पतालों में गंभीर हालत में भर्ती हैं, लेकिन सत्संग स्थल कैसे समाधि स्थल बना इसकी जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। प्रदेश सरकार ने मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख तथा घायलों को 50-50 हजार की आर्थिक सहायता देने का ऐलान कर दिया है। वहीं, केंद्र सरकार ने भी आर्थिक सहायता राशि देने की घोषणा की है, लेकिन ये मुआवजा वह जख्म कभी नहीं भर सकता है, जो इस हादसे ने दिया है। दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए, दोषी चाहे फिर आयोजक हों या प्रशासनिक अधिकारी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



संसद


उमेश चतुर्वेदी

# ...गरिमापूर्ण बना रहे लोकतंत्र

1999 के आम चुनाव में मधेपुरा सीट से शरद यादव के हाथों हारने के ठीक तीन साल बाद लालू यादव राज्यसभा पहुंचे। संसद के दोनों सदनों की एक परिपाटी रही है। जब भी कोई नया सदस्य बोलता है, पूरे सदन से उम्मीद की जाती है कि उससे टोका-टाकी ना हो, लेकिन नए सदस्य से भी उम्मीद की जाती है कि वह भी अपने भाषण में ऐसे मुद्दों को ना शामिल करे, जो विवादित हों। लालू यादव कहां मानने वाले थे। भाषण के शुरूआत के कुछ ही देर बाद वे उन सारे मुद्दों पर आ गए, जिन पर सदन में शोरशराबा होना लाजिमी था। राज्यसभा की तत्कालीन उपसभापति नजमा हेपतुल्ला ने लालू यादव के भाषण पर तत्काल रोक लगा दी थी।

वर्ष 1999 के आम चुनाव में मधेपुरा सीट से शरद यादव के हाथों हारने के ठीक तीन साल बाद लालू यादव राज्यसभा पहुंचे। संसद के दोनों सदनों की एक परिपाटी रही है। जब भी कोई नया सदस्य बोलता है, पूरे सदन से उम्मीद की जाती है कि उससे टोका-टाकी ना हो, लेकिन नए सदस्य से भी उम्मीद की जाती है कि वह भी अपने भाषण में ऐसे मुद्दों को ना शामिल करे, जो विवादित हों। लालू यादव कहां मानने वाले थे। भाषण के शुरूआत के कुछ ही देर बाद वे उन सारे मुद्दों पर आ गए, जिन पर सदन में शोरशराबा होना लाजिमी था। शोर बढ़ता देख राज्यसभा की तत्कालीन उपसभापति नजमा हेपतुल्ला आसन पर पहुंची, क्योंकि तब आसन कोई और संभाल रहा था। उन्होंने लालू यादव के भाषण पर तत्काल रोक लगा दी। उन्हें समझाया कि एक राज्य के मुख्यमंत्री रहे और एक पार्टी के अध्यक्ष से ऐसी असंसदीय परंपरा की उम्मीद नहीं की जा सकती। लालू यादव ने आसन की बात मानी और फिर उन्होंने अपना भाषण पूरा किया।

इसके बरक्स आज की संसद को हमें देखना चाहिए। हमने जिस संसदीय लोकतंत्र को स्वीकार किया है। वह एक तरह से ब्रिटेन की कॉपी है। ब्रिटेन की संसद में कई अच्छी परंपराएं हैं। जैसे संसद का कोई सदस्य किसी पर बिना किसी प्रमाण के आरोप नहीं लगा सकता। सांसद चाहे जिस भी पृष्ठभूमि या दल का हो, वह हवा-हवाई किसी पर आरोप नहीं लगाता। लोकतांत्रिक शासन प्रणाली में संसद को सबसे पवित्र दर्जा हासिल है। इसी पवित्रता बोध पर ही संसदीय परंपराएं निर्मित हुई हैं और उन्हें पल्लवित-पुष्पित किया गया है। देश चाहे जो भी हो, अगर वहां लोकतंत्र मजबूत बना हुआ है तो इसकी बड़ी वजह वहां की लोकतांत्रिक प्रक्रिया में संसद के प्रति पावन भाव की बड़ी भूमिका है। संविधान सभा की बहसों से जब हम गुजरेंगे तो हमें पता चलेगा कि संविधान निर्माताओं ने अपनी संसद के प्रति भी ऐसा ही भाव रखा था। जिसका कमोबेश हर दल पालन करता रहा है, लेकिन हाल के कुछ वर्षों में संसद को पवित्र जगह मानने का भाव कमजोर हुआ है। कुछ राज्यों की विधानसभाएं अखाड़े में जरूर परिवर्तित होती रही हैं। तमिलनाडु की विधानसभा में जयललिता से हुई बदसलूकी और उत्तर प्रदेश की विधानसभा में हुई खुली मारपीट इसका उदाहरण हैं, लेकिन कुल मिलाकर हर विधानसभा से यही उम्मीद की जाती रही है कि उनके यहां भी पवित्रता बोध से भरी संसद जैसा ही बर्ताव होगा। शायद यही वजह है कि संसदीय कार्यवाही को लेकर खास तरह के आदरभाव की उम्मीद की जाती रही है। हाल के कुछ वर्षों में यह आदरभाव कम हुआ है। इसकी बड़ी वजह यह है कि आज की राजनीतिक पीढ़ी संसद को अपनी भड़ास निकालने और इस पूरी प्रक्रिया में अनर्गल प्रलाप करने का माध्यम तक मान चुकी है। दिल्ली की अरविंद केजरीवाल सरकार ने इस सोच को एक कदम और आगे बढ़ा दिया। विधानसभा और राज्य का विषय भले ही न हो, लेकिन उस पर विचार के लिए विधानसभा बुला ली संसदीय विशेषाधिकार का इस्तेमाल करते हुए अनाप-शनाप बोला और आरोप लगा दिया। दिल्ली विधानसभा



की तमाम कार्यवाहियों के देखेंगे तो हर बार कुछ दिन ऐसे जरूर रहेंगे, जब सत्ता पक्ष, मुख्यमंत्री या मंत्री केंद्र सरकार, विपक्षी नेता पर आधारहीन आरोप लगाएगा।


राष्ट्रपति के अभिभाषण पर हुई चर्चा के दौरान राहुल गांधी का भाषण भी अरविंद केजरीवाल मार्का राजनीति का विस्तार लगता है। दरअसल संसद या विधानमंडलों के सदस्यों को एक विशेषाधिकार हासिल है। संसद या विधानमंडल में बोलने या वहां किसी पर आरोप लगाने को लेकर किसी भी अदालत में मुकदमा नहीं चलाया जा सकता। केजरीवाल सरकार इसी विशेषाधिकार का इस्तेमाल करके बार-बार विधानसभा सत्रों में आरोप लगाती रही है। केजरीवाल बाहर रहते हुए भी खूब आरोप लगाते रहे। आधारहीन आरोपों को लेकर जब अरुण जेटली और नितिन गडकरी ने अदालती कार्यवाही की तो बिना शर्त माफी भी मांग ली। कई ऐसे और भी मामले रहे। इसी तरह राहुल गांधी भी जनसभाओं में आरोप लगाते रहे। ऐसे आरोपों को लेकर उन पर मामले भी चल रहे हैं। जिसमें एक रांची में भी चल रहा मामला है। ठाणे में भी उन पर मामला चल रहा है। राहुल गांधी से उम्मीद थी कि वे संसद में जो भी आरोप लगाएंगे, कम से कम उनके पास उनका ठोस आधार होगा। अगर वे ऐसा करते तो उनके कई आरोपों को संसदीय कार्यवाही के रिकॉर्ड से हटाया नहीं जा सकता था। यह बात और है कि संसदीय कार्यवाही से उनके बयानों के कई अंशों को हटाने को लेकर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला पर आरोप लगाए जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि वे सरकार के दबाव में ऐसा कर रहे हैं। कांग्रेस की रणनीति है कि जनता यह मान लें कि राहुल गांधी ने जो किया है, वही सही है। जनता का एक वर्ग इसे मान भी लेगा। सोशल मीडिया के दौर में ऐसा संभव भी है। आज पृष्ठभूमि की तह तक जाने का लोगों के पास वक्त नहीं है। सोशल मीडिया ने हमें तात्कालिक सूचनाओं को ही समूचा ज्ञान मानने की प्रक्रिया का सफल अंग बना दिया है। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर हुई चर्चा का जवाब पारंपरिक तौर पर प्रधानमंत्री देता है। प्रधानमंत्री के जवाब के वक्त जिस तरह लगातार टोकाटाकी हुई, वह भी संसदीय परंपरा का खुला उल्लंघन है। संसदीय परंपरा है कि जब प्रधानमंत्री बोल रहा हो तो दूसरा सदस्य तब बोलेगा, जब प्रधानमंत्री उसे मौका देते हुए अपनी सीट पर बैठ जाएं। अगर प्रधानमंत्री खड़ा है तो मतलब है कि सदन को उसे सुनना है। अगर सदन को किसी बात पर आपत्ति है तो सदस्य बाद में प्रधानमंत्री से स्पष्टीकरण मांग सकते हैं। इस संदर्भ में अटल बिहारी वाजपेयी के प्रधानमंत्री रहते वक्त लोकसभा का एक किस्सा याद आ रहा है। गुजरात से जुड़े एक मसले पर चर्चा के दौरान जब प्रधानमंत्री वाजपेयी ने हस्तक्षेप किया तो गुजरात के एक कांग्रेसी सांसद ने टोकाटाकी शुरू कर दी। उनकी टोकाटाकी से परेशान वाजपेयी यह कहते हुए बैठ गए कि अब आप ही बोलिए, प्रधानमंत्री नहीं बोलेगा। अटल के बैठते हुए पूरी सदन में जैसे सन्नाटा छा गया। इसके बाद प्रियरंजन दास मुंशी अपनी सीट पर खड़े होकर बताने लगे कि अटल जी भाषण क्यों नहीं देंगे। ऐसे में जिस कांग्रेसी सांसद ने वाजपेयी को टोक-टोक कर परेशान किया था, शर्मिंदा हो गए और वाजपेयी से माफी मांगी। उसके बाद प्रधानमंत्री अपनी सीट पर खड़े हुए और तत्कालीन चर्चा पर विपक्ष की बखिया उधेड़ दी। मंत्रियों का जोरदार बचाव किया।

ये संसदीय परंपरा बहुत पुरानी बात नहीं है। सवाल यह है कि क्या आज के सांसद और विशेषकर नेता प्रतिपक्ष जैसे अहम सांसद भी अपनी जिम्मेदारी नहीं समझेंगे? सदन में जो बोला जा रहा है, चाहे जितना भी ताकतवर सांसद हो, वैसा सदन के बाहर बोले तो उसके खिलाफ मुकदमों की बौछार हो सकती है। संसदीय परंपराओं की महानता को हम बचाकर नहीं रखेंगे तो इसके संदेश बेहद खराब होंगे। लोग और वोटर फिर संसद को क्यों गंभीर मानेंगे। इससे संसद की गरिमा का पतन होगा और अंततः इससे लोकतंत्र कमजोर होगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# ऐसी है ईश्वर के नाम की महिमा!



संकलित

## दर्शन

ईश्वर के नाम का जप अनोखे आनंद को जन्म देता है। इसका वर्णन करना कठिन ही नहीं, असंभव भी है। भगवन्नाम हमारे अंदर एक प्रकार की अलौकिक शक्ति भर देता है। वह हमारे स्वभाव में आश्चर्यजनक परिवर्तन कर देता है। वह मनुष्य को देवताओं के समान गुणों से अलंकृत कर देता है। वह हमारे पुराने पापों, वासनाओं, संकल्पों, संदेह तथा अनेक प्रकार की मलिन चित्त-वृत्तियों को नष्ट कर देता है। जिस प्रकार अग्नि में जलने योग्य प्रत्येक वस्तु को जला देने की स्वाभाविक शक्ति है। उसी प्रकार ईश्वर के नाम में भी पाप, मलिन-वृत्ति और वासना को जलाने के साथ अनंत, आनंद और अमर शांति प्रदान करने की भी शक्ति है। जैसे दावाग्नि में वृक्ष, काष्ठादि को जलाने की शक्ति स्वाभाविक है। उसी प्रकार ईश्वर के नाम में पाप-रूपी वृक्ष को उसकी जड़ और शाखाओं सहित जला डालने की अद्भुत और स्वाभाविक शक्ति है। ईश्वर का नाम भाव-समाधि द्वारा भक्त को ईश्वर से मिला देता है। हे मनुष्य! ईश्वर के नाम की शरण में जा। निरंतर ईश्वर का नाम जपा कर। प्रत्येक श्वास के साथ ईश्वर के पवित्र नामों का उच्चारण कर। इस कराल कलिकाल में ईश्वरत्व तक पहुंचने के लिए नाम-स्मरण अथवा जप सबसे अधिक सुगम, शीघ्र, सुरक्षित और निश्चित मार्ग है। यह अमरत्व और अनंत आनंद का दाता है। हे परमात्मन, तेरी और तेरे नाम की महिमा अपरम्पार है। तुम गणिका पिंगला की कहानी तो जानते ही होंगे। वह भी राम का नाम लेने से कितनी जल्दी एक साध्वी बन गई थी।

# बुराइयों का कारण जाने बिना उससे मुक्ति नहीं



संकलित

## प्रेरणा

हर रोज की तरह एक दिन भगवान बुद्ध सुबह भिक्षुओं की सभा में आए। सभा में प्रतीक्षा कर रहे उनके शिष्य यह देखकर चकित हुए कि बुद्ध पहली बार अपने हाथ में कुछ लेकर आए हैं। वह हमेशा खाली हाथ आते हैं। लेकिन आज उनके हाथ में कपड़े का एक टुकड़ा था। सभी शिष्य यह देखकर समझ गए कि आज कोई विशेष प्रयोजन है। बुद्ध अपने आसन पर आकर बैठ गए। उन्होंने किसी से कुछ नहीं कहा और कपड़े के टुकड़े में थोड़ी-थोड़ी दूरी पर पांच गांठें लगा दीं। सब शिष्य इंतजार कर रहे थे कि बुद्ध अब क्या कहेंगे। बुद्ध ने वहां उपस्थित अपने सभी शिष्यों से पूछा कि क्या कोई मुझे बता सकता है कि क्या यह कपड़े का वही टुकड़ा है, जो गांठें लगने से पहले था। शारिपुत्र ने कहा, 'एक प्रकार से तो यह कपड़े का टुकड़ा वही है क्योंकि इसमें किसी तरह का परिवर्तन नहीं हुआ है। लेकिन दूसरी तरह से देखें तो पहले इस कपड़े में पांच गांठें नहीं थीं। इस नजरिये से यह पहले जैसा नहीं रहा। यद्यपि इसकी मूल प्रकृति अपरिवर्तित है। इसका केवल बाहरी रूप बदला है। बाकी सब कुछ वही है।' बुद्ध ने शारिपुत्र से सहमति जताते हुए कहा कि तुम सही कह रहे हो। अब मैं इन गांठों को खोल देता हूं। यह कहकर बुद्ध उस कपड़े के दोनों सिरों को पकड़ कर खींचने लगे। उन्होंने शारिपुत्र की ओर देखते हुए पूछा कि क्या तुम्हें लगता है कि मैं इस प्रकार इनकी गांठों को खोल पाऊंगा। शारिपुत्र ने कहा, 'नहीं तथागत, इस प्रकार तो यह गांठें और कस जाएंगी। इस प्रकार यह कभी नहीं खुलेंगी।' बुद्ध ने कहा, 'ठीक है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### मजदूरों को सेवानिवृत्ति के बाद मिले पेंशन

हर साल मजदूर दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर कई प्रोग्राम होते हैं, लेकिन मजदूरों की वास्तविक स्थिति ज्यादा अच्छी नहीं है। कारण यह है कि उन्हें मेहनत के अनुसार पगार नहीं मिलती है। इसलिए मजदूरों को उनके बुढ़ापे में सरकार की ओर से प्रति माह 15,000 हजार रुपए की पेंशन दी जानी चाहिए। इससे सरकारी कोष पर कुछ बोझ जरूर पड़ेगा, लेकिन जब कुछ राज्यों में सरकारी कर्मचारियों को ओपीएस दी जा सकती है, तो मजदूरों के कल्याण के लिए सरकारों को यह बोझ भी वहन कर लेना चाहिए। इससे मजदूरों को बुढ़ापे की जो चिंता होती है, वह खत्म हो जाएगी और उनके चेहरों पर मुस्कान फैलेगी।

*-गज्जू राम साहू*

## ट्रेंड

### ईवीएम से कांग्रेस का बैर



डॉ.भीमराव अंबेडकर जब 1952 का चुनाव लड़ने गए तब नेहरू ने उनके खिलाफ प्रचार किया! उस चुनाव में 'डॉ.अंबेडकर जी 14 हजार वोट से हारे और आश्चर्यजनक रूप से 78 हजार वोट अमान्य किए गए!' तो 'ईवीएम से कांग्रेस का बैर और बैलेट पेपर से कांग्रेस का प्यार पुराना है।'

-जेपी नडडा, केंद्रीय मंत्री

### खुद को याद दिलाएं



अगर आप चाहते हैं कि आपका रिश्ता चले, और खूब चले तो इसके लिए आवश्यक है कि खुद को लगातार यह याद दिलाएं कि दूसरा आपसे ज्यादा महत्वपूर्ण है। सत्य छिपा नहीं है-आप उससे छिप रहे हैं

-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु

### इसलिए वाकआउट किया



इंडिया गठबंधन ने इसलिए वाकआउट किया क्योंकि मोदी झूठ बोल रहे थे। वे कहते हैं कि हम संविधान के विरोध में हैं, सच्चाई यह है कि बीजेपी आरएसएस, जनसंघ और उनके राजनीतिक पुरखों ने भारत के संविधान का विरोध किया था।

-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

### दो तरह के शिक्षा मॉडल



इस देश में दो तरह के शिक्षा मॉडल हैं। पहला मॉडल, अरविंद केजरीवाल मॉडल, का लक्ष्य बेहतर शिक्षा और उज्जवल भविष्य प्रदान करना है। दूसरा प्रकार शिक्षा-परीक्षा माफिया है जो बड़े पैमाने पर पेपर लीक और बेरोजगारी को बढ़ावा देता है।

-राघव चड्ढा, आप सांसद

## करंट अफेयर

# विश्व हरि बाबा के मैनपुरी आश्रम की कड़ी सुरक्षा



हाथरस के सिकन्दराराऊ में विश्व हरि बाबा भोलेनाथ के सत्संग के बाद उनकी चरण धूलि लेने के लिये दौड़ी भीड़ में भगदड़ मचने की घटना के बाद बाबा के मैनपुरी स्थित आश्रम के बाहर कड़े सुरक्षा बंदोबस्त कर दिये गये हैं। भगदड़ कांड के बाद मैनपुरी के बिछ्वां कस्बे में स्थित भोले बाबा के आश्रम के बाहर कड़ा सुरक्षा घेरा बनाया गया है। आश्रम के बाहर कई थानों की पुलिस मौजूद है और आश्रम के अंदर मीडिया सहित किसी को भी दाखिल होने की इजाजत नहीं दी जा रही है। पुलिस क्षेत्राधिकारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि हाथरस में भगदड़ कांड के बाद से बिछ्वां स्थित विश्व हरि बाबा भोलेनाथ के आश्रम में सुरक्षा कड़ी कर दी गयी है। इस सवाल पर कि क्या बाबा आश्रम में मौजूद हैं, सिंह ने कोई जवाब नहीं दिया। हालांकि खुफिया विभाग के एक अधिकारी ने नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर बताया कि बाबा भोलेनाथ आश्रम के अंदर हैं। उनकी सुरक्षा के लिए बड़े पैमाने पर पुलिस बल तैनात किया गया है। गौरतलब है कि हाथरस के फुलरई गांव में विश्वहरि बाबा भोलेनाथ द्वारा आयोजित सत्संग के दौरान मंगलवार को मची भगदड़ में 121 लोगों की हो गई थी। मरने वालों में ज़्यादातर महिलाएँ हैं। अधिकतर श्रद्धालुओं की दम घुटने से मौत हुई और लोग एक-दूसरे के ऊपर ढेर होते गए।

## ऑफ बीट

# 10 भारतीय भाषाओं में 'ट्रांसलेशन फेलोशिप' विजेताओं की घोषणा




न्यू इंडिया फाउंडेशन (एनआईएफ) ने तमिल, गुजराती, हिंदी और उर्दू में 2024-25 के लिए एनआईएफ 'ट्रांसलेशन फेलोशिप' के विजेताओं की बुधवार को घोषणा की। एनआईएफ 'ट्रांसलेशन फेलोशिप' 10 भारतीय भाषाओं असमिया, बांग्ला, गुजराती, हिंदी, कन्नड़, मराठी, मलयालम, उड़िया, तमिल और उर्दू के कथेतर रचनाओं के अनुवाद के लिए प्रदान किया जाता है। फाउंडेशन ने एक बयान में बताया कि प्रत्येक विजेता को छह महीने के लिए यह फेलोशिप दी जाती है और इस अवधि में छह- छह लाख रुपये की राशि प्रदान की जाती है। फेलोशिप प्राप्त करने के लिए व्यक्ति को 1850 के बाद प्रकाशित ऐतिहासिक भारतीय भाषा की रचनाओं का अंग्रेजी में अनुवाद करना होता है। एनआईएफ फेलोशिप के अध्यक्ष श्रीनाथ राघवन ने एक बयान में कहा, 'ट्रांसलेशन फेलोशिप' का उद्देश्य भारतीय भाषाओं में भारत के बारे में रची गई कथेतर रचनाओं का अंग्रेजी में अनुवाद करना है, जिससे इन महत्वपूर्ण रचनाओं को ज्यादा से ज्यादा पाठक वर्ग तक पहुंचाया जा सके। विजेताओं को संपादकीय और वित्तीय सहायता के साथ-साथ एनआईएफ के न्यासियों, द्विभाषी विद्वानों और लेखकों से बनी भाषा विशेषज्ञ समिति के साथ काम करने का अवसर भी मिलेगा।

## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## पुतिन, किशिदा सहित कई देशों ने 'हाथरस' पर प्रकट किया शोक

# पुतिन ने मृतकों के परिजनों के प्रति सहानुभूति और संवेदनाएं व्यक्त की व सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश के हाथरस में सत्संग के दौरान मची भगदड़ में मारे गए 121 लोगों के मामले को लेकर दुनियाभर से शोक-संवेदनाएं प्रकट की जा रही हैं। इसमें बुधवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और जापान के प्रधानमंत्री फूमियो किशिदा ने अपने संदेश में इस हादसे को लेकर शोक व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र ठीक होने की कामना की है। वहीं, भारत में मौजूद चीन, इजरायल, जर्मनी और फ्रांस जैसे देशों के राजनयिकों ने भी घटना पर शोक जताते हुए अपनी संवेदनाएं प्रकट की हैं। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने इस दुखद हादसे पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना शोक संदेश भेजा है। जिसमें उन्होंने कहा कि 'इस दुखद हादसे पर कृपया मेरी सच्ची संवेदनाएं स्वीकार करें'। जापान के प्रधानमंत्री फूमियो किशिदा ने कहा कि उत्तर प्रदेश में हुई भगदड़ की घटना में मारे गए लोगों से जुड़े हादसे के बारे में सुनकर अत्यंत दुख पहुंचा है।



### दुखद घटना से स्तब्ध और दुखी हूं: चीनी राजदूत

*चीनी राजदूत शू फेइहोंग ने इस घटना में हुई मौतों पर मंगलवार रात को 'एक्स' पर पोस्ट जारी कर शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के हाथरस में हुई दुखद घटना से स्तब्ध और दुखी हूं। मारे गए लोगों के प्रति शोक प्रकट करता हूं और पीड़ितों के परिवारों के प्रति गंभीर संवेदना व्यक्त करता हूं।*

### हाथरस में हुई दुखद घटना से बहुत दुखी



भारत में जर्मनी के राजदूत फिलिप एकरमैन ने हाथरस में भगदड़ में अपने प्रियजनों को खोने वाले परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और कहा कि वह इस दुखद घटना से अत्यंत दुखी हैं। एकरमैन ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, हाथरस में हुई दुखद घटना से बहुत दुखी हूं। मेरी संवेदनाएं।

### मृतकों के शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी संवेदना: फ्रांस के राजदूत



*भारत में फ्रांस के राजदूत थिएरी मथौ ने भी 'एक्स' पर एक पोस्ट किया। फ्रांस के राजदूत ने 'एक्स' पर कहा कि उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में मची भगदड़ में लोगों की मौत की खबर सुनकर बहुत दुखी हूं। फ्रांस, मृतकों के शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता है और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता है।*

### यह दिल दहला देने वाली घटना थी: इजराइली राजदूत



*इजराइल के राजदूत नाओर गिलोन ने भी अन्य राजदूतों द्वारा व्यक्त की गई भावनाओं को साझा किया। उन्होंने 'एक्स' पर कहा, हाथरस में भगदड़ की घटना में लोगों की मौत की खबर सुनकर बहुत दुखी हूं। हमारी संवेदनाएं मृतकों के परिवारों के साथ हैं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। ये घटनाएं दिल दहला देने वाली हैं।*

### हाथरस हादसे पर एसडीएम ने सौंपी रिपोर्ट

## पैरों की धूल लेने दौड़ रहे थे लोग... निजी ब्लैक कमांडो लोगों को पीछे धकेलने लगे



हाथरस हादसे को लेकर सिकंदरा राव के सब-डिवीजनल मजिस्ट्रेट (एसडीएम) रवींद्र कुमार ने अपनी रिपोर्ट जिला मजिस्ट्रेट को सौंप दी है। इस रिपोर्ट में कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। भोले बाबा के सत्संग में 2 लाख से ज्यादा लोगों की भीड़ आई थी, बाबा सत्संग के बाद बाहर निकले तो पब्लिक उनके पीछे दौड़ने लगी। बाबा के पैरों की धूल उठाने के चक्कर में लोगों में भगदड़ मच गई थी। भक्तगण उनकी एक झलक पाने के लिए उनके वाहन की ओर दौड़ पड़े। भीड़ बढ़ी, बाबा के निजी सुरक्षा में शामिल लोगों ने पीछे धकेलने की कोशिश की, लेकिन वे विफल रहे, जिसके कारण धक्का-मुक्की और अराजकता फैल गई।

## खबर संक्षेप

### अमृतपाल को पैरोल, कल लेंगे सांसद पद की शपथ



**गुवाहाटी।** असम की जेल में बंद खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह को चार दिन की परोल दी गई है। अमृतपाल 5 जुलाई को सांसद के रूप में शपथ लेगा। अमृतपाल हाल में हुए लोकसभा चुनाव में पंजाब की खंडूर साहिब लोकसभा सीट पर बतौर निर्दलीय प्रत्याशी 1.97 लाख वोटों से जीत दर्ज की थी। वह असम की डिब्रूगढ़ जेल में एनएसए के तहत बंद है।

### सांसद शत्रुघ्न सिन्हा अस्पताल से डिस्चार्ज



**मुंबई।** बीते कई दिनों से बॉलीवुड एक्टर शत्रुघ्न सिन्हा मुंबई के कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में भर्ती थे। खबरें थीं कि घर में सोफा से गिरने के बाद उन्हें चोट लग गई थी, जिसके चलते उनकी माइनर सर्जरी हुई है। अब छुट्टी मिलने के बाद शत्रुघ्न सिन्हा ने खुद सर्जरी की खबरों को अफवाह बताया है। उन्होंने कहा है कि उनकी तबीयत नहीं बिगड़ी थी, वो बस रूटीन चेकअप के लिए अस्पताल गए थे। सिन्हा के बेटे लव और कुश और उनकी पत्नी पूनम उन्हें अस्पताल से घर ले आए। सिन्हा ने कहा है कि ये बस फुल बॉडी रूटीन चेकअप था। मैं 60 साल से ऊपर के हर शख्स को इसकी सलाह दूंगा।

### केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 12 तक बढ़ी



**नई दिल्ली।** दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में राऊज एवेन्यू कोर्ट ने सीएम अरविंद केजरीवाल और विनोद चौहान की न्यायिक हिरासत 12 जुलाई तक बढ़ा दी है। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने न्यायिक हिरासत बढ़ाने का आदेश दिया। आज केजरीवाल की न्यायिक हिरासत खत्म हो रही थी, उन्हें वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए पेश किया गया। इसी बीच उन्होंने हाईकोर्ट में अर्जी दी है।

### मणिपुर की स्थिति पर पीएम मोदी ने विपक्ष को चेताया, खरी-खरी सुनाई

# आग में घी न डाले विपक्ष, कांग्रेस न भूले यहां पर 10 बार राष्ट्रपति शासन लगाया

*स्थिति सामान्य करने केंद्र सरकार निरंतर प्रयासरत*

*11,000 से ज्यादा एफआईआर की और 500 लोग गिरफ्तार*

*संघर्ष की नींव गहरी लंबी कोई इंकार नहीं कर सकता*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर जवाब देते हुए पीएम रेंद्र मोदी ने विपक्ष पर बड़ा हमला किया। वैसे तो उन्होंने अपने भाषण में कई मुद्दों पर बात की, लेकिन उनका खास फोकस मणिपुर पर भी रहा। पिछले एक साल से मणिपुर में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है, आलम यह चल रहा है कि अभी भी हिंसक घटनाएं होती दिख जाती हैं।

उन्होंने कहा कि मणिपुर की स्थिति सामान्य करने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। वहां जो घटनाएं घटीं, 11 हजार से ज्यादा एफआईआर की गई हैं, 500 से ज्यादा लोग अरेस्ट हुए हैं। इस बात को भी हमें स्वीकार करना होगा कि मणिपुर में लगातार हिंसा की घटनाएं कम होती जा रही हैं। पीएम मोदी ने इस बात पर भी जोर दिया कि विपक्ष ने आग में घी डालने का काम किया है। ऐसी स्थिति में राजनीति से ऊपर उठकर काम करना ज्यादा जरूरी रहता है।



### एक कार्यकाल में यह स्थिति नहीं

पीएम मोदी ने मणिपुर के हिंसक इतिहास के बारे में भी विस्तार से बताया। उनके मुताबिक इससे पहले भी ऐसे संघर्ष देखे जा चुके हैं, यह नहीं कहा जा सकता कि सिर्फ एक कार्यकाल में इस प्रकार की स्थिति देखने को मिल रही हो। पीएम मोदी ने कहा कि जिन लोगों को मणिपुर का इतिहास पता है, उन्हें यह भी पता है कि यहां हिंसा का एक अलग ही संघर्ष रहा है। इस संघर्ष की नींव काफी गहरी है, इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता। कांग्रेस को नहीं भूलना चाहिए इसी वजह से 10 बार मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लग चुका है।

### देश का संविधान हाथ में रखने का नहीं बल्कि जीने का किताब है जब सभापति धनखड़ ने विपक्षी दलों को घेरा, पीएम मोदी को दिया धन्यवाद

राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद करते हुए कहा कि मेरे लिए भी ये ऐतिहासिक अवसर है कि मैं लगातार तीसरी बार चुनकर आए हुए प्रधानमंत्री को सदन में बोलते हुए सुन रहा हूं। उन्होंने अपने मन की बात प्रधानमंत्री से तब कही जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उच्चसदन में राष्ट्रपति अभिभाषण में चर्चा का जवाब देते हुए लगातार तीसरी बार सत्ता में आने को ऐतिहासिक बताते हुए विपक्षी दलों को घेर रहे थे। सभापति ने प्रधानमंत्री के भाषण को रोक कर, उन्हें टोक कर कहा, मैं उच्चसदन का दूसरा सभापति हूं जिसे लगातार तीसरी बार चुनकर आने वाले प्रधानमंत्री का उद्बोधन सुनने का अवसर मिल रहा है, आपने मुझे ये अवसर दिया, आपका धन्यवाद। इससे पहले प्रधनमंत्री के जवाब के समय विपक्ष मणिपुर पर जवाब मांगते हुए लगातार नारेबाजी करता रहा। विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे प्रधानमंत्री के भाषण के बीच में कुछ बोलना चाहते थे लेकिन सभापति जगदीप धनखड़ ने उन्हें मौका नहीं दिया तो विपक्षी दलों ने नारेबाजी को इंडिया..इंडिया में तब्दील कर दिया। बात फिर भी नहीं बनी तो विपक्षी दलों ने सदन का बहिष्कार कर दिया।

राज्यसभा से विपक्ष के वॉकआउट करने के बाद सभापति विपक्षी दलों पर बुरी तरह बिफरे। उन्होंने राष्ट्रपति अभिभाषण पर जवाब दे रहे प्रधानमंत्री को रोक कर अपनी वेदना दर्ज करते हुए कहा, मैं दुखी हूं कि संविधान का इतना मजाक और अपमान (विपक्षी दलों द्वारा) हो रहा है। यह किताब हाथ में रखने के लिए नहीं जीने के लिए है। जीवन में आत्मसात करने का माध्यम है। विपक्ष के बहिर्गमन को अत्यंत दर्दनाक और पीड़ादायक करार देते हुए सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि मैंने अनुरोध किया था कि नेता प्रतिपक्ष को चर्चा के दौरान बिना रोक-टोक, बोलने का सुअवसर दिया जाए। अब जब प्रधानमंत्री बोल रहे हैं तो उन्हें भी सुनना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत के संविधान के लिए इससे बड़ी अपमानित बात नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि यह उच्च सदन है और इसको देश का मार्गदर्शन करना होता है। सभापति ने कहा, विपक्षी सदस्यों के आचरण की भर्त्सना करते हैं। विपक्ष के इस व्यवहार से देश के 140 करोड़ लोग आहत होंगे। उन्होंने कहा कि सदन में कल देर रात तक चर्चा चली और विपक्ष ने जब अपनी बात पूरी कह ली हो तो उसे सत्ता पक्ष की बात सुननी चाहिए। सभापति ने आसंदी से दर्द के साथ जोर देकर कहा, 'उन्होंने भारतीय संविधान को चुनौती दी है, उसकी भावना को आहत किया है। मैं इस कुर्सी पर बैठकर बहुत दुखी हूं कि संविधान का इतना मजाक, इतना अपमान... . भारत का संविधान हाथ में रखने की किताब नहीं है बल्कि जीने की किताब है।

### सत्य सुनने की ताकत नहीं तो छोड़ रहे हाउस

पीएम मोदी ने कहा कि देश देख रहा है झूठ फैलाने वालों की सत्य सुनने की ताकत भी नहीं होती है। सत्य से मुकाबला करना इसके लिए जिनके हौसले नहीं हैं, उनमें बैठकर के इतनी चर्चा के बाद अपने द्वारा ही उठाए हुए सवालों के जवाब सुनने की हिम्मत नहीं है। ये अपर हाउस को अपमानित कर रहे हैं। देश की जनता ने हर प्रकार से उनको इतना पराजित कर दिया है कि अब उनके पास गली-मोहल्ले में चीखने के सिवाय कुछ बचा नहीं है। नारेबाजी, हो-हल्ला और मैदान छोड़कर भाग जाना... यही उनके नसीब में लिखा हुआ है।

### रेड्डी ने 'निर्माण पोर्टल' शुरू किया

## यूपीएससी के योग्य उम्मीदवारों को मिलेगी 1 लाख की सहायता

केंद्रीय कोयला और खान मंत्री ने बताया इसे अनूठी सीएसआर योजना



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कोयला तथा खान मंत्री जी किशन रेड्डी नेनई दिल्ली में "राष्ट्रीय सिविल सेवा परीक्षा के मुख्य परीक्षा के उम्मीदवारों को पुरस्कृत करने की उत्कृष्ट पहल, निर्माण (निर्माण) पोर्टल का शुभारंभ किया।

यह कोल इंडिया लिमिटेड द्वारा अपनी गतिविधियों के संचालन वाले जिलों के उन मेधावी युवाओं के लिए शुरू की गई एक अनूठी सीएसआर योजना है, जिन्होंने 2024 में यूपीएससी परीक्षा (सिविल सेवा और वन सेवा के लिए) के प्रारंभिक दौर में अर्हता प्राप्त की है। यह योजना यूपीएससी के योग्य उम्मीदवारों को एक लाख रुपए की सहायता प्रदान करेगी।

### मिशन कर्मयोगी की परिकल्पना ...

रेड्डी ने कहा, यह कोल इंडिया लिमिटेड द्वारा अपनी गतिविधियों के संचालन वाले जिलों के उन मेधावी युवाओं के लिए एक सीएसआर योजना है, जिन्होंने 2024 में यूपीएससी परीक्षा (सिविल सेवा और वन सेवा के लिए) के प्रारंभिक दौर में अर्हता प्राप्त की है। यह पीएम मोदी की मिशन कर्मयोगी की परिकल्पना के अनुरूप है। कर्मयोगी नौकरशाही में सुधार लिए सिविल सेवा क्षमता निर्माण के लिए है।

## अब भाजपा-बीजद 'हनीमून पीरियड' खत्म

**हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली।** संसद के संक्षिप्त सत्र के समापन के साथ भाजपा के रणनीतिकारों को बीजू जनता दल ने साफ-साफ दिखा दिया कि अब भाजपा और बीजद का संग साथ और नहीं चलेगा। बुधवार को राज्यसभा की कार्यवाही से विपक्षी दलों ने वॉकआउट किया तो बीजू जनता दल के 9 सांसदों ने भी विपक्षी कुनबे का साथ देते हुए सदन से वॉकआउट किया। ओडिशा में 5 दशक पुरानी बीजद सरकार की विदाई के साथ ही भाजपा की सरकार बनने के बाद बीजद-भाजपा संबंध नए सियासी चोले पहल रहा है। नवीन पटनायक के नेतृत्व वाले बीजद ने वैसे तो खुद को कांग्रेस और भाजपानीत गठबंधन से औपचारिक तौर पर अब तक अलग रखा था मगर संसद में भाजपा को जब भी किसी विधेयक पर अन्य विधायी कार्यों में बीजद सांसदों के समर्थन की जरूरत पड़ी बीजद ने भाजपा का साथ दिया था। चाहे जम्मू कश्मीर से विशेष राज्य वापस लेने का विषय संसद में आया हो या फिर दो सूबे में इसे बांटने का मामला रहा हो, या फिर सूचना का अधिकार कानून में संशोधन, दिल्ली के उपराज्यपाल को पूरा कंट्रोल का अधिकार विधेयक राज्यसभा में आया हो सभी विधायी विषयों पर बीजद सांसदों ने राजग सरकार का साथ दिया था। वो संग साथ अब नदारद दिख रहा है। लोकसभा चुनाव में दर्जन भर सीटों में से एक भी सीट जीत नहीं पाने का मलाल नवीन पटनायक को है।

### केंद्र की सभी राज्यों को एडवाइजरी

## संक्रमण के खतरे को रोकने स्क्रीनिंग व निगरानी बढ़ाएं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

महाराष्ट्र में जीका वायरस के कई मामले सामने आने के बाद केंद्र सरकार अलर्ट हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने जीका वायरस को लेकर सभी राज्यों को एडवाइजरी जारी की है। इस एडवाइजरी के तहत सभी राज्यों को निगरानी बढ़ाने और गर्भवती महिलाओं में जीका वायरस के संक्रमण के खतरे को देखते हुए स्क्रीनिंग बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। 2 जुलाई तक महाराष्ट्र के पुणे में जीका वायरस के छह मामले सामने आ चुके हैं।



## एफसीआई ने रबी विपणन सीजन के दौरान 266 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी की

### आरएमएस 2024-25 के दौरान गेहूं की खरीद के लिए 22 लाख से अधिक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) ने चालू रबी विपणन सीजन (आरएमएस) 2024-25 के दौरान 266 लाख मीट्रिक टन (एलएमटी) गेहूं की खरीद की है, जो पिछले साल के 262 एलएमटी के आंकड़े को पार कर गया है। आरएमएस 2024-25 के दौरान गेहूं की खरीद के लिए 22 लाख से अधिक भारतीय किसान लाभान्वित हुए हैं। न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के तहत गेहूं की खरीद पर लगभग 61 लाख करोड़ रुपए सीधे इन किसानों के बैंक खातों में जमा किए गए हैं। उत्तर प्रदेश और राजस्थान राज्यों ने अपनी गेहूं खरीद की मात्रा में उल्लेखनीय सुधार दिखाया है। उत्तर प्रदेश ने पिछले साल 2.20 एलएमटी की तुलना में 9.31 एलएमटी की खरीद दर्ज की है, जबकि राजस्थान ने पिछले सीजन के 4.38 एलएमटी से 12.06 एलएमटी हासिल किया है।

आरएमएस के तहत गेहूं की खरीद आम तौर पर हर साल 1 अप्रैल को शुरू होती है। हालांकि, किसानों की सुविधा के लिए, इस साल अधिकांश खरीद करने वाले राज्यों में इसे लगभग एक पखवाड़े पहले कर दिया गया था। विभिन्न गेहूं खरीद करने वाले राज्यों से एकत्र किए गए अनंतिम आंकड़ों के अनुसार, आरएमएस 2024-25 के दौरान कुल गेहूं खरीद 266 एलएमटी है, जो आरएमएस 2023-24 के 262 एलएमटी के आंकड़े और आरएमएस 2022-2023 के दौरान दर्ज 188 एलएमटी से अधिक है।पर्याप्त मात्रा में गेहूं की खरीद ने भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) को सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) में खाद्यान्न का निरंतर प्रवाह सुनिश्चित करने में मदद की है। यह पूरी खरीद प्रक्रिया पीएमजीकेएवाई सहित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत लगभग 184 एलएमटी गेहूं की वार्षिक आवश्यकता को पूरा करने में महत्वपूर्ण रही है।


## हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायती राज रोहतक | गांव रिठाल नरवाल और फौगाट में शिव धाम का निर्माण + 14 कार्य। | 01.07.2024 08.07.2024 | 199.36 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1262254150 prexeeng.roh@hry.nic.in |
| 2 | पंचायती राज पंचकूला | बादोना कलां :- गांव बादोना कलां, ब्लॉक रायपुर रानी, जिला पंचकूला में संजीव की बैठक से गौरव के मकान तक गली का निर्माण + 2 कार्य। | 01.07.2024 08.07.2024 | 73.89 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467628236 prexeeng.pkl@hry.nic.in |
| 3 | पंचायती राज पंचकूला | 1. गांव गानौली, ब्लॉक रायपुर रानी में गूगा मेडी के निकट शैड का निर्माण, 2. गांव गोलपुरा में रविदास मंदिर के निकट पंचायत भूमि में हॉल का निर्माण, 3. गांव सामलेहरी में अम्बेडकर भवन का निर्माण। | 01.07.2024 08.07.2024 | 22.24 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467628236 prexeeng.pkl@hry.nic.in |
| 4 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडी डबवाली | जलापूर्ति पिपली का वार्षिक रखरखाव, "जलघर पिपली में गैसियस टाइप फुल वैक्यूम क्लोरीनेशन सिस्टम का व्यापक रखरखाव और क्लोरीन गैस सिलेंडरों की रिफिलिंग और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य।" (2024-2029 5 वर्ष की अवधि के लिए) + 14 कार्य। | 28.06.2024 08.07.2024 | 129.96 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8730000001 ee.mandidabwali@gmail.com |
| 5 | पंचायती राज करनाल | गांव हसनपुर, ब्लॉक घरौंडा, जिला करनाल में महिला चौपाल में हॉल का निर्माण, वीएएनजीवाई 2023-24 + 1 कार्य। | 01.07.2024 16.07.2024 | 13.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज सोनीपत | गांव बरोदा मोर ब्लॉक मुंडलाना 2 में एचपीडब्ल्यूडब्ल्यूएमए के तहत अंसार वाला तालाब का पुनरोद्धार + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 10.07.2024 | 120.83 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 7 | पंचायती राज पानीपत | ब्लॉक-इसराना, गांव परधाना, जिला पानीपत में जवाहरा रोड से शाहपुर रोड तक नाला का निर्माण + 3 कार्य। | 02.07.2024 08.07.2024 | 146.62 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9068676922 prexeeng.pnp@hry.nic.in |
| 8 | पंचायती राज कथूरा, सोनीपत | गांव रिंढाना जे पाना, ब्लॉक कथूरा में धनाना लोनिवि रोड के साथ-साथ नाला का निर्माण + 1 कार्य। | 01.07.2024 11.07.2024 | 13.80 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8808357471 ankitnh56@gmail.com |
| 9 | पंचायती राज हिसार | मतलोडा, बरवाला, खरखड़ा रोड से शमशेर नम्बरदार के खेत तक रास्ता की पेवमेंट (एचजीवीवाई) द्वितीय एंट्री + 14 कार्य। | 02.07.2024 12.07.2024 | 263.57 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466629211 prexeeng.hsr@hry.nic.in |
| 10 | पंचायती राज हिसार | एमएएमसी अग्रोहा ब्लॉक अग्रोहा में मल्टी जिम इंडोर उपकरणों की आपूर्ति और स्थापना। | 02.07.2024 15.07.2024 | 41.42 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466629211 prexeeng.hsr@hry.nic.in |
| 11 | जिला प्रशा. अम्बाला कैंट | हाईजेनिक बनाने के लिए सभी शौचालयों / वॉशरूम, ग्राउंड और सभी फ्लोर्स की उच्च स्तरीय सफाई और रखरखाव के लिये स्वीपिंग, क्लीनिंग सर्विस। | 02.07.2024 17.07.2024 | ईएमडी 50000/- | https://etenders.hry.nic.in | 8814869751 sdmambalacantt@gmail.com |
| 12 | पंचायती राज फतेहाबाद | सहीदांवाली, गांव सहीदांवाली, ब्लॉक फतेहाबाद, जिला फतेहाबाद में शमशान घाट की चारदिवारी का निर्माण, एचजीवीवाई + 2 कार्य। | 01.07.2024 08.07.2024 | 117.81 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1667230855 prexeeng.ftb@hry.nic.in |
| 13 | पंचायती राज फतेहाबाद | डांगरा, ब्लॉक टोहाना में सामुदायिक केन्द्र में आयरन शैड का निर्माण, एमपीएलएडी, डीआरडीए + 18 कार्य। | 28.06.2024 05.07.2024 | 450.13 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1667230855 prexeeng.ftb@hry.nic.in |
| 14 | पंचायती राज फतेहाबाद | एम.पी. रोही - गांव - एम.पी. रोही, ब्लॉक फतेहाबाद, जिला फतेहाबाद में कृष्ण पुत्र सोहनलाल की साइड ढाणी से कृष्ण पुत्र श्रीराम के खेत तक आईपीबी रास्ता का निर्माण, वीएजीवाई + 11 कार्य। | 01.07.2024 09.07.2024 | 668.64 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1667230855 prexeeng.ftb@hry.nic.in |
| 15 | स्वास्थ्य विभाग हरियाणा पानीपत | एनएचएम पानीपत के तहत मुद्रण सामग्री हेतु ई-निविदा आमंत्रण। | 02.07.2024 15.07.2024 | ईएमडी 50000/- | https://etenders.hry.nic.in | 7419954431 dampanipat@gmail.com |
| 16 | लोनिवि भ व प हिसार | चरखी दादरी में ज्यूडिशियल कोर्ट कॉम्पलैक्स में 125 केवीए डीजी सैट का प्रावधान + 1 कार्य। | 02.07.2024 08.07.2024 | 24.19 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 17 | वन विभाग हरियाणा सिरसा | डीएफओ कार्यालय सिरसा की विशेष मरम्मत। | बंद होने की तिथि 08.07.2024 | 3.11 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416029545 forest_sirsa@yahoo.com |
| 18 | स्वास्थ्य विभाग हरियाणा हिसार | जिला सिविल हिसार हेतु लैब परीक्षणों की आपूर्ति। | 05.07.2024 15.07.2024 | ईएमडी 10000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9215705859 dhs.cshsr@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2025/360/27451/I/88/7 दि. 03.07.24

# राजकोषीय घाटा 4 प्रतिशत पर आया तो 24 महीने में भारत की साख में सुधार संभव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ने बुधवार को कहा कि केंद्र सरकार अपने वित्त का विवेकपूर्ण प्रबंधन करने और राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद के चार प्रतिशत तक लाने में सक्षम रही तो अगले 24 महीने में भारत की रेटिंग में सुधार हो सकता है।

एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स के निदेशक (सॉवरेन रेटिंग्स) यीफर्न फुआ ने एक बयान में कहा कि रेटिंग में सुधार के लिए सामान्य सरकारी घाटा जीडीपी के सात प्रतिशत से नीचे आना जरूरी होगा। इसके लिए केन्द्र सरकार को अधिक कदम उठाने होंगे। फुआ ने कहा, 'यदि केंद्र सरकार राजकोषीय घाटे को जीडीपी के चार प्रतिशत तक लाने में सक्षम हो तो हम अगले 24 महीने बाद उसकी साख को बढ़ाने पर विचार करेंगे।'

## रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ने जताई संभावना

### भारत तेजी से कर रहा वृद्धि

एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स के मुख्य अर्थशास्त्री (एशिया-प्रशांत) लुईस कुइज ने कहा कि भारत एशिया क्षेत्र में सबसे तेजी से बढ़ रही अर्थव्यवस्था है। उन्होंने कहा कि एशियाई अर्थव्यवस्थाओं पर कोविड-19 वैश्विक महामारी का असर पीछे छूट चुका है और वृद्धि गति पकड़ने की प्रक्रिया में है। कुइज ने कहा, 'हमने देखा कि वैश्विक महामारी का असर वृद्धि की रफ्तार पर पड़ा, खासकर भारत जैसे देशों में। भारत खोई हुई जमीन को वापस ले रहा है और चार साल पहले की अपेक्षा अधिक तेजी से वृद्धि कर रहा है।'




*5.1 प्रतिशत पर आने की संभावना : केंद्र सरकार का अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 में राजकोषीय घाटा जीडीपी के 5.1 प्रतिशत पर आ जाएगा, जो 2023-24 में 5.63 प्रतिशत रहा था। अमेरिकी रेटिंग एजेंसी ने मई में भारत के परिदृश्य को स्थिर से बढ़ाकर सकारात्मक कर दिया था। हालांकि उसने भारत की रेटिंग को 'बीबीबी-' पर बरकरार रखा था।*

### पिछले तीन वर्षों में 8 प्रतिशत की वृद्धि

फुआ ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने पिछले तीन वर्षों में औसतन आठ प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है जो घरेलू खपत तथा बुनियादी ढांचे में निवेश के कारण संभव हो पाया है। इससे जमीनी स्तर पर वास्तविक अंतर आया है। उन्होंने कहा, 'हम मध्यम अवधि में भारत के लिए सात प्रतिशत की वृद्धि की संभावना देखते हैं।'

## 18 राज्यों का राजस्व 8 से 10 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद: क्रिसिल

**कोलकाता।** देश के शीर्ष 18 राज्यों का राजस्व चालू वित्त वर्ष 2024-25 में आठ से 10 प्रतिशत बढ़कर 38 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है। साख निर्धारित करने वाली एजेंसी क्रिसिल रेटिंग्स की एक रिपोर्ट में यह कहा गया। इन 18 राज्यों का भारत के सकल राज्य घरेलू उत्पाद में 90 प्रतिशत योगदान है। बीते वित्त वर्ष 2023-24 में इन राज्यों के राजस्व में सात प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। रिपोर्ट के अनुसार, यह वृद्धि मुख्य रूप से मजबूत जीएसटी संग्रह और केंद्र से वित्त के हस्तांतरण के कारण होगी, जो कुल राज्य राजस्व का करीब 50 प्रतिशत है।

## जापान ने दो दशक में पहली बार जारी किए नए बैंक नोट...

**टोक्यो।** जापान ने दो दशक में पहली बार बुधवार को नए बैंक नोट जारी किए। इनमें जालसाजी से निपटने के लिए '3-डी होलोग्राम' प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल किया गया है। प्रधानमंत्री फूमियो किशिदा ने 10,000 येन, 5,000 येन और 1,000 येन के नए नोट की अत्याधुनिक जालसाजी-रोधी विशेषताओं की प्रशंसा करते हुए इसे 'ऐतिहासिक' करार दिया। बैंक ऑफ जापान में उन्होंने पत्रकारों से कहा, 'मुझे उम्मीद है कि लोगों को नए नोट पसंद आएंगे।

**NOTICE**

**IN THE COURT OF HON'BLE A.H. Sayyed, MEMBER MACT- 4, 4th Floor ROOM No. 408, (New G+9, building) DISTRICT COURT, AKASHWANI CHOWK, NAGPUR.**

**C.P. No. 721/19**
**Process No. 3956 F.F. 08/07/2024**

**Petitioner : Pushpa**
*-versus-*
**Respondent : Dots**
To,
**Dots Truckers Pvt. Ltd.,**
**R/o Towards 1 Km. Seekri Pyala Road, Ballabgarh,**
**Dist. Faridabad, Hariyana.**

Whereas the above named petitioners in above petition have filed their Claim Petition U/ sec. 166 of Motor Vehicle Act for **Rs. 1,00,000/-** & U/sec.140 of Motor Vehicle Act for **Rs. 50,000/-**

You are hereby noticed to appear in this Court of **Hon'ble Member M.A.C.T. - 4, Nagpur,** in person or by a pleader duly instructed on Dated **08/07/2024**, At 11.00 A.M. to show cause in the said above noted claim Petition failing wherein the said Petition will be heard and determined exparte in your absence. Given under my hand and the seal of the Court this **21st** day of **June, 2024.**

Nagpur Dt. 21/06/2024 — Seal — Registrar (Judl.) M.A.C.T. Nagpur

## बाजार में चौतरफा तेजी

*जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, भारतीय बाजार में चौतरफा तेजी देखी गई। इसमें वित्तीय मामलों से संबंधित बड़ी कंपनियों की खास भूमिका रही। वैश्विक स्तर पर अमेरिकी फेडरल रिजर्व प्रमुख की 2025 के अंत तक मुद्रास्फीति दो प्रतिशत पर आ जाने की टिप्पणी ने भी सकारात्मक धारणा पैदा की।*

### कारोबार के अंत में उछलकर 79,986.80 पर बंद

# सेंसेक्स पहली बार 80 हजार पार रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचा निफ्टी

*मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच घरेलू स्तर पर बैंकों एवं दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में तगड़ी लिवाली आने से बुधवार को सेंसेक्स कारोबार के दौरान पहली बार 80,000 के ऐतिहासिक मुकाम पर पहुंचने के बाद थोड़ा नीचे बंद हुआ। निफ्टी भी 162 अंकों की बढ़त के साथ अपने सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।*

एजेंसी ▶▶| मुंबई

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स कारोबार की शुरुआत में पहली बार ऐतिहासिक 80,000 अंक के स्तर को पार कर गया। कारोबार के अंत में यह 545.35 अंक यानी 0.69 प्रतिशत उछलकर 79,986.80 पर बंद हुआ। एक समय यह 632.85 अंकों की छलांग के साथ 80,074.30 के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था।

इस तरह सेंसेक्स ने पिछले कुछ दिनों का अपना रिकॉर्डतोड़ प्रदर्शन जारी रखा है। सेंसेक्स ने 25 जून को पहली बार 78,000 का स्तर और 27 जून को 79,000 का स्तर पार किया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 162.65 अंक यानी 0.67 प्रतिशत चढ़कर 24,286.50 के सर्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 183.4 अंक बढ़कर 24,307.25 के नए शिखर पर पहुंच गया था।

### अदाणी पोर्ट्स में सर्वाधिक 2.49 प्रतिशत की तेजी

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से अदाणी पोर्ट्स में सर्वाधिक 2.49 प्रतिशत की तेजी रही। कोटक महिंद्रा बैंक, एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक, इंडसइंड बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, पावर ग्रिड, जेएसडब्ल्यू स्टील, बजाज फाइनेंस और टाटा स्टील के शेयरों में भी बढ़त दर्ज की गई। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टाइटन, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा मोटर्स और लार्सन एंड टूब्रो के शेयरों में गिरावट रही।

### सकारात्मक संकेतों से भारी उछाल

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, सकारात्मक संकेतों से बाजार ने आधे प्रतिशत से ऊपर की बढ़त हासिल की। उत्साहजनक वैश्विक बाजारों के साथ बैंक शेयरों में मजबूती से बाजार को तगड़ी शुरुआत मिली और आखिर तक कमोबेश कायम रही।



### व्रज आयरन का शेयर पहले दिन 22 प्रतिशत चढ़ा

नई दिल्ली। व्रज आयरन एंड स्टील का शेयर बाजार में कारोबार के पहले दिन बुधवार को निर्गम मूल्य 207 रुपये के मुकाबले लगभग 22 प्रतिशत उछाल के साथ बंद हुआ। बीएसई और एनएसई दोनों पर शेयर 15.94 प्रतिशत की बढ़त के साथ 240 रुपए पर सूचीबद्ध हुआ। बीएसई में बाद में यह अपने ऊपरी सर्किट 21.71 प्रतिशत चढ़कर 251.95 रुपए पर पहुंच गया। जबकि एनएसई में भी यह ऊपरी सीमा 21.73 प्रतिशत उछलकर 252 रुपए पर रहा। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 831 करोड़ रुपये रहा।

### बाजारों में बढ़त-नुकसान

*एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त के साथ बंद हुए जबकि चीन के शंघाई कंपोजिट में नुकसान देखा गया। यूरोप के बाजार बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। मंगलवार को अमेरिकी बाजार बढ़त के साथ बंद हुए थे।*

### एफआईआई में रही बिकवाली

शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने मंगलवार को 2,000.12 करोड़ रुपए मूल्य के शेयरों की बिकवाली की। मंगलवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बीएसई सेंसेक्स मामूली 34.74 अंक गिरकर 79,441.45 और निफ्टी 18.10 अंक घटकर 24,123.85 पर बंद हुआ था।

### बाजार पूंजीकरण रिकॉर्ड स्तर पर

शेयर बाजार में बुधवार को आई तेजी के साथ बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 445.43 लाख करोड़ रुपए के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। शेयर बाजार की तेजी के साथ बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 4,45,43,642.29 करोड़ रुपए (5.33 लाख करोड़ डॉलर) के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया।

## ईआरपी प्रणाली, सैप एस/4हाना क्लाउड को लागू होगी

**नई दिल्ली।** क्यूपिड लिमिटेड को यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि उन्होंने उन्नत ईआरपी प्रणाली, सैप एस/4हाना क्लाउड को लागू करने के लिए सैप के साथ एक रणनीतिक साझेदारी की है। यह पहल क्यूपिड लिमिटेड की संचालन दक्षता को बढ़ाने, निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में सुधार करने और उन्नत तकनीक के माध्यम से सतत विकास को बढ़ावा देने के प्रति समर्पण को दर्शाती है। सैप एस/4हाना क्लाउड के एकीकरण से क्यूपिड लिमिटेड को कई सुविधाएं मिलेंगी, जिसके तहत रियल टाइम डेटा प्रोसेसिंग और विश्लेषण अधिक आसान होगा।

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**खुली ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल इंजीनियर–चतुर्थ, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई–टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं:

| | | |
|---|---|---|
| कार्य का नाम | 1. वरिष्ठ मंडल इंजीनियर–चतुर्थ के अनुभाग में लेवल क्रॉसिंग पर शौचालय उपलब्ध कराकर लेवल क्रॉसिंग में सुधार हेतु कार्य (निविदा संख्या-08-W-IV-24-25)<br>2. सहायक मंडल अभियंता रोहतक, जींद, जाखल के अनुभाग में स्विचों, सीएमएस क्रॉसिंग, एसईजे की मरम्मत हेतु कार्य। (निविदा संख्या-38-W-IV-24-25) | |
| अनुमानित लागत | 1. ₹2,18,89,382.72 | 2. ₹1,19,99,502.89 |
| धरोहर राशि | 1. ₹2,59,500.00 | 2. ₹2,10,000.00 |
| ई–निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | ई–निविदा भरने का समय कार्य 12.07.2024 को 15:00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 26.07.2024 को 15:00 बजे | |
| निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। | |

पत्र सं.: 128–डब्ल्यू/260/निविदा सूचना/NIT 08 & 38–डब्ल्यू–4–24–25 दिनांक: 02.07.2024 — 2011/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## सोना 50 रुपए मजबूत, चांदी में 300 की तेजी

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूत रुख के अनुरूप राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोना 50 रुपए की तेजी के साथ 72,550 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,500 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इसके अलावा, चांदी की कीमत भी 300 रुपए बढ़कर 91,300 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई। पिछले सत्र में यह 91,000 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। सोने की कीमतें (24 कैरेट) 72,550 रुपए प्रति 10 ग्राम पर रही, जो पिछले बंद भाव से 50 रुपए अधिक है।'



## सोशल मीडिया मंच 'ट्विटर' को टक्कर देने वाला 'कू' होगा बंद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




- सोशल मीडिया ऐप को चालू रखने के लिए प्रौद्योगिकी लागत अधिक

सोशल मीडिया मंच 'ट्विटर' (अब एक्स) को एक समय टक्कर देने वाला घरेलू सोशल मीडिया मंच 'कू' अब बंद होने जा रहा है। इसके सह-संस्थापकों ने 'कड़े फैसलों' के बारे में जानकारी देते हुए एक भावुक 'नोट' लिखा और इसे 'अलविदा' कहा। लिंक्डइन पर एक पोस्ट में मंच के सह-संस्थापक अप्रमेय राधाकृष्ण और मयंक बिदावतका ने घोषणा की कि मंच जनता के लिए अपनी सेवाएं बंद कर देगा। संस्थापकों ने लिखा है, 'हमने कई बड़ी इंटरनेट कंपनियों, समूहों तथा मीडिया घरानों के साथ साझेदारी की संभावना तलाशी, लेकिन इन वार्ताओं से वह परिणाम नहीं निकला जो हम चाहते थे।' 'सोशल मीडिया ऐप को चालू रखने के लिए प्रौद्योगिकी सेवाओं की लागत अधिक है। इसलिए हमें यह कठिन निर्णय लेना पड़ा है।' एक समय ऐसा था जब करीब 21 लाख लोग रोजना 'कू' का इस्तेमाल करते थे। मंच पर कई मशहूर हस्तियों के खाते भी हैं। संस्थापकों ने कहा, 'हम 2022 में भारत में ट्विटर को पछाड़ने से बस कुछ ही महीने दूर थे...पूंजी होने पर हम उस लक्ष्य को दोगुना गति से हासिल कर सकते थे।' कंपनी में कोष की कमी से योजनाओं को अंजाम देना मुश्किल हो गया। इससे मंच की वृद्धि धीमी हो गई। दोनों ने कहा, 'छोटी पीली चिड़िया अंतिम अलविदा कहती है।' मंच का प्रतीक चिन्ह (लोगो) छोटी पीली चिड़िया है। गौरतलब है कि भारत में 'कू' की लोकप्रियता 2021 के आसपास चरम पर थी।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **पुनीत शर्मा उर्फ जेटली पुत्रः** श्याम नारायण शर्मा, **निवासीः** ए–47, तेमुर नगर, दिल्ली ने **Case FIR No. 75/2018, U/s 435 IPC, पुलिस स्टेशन राजौरी गार्डन, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **पुनीत शर्मा उर्फ जेटली** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **पुनीत शर्मा उर्फ जेटली** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **Case FIR No. 75/2018, U/s 435 IPC, पुलिस स्टेशन राजौरी गार्डन, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **पुनीत शर्मा उर्फ जेटली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **14.08.2024** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री शशांक नन्दन भट्ट
मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट–02 (पश्चिम),
कमरा नं. 356, तृतीय तल,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/8565/WD/2024
(Court Matter)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **एस. हरीहरन,** पुत्र अज्ञात, **पताः** बी–13 द्वितीय तल इंद्रपुरी, **दिल्ली CC No. 455/2018, U/s. 138/NI ACT, पुलिस थाना पटेल नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **हरीहरन,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **हरीहरन,** फ़रार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **हरीहरन,** केस **CC No. 455/2018, U/s. 138/NI ACT, पुलिस थाना पटेल नगर, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **03.08.2024** को या उससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री करणबीर सिंह
महानगर दण्डाधिकारी एनआई एक्ट
पश्चिम तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/8512/CD/2024
(Court Matter)

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेंगी।

**वृष** — मन में उतार–चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**मिथुन** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन–सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट होगा।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**कन्या** — पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**तुला** — मन में आशा–निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**वृश्चिक** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**धनु** — मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।

**मकर** — क्रोध से बचें। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।

**कुंभ** — रहन–सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।

**मीन** — पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

**जॉब**

☞ FRAUD कॉल से सावधान AIRTEL 5G कंपनी मे घर बैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब )करके लड़के लड़कियां गृहणियां कमाए (15000-45000)/- महीना लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त CALL/ WHATSAPP/ SMS करें- 7003467406 , 7645886307

**सूचना**

**सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।**

## भारत में गरीबी घटकर 8.5 प्रतिशत पर आई : एनसीएईआर

- शोधपत्र 'बदलते समाज में सामाजिक सुरक्षा दायरा पर पुनर्विचार' पर केंद्रित
- 2004-2005 और 2011-12 के बीच गरीबी में उल्लेखनीय कमी आई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आर्थिक शोध संस्थान एनसीएईआर के एक शोधपत्र में कहा गया है कि कोविड महामारी से उत्पन्न चुनौतियों के बावजूद भारत में गरीबी वित्त वर्ष 2011-12 के 21.2 प्रतिशत से घटकर 2022-24 में 8.5 प्रतिशत पर आ गई। नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लायड एकोनॉमिक रिसर्च के एक शोधपत्र में भारत मानव विकास सर्वेक्षणकी हाल ही में पूरी हुई तीसरी श्रृंखला के आंकड़ों के साथ पहली और दूसरी श्रृंखला के आंकड़ों का भी इस्तेमाल किया गया है। यह शोधपत्र 'बदलते समाज में सामाजिक सुरक्षा दायरा पर पुनर्विचार' पर केंद्रित है। शोधपत्र कहता है कि 2004-2005 और 2011-12 के बीच गरीबी में उल्लेखनीय कमी आई और यह 38.6 प्रतिशत से घटकर 21.2 प्रतिशत रह गई। महामारी से पैदा हुई चुनौतियों के बावजूद यह 21.2 प्रतिशत से घटकर 2022-24 में 8.5 प्रतिशत पर आ गई। शोधपत्र के मुताबिक, आर्थिक वृद्धि और गरीबी की स्थिति में कमी से एक गतिशील परिवेश पैदा होता है जिसके लिए कारगर सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों की जरूरत होती है।

### मासिक घरेलू व्यय दोगुने से भी अधिक

राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय ने फरवरी में वर्ष 2022-23 के लिए घरेलू उपभोग व्यय के आंकड़े जारी करते हुए कहा था कि 2011-12 की तुलना में 2022-23 में प्रति व्यक्ति मासिक घरेलू व्यय दोगुने से भी अधिक हो गया है। तेंदुलकर समिति ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लिए गरीबी रेखा को क्रमशः 447 रुपये और 579 रुपये निर्धारित किया था।



**शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में विकास हुआ : सुब्रह्मण्यम**
नीति आयोग के मुख्य कार्यपालक अधिकारी बी वी आर सुब्रह्मण्यम ने कुछ महीने पहले कहा था कि नवीनतम उपभोक्ता व्यय सर्वेक्षण से संकेत मिलता है कि देश में गरीबी घटकर पांच प्रतिशत रह गई है और ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों में लोगों के पास पैसे आ रहे हैं। और विकास हुआ है।

## शब्द पहेली - 5561




**बाएँ से दाए-**
1. सेवक, दास-3
3. निवास करना-3
5. खुजली-2
6. परोपकारी-5
9. प्याला, जाम-2
11. टोंटी, नलका-2
12. आनंद, जूस-2
13. प्रतिज्ञा, शपथ-3
16. सिमरन, सुमरन-3
18. सुअर-3
20. पेन, लेखनी-3
22. कमल, जलज-3
23. क्रोध, गुस्सा-2
24. पाश, फंदा-2
25. शोषण करना-3
28. गौरव, प्रशंसा-3
30. सूत कातने का साधन-3
31. गौरव-3
33. देवर्षि-3
35. अंधकार-2
36. यमराज-2
38. अलमस्त-2
40. सलाह देने वाला-5
41. बीता दिन-2
42. रसदार-3
43. इंद्रियों को जीतने वाला-3

**ऊपर से नीचे**
1. उर्वरक-2
2. विशाल, श्रेष्ठ-3
3. धनवान, संपन्न-3
4. घ्राणेद्रिय, इज्जत-2
5. दैत्य, असुर-3
7. मायाजाल-3
8. उद्धार, पार लगाना-3
10. शरण, आश्रय-3
14. चूर-चूर, ढहा-5
15. टोंटी, नलका-2
17. युद्ध, संग्राम-2
18. दूल्हा-2
19. राजपुत्र-5
21. मद्रास का समुद्र तट-3
22. नीले रंग का बहुमूल्य रत्न-3
26. मित्र, दोस्त. मीत-2
27. हूर, अप्सरा
29. मेहंदी-2
30. शीर्ष, पराकाष्ठा-3
31. इसमें पौधा लगाते हैं-3
32. पीहर, नैहर-3
34. युक्तिवाद, पैरवी-3
35. टब, परात, तगारी-3
37. इच्छा-3
39. परत, तह-2
41. कदर, सम्मान-2

**शब्द पहेली -5560 का हल**





# अर्जेंटीना की ओलंपिक फुटबॉल टीम में मेसी को नहीं मिली जगह



एजेंसी ▶▶| ब्यूनस आयर्स

लियोनेल मेसी इस महीने के अंत में पेरिस में शुरू होने वाले ओलंपिक में अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम का हिस्सा नहीं होंगे। कोच जेवियर माशेरानो ने घोषित टीम में विश्व कप विजेता टीम के चार सदस्यों को जगह दी जिसमें स्ट्राइकर जूलियन अल्वारेज और डिफेंडर निकोलस ओटामेंडी शामिल हैं।

■ फुटबॉल : विश्व चैंपियन अल्वारेज, रूली, एचेवेरी, ओटामेंडी टीम में शामिल

इस साल चोटों से जूझ रहे 37 वर्षीय मेसी अभी कोपा अमेरिका में अर्जेंटीना का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। टीम का लक्ष्य 2021 में जीते गए महाद्वीपीय खिताब का बचाव करना है। अर्जेंटीना ने 2021 में कोपा अमेरिका जीतने के बाद 2022 में विश्व कप भी जीता था। मेसी ने अपने एकमात्र ओलंपिक अभियान में 2008 में बीजिंग में टीम को स्वर्ण पदक दिलाने में मदद की थी। ओलंपिक पुरुष फुटबॉल टूर्नामेंट अंडर-23 टीम के लिए होता है लेकिन प्रत्येक टीम में तीन अधिक उम्र के खिलाड़ियों को खिलाने की अनुमति दी जाती है। वर्ष 2004 और 2008 में खिलाड़ी के तौर पर ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतने वाले माशेरानो कोपा अमेरिका खत्म होने के बाद गोलकीपर गेरोनिमो रूली, ओटामेंडी और अल्वारेज को टीम में शामिल करेंगे। हाल ही में रिवर प्लेट से मैनचेस्टर सिटी में शामिल हुए मिडफील्डर क्लॉडियो एचेवेरी भी टीम में शामिल होंगे। अर्जेंटीना 24 जुलाई को मोरक्को के खिलाफ ओलंपिक फुटबॉल टूर्नामेंट के अपने पहले मैच से पूर्व फ्रांस में दो मैत्री मैच खेलेगा।



**कोलंबिया-ब्राजील ने खेला ड्रॉ** : सेंटा क्लारा। डेनियल मुनोज के पहले हाफ के इंजरी टाइम में दागे गोल की मदद से कोलंबिया ने ब्राजील को 1-1 से बराबरी पर रोककर कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के ग्रुप डी में शीर्ष पर रहते हुए क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। ब्राजील की टीम भी दूसरे स्थान पर रहते अंतिम आठ में जगह बनाने में सफल रही। राफिन्हा ने 12वें मिनट में ब्राजील को बढ़त दिलाई लेकिन मुनोज ने पहले हाफ के इंजरी टीम में गोल करके स्कोर 1-1 कर दिया जिसके बाद दोनों ही टीमें गोल करने में नाकाम रहीं। इस ड्रॉ से कोलंबिया ने अपने अजेय अभियान को 26 मैच तक पहुंचाया।

## 16 साल में पहली बार क्वार्टर फाइनल में पहुंचा नीदरलैंड



**म्यूनिख।** नीदरलैंड ने यूरो 2024 के प्री क्वार्टर फाइनल में टूर्नामेंट का अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए रोमानिया को 3-0 से हराकर 16 वर्षों में पहली बार यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। कोडी गाकपो ने 20वें मिनट में नीदरलैंड को बढ़त दिलाई जिसके बाद स्थानापन्न खिलाड़ी डोनयेल मालेन ने दो गोल और दागकर नीदरलैंड को 2008 के बाद पहली बार टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचा दिया।

## कोस्टा रिका कोपा अमेरिका से बाहर

ऑस्टिन। फ्रांसिस्को कैल्वो और जोसिमार अलसोसेर के शुरुआती सात मिनट में दागे गोल से पराग्वे को 2-1 से हराने के बावजूद कोस्टा रिका कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट से बाहर हो गया। कोस्टा रिका ग्रुप डी में चार अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। कोलंबिया सात अंक के साथ शीर्ष पर रहा जबकि ब्राजील ने पांच अंक के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। पराग्वे अपने शुरुआती दो मैच गंवाकर पहले ही बाहर हो गया था। कोस्टा रिका की टीम 1997, 2011 और 2016 के बाद चौथी बार ग्रुप चरण से बाहर हुई।

## खबर संक्षेप



### ओलंपिक में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

**नई दिल्ली।** सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार भारतीय पुरुष युगल जोड़ी 'सर्विस वैरिएशन' चुनौती से पार पाने के बाद आगामी पेरिस ओलंपिक में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह से 'शारीरिक और मानसिक अनुकूलन' पर फोकस बनाए हुए हैं। सात्विक (23 वर्ष) और चिराग (26 वर्ष) की जोड़ी को अपने प्रतिद्वंद्वी की सर्विस में बहुत सारी विविधता जैसे 'टंबल', 'स्पिन' और 'वाइड' से परेशानी होती रही है जिसमें विशेष रूप से कोरियाई और इंडोनेशियाई जोड़ियां शामिल हैं जिन्होंने हाल के टूर्नामेंट में इनका इस्तेमाल किया।

### भारत के खिलाफ मैच था, सोते रहे तास्किन

**ढाका।** बांग्लादेश ने उप कप्तान तास्किन अहमद को टी20 विश्व कप में भारत के खिलाफ महत्वपूर्ण सुपर आठ मुकाबले से कथित तौर पर इसलिए हटा दिया गया क्योंकि वह अधिक समय तक सोते रहे और टीम की बस मे सवार होने के लिए नहीं पहुंचे थे। इस दावे का हालांकि इस तेज गेंदबाज ने खंडन करते हुए कहा कि टीम संयोजन के कारण वह बाहर हुए। बाइस जून को एंटीगा के नॉर्थ साउंड में हुए मैच में बांग्लादेश को 50 रन से हार का सामना करना पड़ा था। टीम ने इस मैच में एक बदलाव करते हुए तास्किन की जगह जाकिर अली को खिलाया था।



### एशियाई चैंपियनशिप में जीते आडवाणी

**रियाद।** दिग्गज क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने यहां 2024 एशियाई बिलियर्ड्स चैंपियनशिप में शानदार शुरुआत करते हुए ऑन्ग फियो और युटापोप पाकपोज को हराया। एशियाई बिलियर्ड्स खिताब की हैट्रिक बनाने के इरादे से उतरे 38 साल के आडवाणी ने म्यांमार के फियो को 4-2 से हराने के बाद कड़े मुकाबले में थाईलैंड के पाकपोज को 4-3 से शिकस्त दी। आडवाणी ने कहा, 'टूर्नामेंट की सकारात्मक शुरुआत करना हमेशा अच्छा होता है। इन दो जीत से मेरा आत्मविश्वास बढ़ा है और मेरी नजरें अब लक्ष्य पर हैं। यह खेल काफी अप्रत्याशित है इसलिए मैं किसी भी चीज को हल्के में नहीं ले रहा हूं।'



### अभय-वेलावन को मिली शीर्ष वरीयता


**जोहोर।** अभय सिंह और वेलावन सेंथिलकुमार की भारतीय जोड़ी को गुरुवार से यहां शुरू हो रही एशियाई युगल स्क्वाश चैंपियनशिप के पुरुष युगल में शीर्ष वरीयता दी गई है। अभय मिश्रित युगल में दिग्गज जोशना चिनप्पा के साथ खेलेंगे। यह जोड़ी 15 टीमों में तीसरी वरीयता प्राप्त है। रथिका सुथांथिर सीलन और पूजा आरती आर की महिला युगल जोड़ी को पांचवीं वरीयता मिली है। दोनों जोड़ियों ने इस साल की राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीती थी जिसे 17 साल बाद दोबारा शुरू किया गया।

## विंबलडन : दिग्गज स्टेफी ग्राफ के नाम था शर्मनाक रिकॉर्ड

# वोंद्रोसोवा 30 साल में पहले दौर से बाहर होने वाली पहली गत चैंपियन

एजेंसी ▶▶| लंदन

मार्केटा वोंद्रोसोवा 1994 से विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर से बाहर होने वाली पहली महिला गत चैंपियन खिलाड़ी बनीं। ऑल इंग्लैंड क्लब पर 12 महीने पहले खिताब जीतकर सभी को हैरान करने वाली वोंद्रोसोवा को जेसिका बोजास मनेइरो ने 6-4, 6-2 से हराया। वोंद्रोसोवा पिछले साल घास के कोर्ट पर होने वाले इस ग्रैंडस्लैम को जीतने वाली पहली गैर वरीयता प्राप्त महिला खिलाड़ी बनीं थी। वोंद्रोसोवा ने हालांकि मंगलवार को एक अनचाहा रिकॉर्ड अपने नाम कराया। वर्ष 1964 में शुरू हुए खेल के ओपन युग में इससे पहले सिर्फ एक बार विंबलडन की गत चैंपियन महिला खिलाड़ी को अगले साल पहले दौर में शिकस्त झेलनी पड़ी थी। दिग्गज स्टेफी ग्राफ को 30 साल पहले लोरी मैकनील के खिलाफ इस स्थिति का सामना करना पड़ा था। वोंद्रोसोवा को इस बार छठी वरीयता मिली थी लेकिन तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाई।




### नागल पुरुष युगल के पहले दौर में बाहर

भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल के अपने सर्बियाई जोड़ीदार डुसान लाजोविच के साथ बुधवार को यहां पुरुष युगल स्पर्धा के पहले दौर में सीधे सेटों में बाहर होने के बाद विम्बलडन टेनिस ग्रैंडस्लैम में उनका अभियान खत्म हो गया। नागल और लाजोविच की जोड़ी को एक घंटे और सात मिनट तक चले मैच में जाउमे मुनार और पेड्रो मार्टिनेज की स्पेनिश जोड़ी से 2-6, 2-6 से हार मिली। भारत के शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी नागल सोमवार को पुरुष एकल के पहले दौर में हार गए थे।

### जेसिका ने रचा इतिहास

जेसिका ने अपने तीसरे ही ग्रैंडस्लैम में गत चैंपियन खिलाड़ी को हराया। उन्होंने इससे पहले दोनों ग्रैंडस्लैम में पहले दौर के मुकाबले गंवाए थे। जेसिका ने इससे पहले टूर स्तर पर ग्रास कोर्ट पर कोई मैच नहीं जीता और शीर्ष 10 में शामिल खिलाड़ी को भी कभी नहीं हरा पाई थी।

### जोकोविच ने कोपरिवा को हराया



पुरुष वर्ग मे सात के बार चैंपियन नोवाक जोकोविच, चौथे वरीय एलेक्जेंडर ज्वेरेव और सातवें वरीय ह्यूबर्ट हुरकाज ने अगले दौर में जगह बनाई। जोकोविच ने क्वालीफायर विट कोपरिवा को सीधे सेट में 6-1, 6-2, 6-2 से हराया। पांच जून को दाएं घुटने की सर्जरी के बाद यह उनका पहला मैच था।

### मरे एकल से हटे, खेलेंगे युगल

एंडी मरे और ऐमा राडुकानु विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के मिश्रित युगल में जोड़ी बनाकर खेलेंगे। हाल में हुई सर्जरी के कारण मरे ने विंबलडन में अंतिम बार खेलते हुए पुरुष एकल में शिरकत नहीं करने का फैसला किया। मरे पुरुष युगल अपने बड़े भाई जेमी के साथ जोड़ी बनाकर खेलेंगे। वर्ष 2013 और 2016 में यहां एकल खिताब जीतने वाले 37 साल के मरे ने कहा है कि वह आखिरी बार इस टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे हैं। राडुकानु ने 2021 में अमेरिकी ओपन का खिताब जीता था।

## आईआईएस में ट्रेनिंग लेंगे 30 भारतीय तैराक



एजेंसी ▶▶| बेल्लारी

भारत के 30 'उच्च क्षमता वाले' तैराकों की पहचान की गई है जो 'मिजुहो एलीट कार्यक्रम' के तहत यहां इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स में ट्रेनिंग लेंगे जिससे कि उन्हें 2026 एशियाई खेलों तथा 2028 ओलंपिक क्वालीफायर के लिए तैयार किया जा सके। आईआईएस ने इसके लिए मिजुहो बैंक के साथ साझेदारी की है। दोनों ने 30 तैराकों की मदद के लिए साझेदारी की घोषणा की। वर्ष 2023 में शुरू किए गए आईआईएस तैराकी कार्यक्रम में दो अत्याधुनिक पूल हैं। प्रतिभाशाली युवा तैराक माना पटेल, कुशाग्र रावत, ईशान मेहरा, आस्था चौधरी, अश्मिता चंद्रा और बिक्रम चांगमई इस कार्यक्रम का हिस्सा हैं।

## नीरज के पदक जीतने की संभावना : मैके



**विजयनगर।** 'इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स' में 'स्ट्रेंथ एंड कंडिशनिंग' कोच स्पेंसर मैके का कहना है कि भारत के स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने के लिए शारीरिक रूप से सर्वश्रेष्ठ स्थिति में हैं। भारत का यह 26 साल का एथलीट पिछले दो महीनों से जांघ की चोट से परेशान है जिससे वह रविवार को होने वाली पेरिस डायमंड लीग में भी हिस्सा नहीं ले रहा है और सीधे ओलंपिक के लिए रवाना होगा। ओलंपिक और विश्व चैंपियन चोपड़ा ने फिनलैंड में पावो नुर्मी खेलों में पहला स्वर्ण पदक जीतने के बाद एक महीने के लंबे ब्रेक के बाद जून में प्रतियोगिताओं में वापसी की।

## वियतनाम में तीन देशों के टूर्नामेंट में भाग लेगा भारत

**नई दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल टीम अक्टूबर में फीफा विंडो के दौरान वियतनाम में तीन देशों के टूर्नामेंट में भाग लेगी। भारत और वियतनाम के अलावा लेबनान इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेगा। अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ ने यह जानकारी दी। वियतनाम (116) और लेबनान (117) फीफा की ताजा विश्व रैंकिंग में भारत (124) से आगे हैं। एआईएफएफ ने भारतीय टीम के विश्व कप क्वालीफायर्स के तीसरे दौर में नहीं पहुंच पाने के बाद मुख्य कोच इगोर स्टिमक को बर्खास्त कर दिया था। उसके बाद यह पहला टूर्नामेंट होगा जिसमें भारतीय टीम भाग लेगी। एआईएफएफ ने अभी तक नए कोच की घोषणा नहीं की है और यह देखना होगा कि तीन देशों के टूर्नामेंट में कौन भारतीय कोच की भूमिका निभाता है। इस टूर्नामेंट में भारत अपना पहला मैच नौ अक्टूबर को वियतनाम के खिलाफ खेलेगा जबकि 12 अक्टूबर को उसका सामना लेबनान से होगा।

# वर्ल्ड चैंपियन भारतीय टीम का रोड शो आज

एजेंसी ▶▶| मुंबई

टी20 विश्व कप विजेता भारतीय क्रिकेट टीम को गुरुवार को खुली बस में रोड शो के बाद यहां वानखेड़े स्टेडियम में आयोजित समारोह में सम्मानित किया जाएगा। भारतीय टीम के गुरुवार को सुबह छह बजकर 20 मिनट पर नई दिल्ली पहुंचने की उम्मीद है।

■ प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात करेगी टीम इंडिया

भारतीय टीम गुरुवार को भारतीय समयानुसार सुबह लगभग छह बजकर 20 मिनट पर दिल्ली पहुंचेगी। विमान में भारतीय टीम, उसका सहयोगी स्टाफ, खिलाड़ियों के परिवार और कुछ भारतीय क्रिकेट बोर्ड के अधिकारी तथा भारतीय मीडिया के कुछ सदस्य सवार हैं। इस विशेष उड़ान का इंतजाम बीसीसीआई ने किया है। बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा, 'टीम बीसीसीआई द्वारा मुहैया कराई गई एयर इंडिया के विशेष विमान से बारबाडोस से रवाना हो गई है। बारबाडोस में फंसे भारतीय पत्रकार भी बीसीसीआई अध्यक्ष (रोजर बिन्नी) और सचिव (जय शाह) के साथ इसी फ्लाइट में आ रहे हैं। फ्लाइट आज सुबह छह बजे दिल्ली हवाईअड्डे पर उतरेगी। टीम सुबह 11 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके निवास पर मुलाकात करेगी। इसके बाद टीम मुंबई के लिए उड़ान भरेगी जहां उनके सम्मान में एक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।'



### नरीमन प्वाइंट पर खुली बस में रोड शो

शुक्ला ने कहा, 'नरीमन प्वाइंट से खुली बस में रोड शो कराया जाएगा और फिर खिलाड़ियों को घोषित 125 करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि से सम्मानित किया जाएगा।' बीसीसीआई सचिव शाह ने सभी खेल प्रेमियों का गुरुवार की शाम 'विक्ट्री परेड' (जीत के जश्न में परेड) में जुड़ने का स्वागत किया। शाह ने 'एक्स' पर लिखा, 'टीम इंडिया की विश्व कप जीत के जश्न में आयोजित 'विक्ट्री परेड' में हमारे साथ जुड़िए। चार जुलाई को शाम पांच बजे मरीन ड्राइव से वानखेड़े स्टेडियम तक पहुंच कर हमारे साथ जश्न मनाईए। तारीख याद रखिए।'

## प्रज्ञानानंदा ने बोगडान डेनियल से ड्रा खेला



**बुकारेस्ट।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा को यहां सुपरबेट क्लासिक टूर्नामेंट के छठे दौर में रोमानिया के कम रैंकिंग वाले डीएक बोगडान डेनियल से ड्रा खेलकर अंक बांटने पड़े। ईरानी-फ्रांसिसी ग्रैंडमास्टर अलीरेजा फिरोजा ने अमेरिक के वेस्लो सो को पराजित किया। भारत के डी गुकेश ने फ्रांस के मैक्सिम वाचियर लाग्रेव से बाजी ड्रा कराई। प्रज्ञानानंदा ने जीतने की कोशिश करते हुए कई चाल चली लेकिन रोमानियाई खिलाड़ी डटकर सामना करता रहा और 38 चाल के बाद ड्रा खेलने में कामयाब रहा।


## पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने की अस्थायी कार्यक्रम की घोषणा

# चैंपियंस ट्रॉफी: एक मार्च को होगा भारत-पाक मैच

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने चैंपियंस ट्रॉफी के अस्थायी कार्यक्रम में अपनी टीम का चिर प्रतिद्वंद्वी भारत के खिलाफ मैच अगले साल एक मार्च को रखा है, हालांकि बीसीसीआई ने अभी तक इस पर सहमति नहीं दी है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद बोर्ड के एक सीनियर सदस्य ने बुधवार को पीटीआई को यह जानकारी दी। टूर्नामेंट अगले साल 19 फरवरी से नौ मार्च तक खेला जायेगा जिसमें 10 मार्च 'रिजर्व डे' होगा।

पता चला है कि पीसीबी चेयरमैन मोहसिन नकवी ने 15 मैच का कार्यक्रम सौंप दिया है जिसमें भारत के मैच सुरक्षा और 'लाजिस्टिकल' कारणों से लाहौर में ही रखे गए हैं। नकवी को टी20 विश्व कप फाइनल देखने के लिए बारबाडोस में आमंत्रित किया गया था। आईसीसी बोर्ड के सदस्य ने कहा, 'पीसीबी ने आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के 15 मैच के कार्यक्रम का मसौदा सौंप दिया है जिसमें सात मैच लाहौर में, तीन मैच कराची में और पांच मैच रावलपिंडी में रखे गये हैं।' सूत्र ने कहा, 'पहला मैच कराची में रखा गया है जबकि दो सेमीफाइनल कराची और रावलपिंडी में जबकि फाइनल लाहौर में कराया जाएगा। भारत के सभी मैच (टीम के क्वालीफाई करने के स्थिति में सेमीफाइनल सहित) लाहौर में रखे गए हैं।' भारत को ग्रुप ए में पाकिस्तान, बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के साथ रखा गया है। ग्रुप बी में आस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड और अफगानिस्तान शामिल हैं।



### भारत को छोड़कर सभी देशों का समर्थन

हाल में आईसीसी के टूर्नामेंट प्रमुख क्रिस टेटले ने पीसीबी चेयरमैन नकवी से इस्लामाबाद में मुलाकात की थी। इससे पहले विश्व संस्था की सुरक्षा टीम ने स्थल और अन्य इंतजामों का मुआयना किया था। पिछली बार पाकिस्तान ने 2023 में 'हाइब्रिड मॉडल' के हिसाब से एशिया कप की मेजबानी की थी जिसमें भारत ने अपने मैच श्रीलंका में खेले थे क्योंकि सरकार ने खिलाड़ियों को सीमा के बाहर यात्रा करने की अनुमति नहीं दी थी। सूत्र ने कहा, 'आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के प्रतिभागी देशों के सभी बोर्ड प्रमुखों ने पूरा समर्थन दिया है लेकिन बीसीसीआई सरकार से सलाह मश्विरा करके आईसीसी को अपडेट करेगा।'

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **साहिल** पुत्र अकिल निवासी मकान नं. एल–389, जनता कॉलोनी, वेलकम, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 318/2019 धारा 25/54/59 ए अधिनियम, थाना वेलकम, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **साहिल** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **साहिल** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 318/2019 धारा 25/54/59 ए अधिनियम, थाना वेलकम, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **साहिल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **23.08.2024** को हाजिर हो।

**आदेशानुसारः श्री अरिदमन सिंह चीमा,**
**महानगर दण्डाधिकारी–03 (उत्तर–पूर्व),**
**कोर्ट नं. 19,**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

DP/8620/NE/2024

**पहचान की अपील**



आम जनता को सूचित किया जाता है कि एक पुरूष जिसका **नामः** नामालूम, **पुत्रः** नामालूम, **पताः** नामालूम, **उम्रः** लगभग 48 साल, **कदः** 5'6", **लिंगः** पुरूष, **रंगः** सांवला, **पहनावाः** काली टी–शर्ट और मैरून रंग लोअर,, **बरामदी स्थलः** डीडीयू अस्पताल, दिल्ली।

मृतक के शव को पहचान के लिए डीडीयू अस्पताल, की मोर्चरी में सुरक्षित रखा गया है।

इस सम्बंध में **DD No. 106A दिनांकः 18.06.2024 पुलिस स्टेशनः** रणहौला दिल्ली में दर्ज है। यदि इसके बारे में कोई सुराग या जानकारी मिले तो तुरंत इसकी सूचना निम्नलिखित पते पर दें।

**थानाध्यक्ष**
**पुलिस स्टेशनः रणहौला दिल्ली**
**मोबाइलः 9311735687**

DP/8591/OD/2024




आयोजन का मकसद अंतर्राष्ट्रीय एआई एक्सपर्ट के बीच सहयोग को बढ़ावा देना

# नई दिल्ली में दो दिवसीय ग्लोबल इंडिया एआई शिखर सम्मेलन शुरु



**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की देखरेख में दो दिवसीय शिखर सम्मेलन की शुरूआत 3 जुलाई से हो गई है। बता दें कि ग्लोबल इंडिया एआई समिट 2024' का इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय की एक प्रेस वार्ता के विज्ञप्ति अनुसार, शिखर सम्मेलन का उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय एआई विशेषज्ञों के बीच सहयोग को बढ़ावा देना और ज्ञान के आदान-प्रदान को सुविधाजनक बनाना है, जो नैतिक और समावेशी एआई विकास के लिए भारत के समर्पण को मजबूत करेगा।

### एआई में भारत अपनी क्षमता का प्रदर्शन करेगा

*आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर वैश्विक भागीदारी के प्रमुख अध्यक्ष के रूप में भारत विश्वसनीय एआई प्रथाओं के लिए जीपीएआई की प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाने के लिए सदस्य देशों और विशेषज्ञों की मेजबानी करने के लिए तैयार है। शिखर सम्मेलन का उद्देश्य एआई क्षेत्र में अग्रणी होने की भारत की क्षमता को प्रदर्शित करना है और यह सुनिश्चित करने के देश के लक्ष्य पर जोर देता है कि एआई लाभ सभी के लिए सुलभ हों, जिससे देश के सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान मिले। शिखर सम्मेलन का केंद्र इंडिया एआई मिशन है, जो एक व्यापक पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए डिजाइन की गई पहल है जो पूरे देश में एआई नवाचार को बढ़ावा देती है।*

### एआई से समाज को सुरक्षित बढ़ाने पर ध्यान

ग्लोबल इंडियाएआई समिट 2024 विज्ञान, उद्योग, नागरिक समाज, सरकारों, अंतर्राष्ट्रीय संगठनों और शिक्षाविदों सहित विविध क्षेत्रों के हितधारकों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में काम करेगा। ये विशेषज्ञ प्रमुख एआई मुद्दों पर चर्चा करने, अंतर्दृष्टि साझा करने और एआई पारिस्थितिकी तंत्र के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने के लिए एकत्रित होंगे। इस शिखर सम्मेलन की मेजबानी करके, भारत वैश्विक एआई समुदाय में एक सक्रिय खिलाड़ी के रूप में अपनी भूमिका की पुष्टि कर रहा है, जो समाज के लिए सुरक्षित, संरक्षित और लाभकारी प्रौद्योगिकियों को आगे बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

### एआई क्षमताओं को विकसित करने का लक्ष्य

*प्रेस रिलीज में कहा गया है कि यह मिशन कंप्यूटिंग संसाधनों तक पहुँच को लोकतांत्रिक बनाने, डेटा की गुणवत्ता बढ़ाने, स्वदेशी एआई क्षमताओं को विकसित करने, शीर्ष एआई प्रतिभाओं को आकर्षित करने, उद्योग सहयोग को बढ़ावा देने, स्टार्टअप को जोखिम पूंजी प्रदान करने, एआई परियोजनाओं के सामाजिक प्रभाव को सुनिश्चित करने और नैतिक एआई प्रथाओं को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। इंडियाएआई मिशन सात प्रमुख स्तंभों पर आधारित है, जिनमें से प्रत्येक एआई विकास और परिनियोजन के एक महत्वपूर्ण पहलू को लक्षित करता है।*

### एआई की चुनौती

*केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को कहा कि दुनिया भर के राष्ट्र और समाज एआई से उत्पन्न होने वाले नए खतरों और जोखिमों के बारे में तेजी से जागरूक हो रहे हैं और उन्होंने जोर देकर कहा कि ऐसी चुनौतियों का प्रभावी समाधान केवल सामूहिक वैश्विक प्रयासों से ही आ सकता है।*






## ब्रिटेन में आम चुनाव के लिए आज मतदान

# यूके में जारी रहेगा भारतवंशी का राज या बदलेगा रिवाज

*कंजर्वेटिव और लेबर पार्टी में टक्कर , ऋषि सुनक, कीर स्टर्मर और फरेज के बीच होगा मुकाबला*

**एजेंसी ▶▶ लंदन**

ब्रिटेन में आज (4 जुलाई ) को आम चुनाव के लिए मतदान होना है। आम चुनाव में सत्ताधारी कंजर्वेटिव पार्टी और विपक्षी लेबर पार्टी में टक्कर है। हालांकि चुनाव पूर्व सर्वेक्षणों में लेबर पार्टी को बहुमत मिलने का दावा किया जा रहा है। कंजर्वेटिव पार्टी का नेतृत्व ऋषि सुनक और लेबर पार्टी का नेतृत्व कीर स्टर्मर कर रहे हैं। तो आइए जानते हैं कि ब्रिटेन में होने वाले आम चुनाव में किन बड़े चेहरों पर पूरी दुनिया की निगाहें होंगी।






### 100 से अधिक भारतीय सांसद लड़ रहे चुनाव

जिस देश ने 200 साल तक दुनिया भर में राज किया था। आज वहीं ब्रिटेन की संसद में एक बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। जानकारी के लिए बता दें कि ऋषि सुनक समेत भारतीय मूल के कुल 107 उम्मीदवार आम चुनाव लड़ने जा रहे हैं। संसद के निचले सदन हाउस ऑफ कॉमन्स में कुल 15 भारतीय सांसद हैं।

### कीर स्टर्मर

लेबर पार्टी के नेता कीर स्टर्मर एक पूर्व मानवाधिकार वकील और मुख्य जन अभियोजक रह चुके हैं। चुनाव पूर्व सर्वेक्षणों में लेबर पार्टी को बहुमत मिलने का दावा किया गया है। ऐसे में बहुत संभावना है कि ब्रिटेन के अगले प्रधानमंत्री कीर स्टर्मर बन सकते हैं। लेबर पार्टी के पूर्व नेता जेरेमी कोर्बिन के नेतृत्व में लेबर पार्टी वामपंथी की तरफ झुक गई थी। कीर स्टर्मर को पार्टी को फिर से मध्यमार्गी बनाने का श्रेय दिया जाता है।

### ऋषि सुनक

कंजर्वेटिव पार्टी के नेता ऋषि सुनक एक बार फिर देश का पीएम बनने की रेस में हैं। हालांकि सर्वे में बताया गया है कि इस बार उनकी राह बेहद मुश्किल है। अक्तूबर 2022 में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बने भारतीय मूल के ऋषि सुनक ब्रिटेन में बढ़ती महंगाई पर काबू करने का दावा कर रहे हैं, लेकिन उन पर कई वादों को पूरा न करने का आरोप भी लग रहा है, जिसके चलते उनके खिलाफ लोगों में नाराजगी भी है। सुनक, ब्रिटेन के पहले एशियाई और हिंदू प्रधानमंत्री हैं।

### निगेल फरेज



*यूरोपीय संसद के पूर्व सांसद 60 वर्षीय निगेल फरेज को ब्रिटेन की राजनीति के सबसे विभाजनकारी नेताओं में गिना जाता है। 2016 में ब्रिटेन के अधिकांश लोगों को यूरोपीय संघ छोड़ने के लिए वोट देने के लिए राजी करने में मदद करने के बाद उन्हें पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मिस्टर ब्रेग्जिट उपनाम मिला। कल के चुनाव में वह आठवीं बार सांसद बनने की कोशिश कर रहे हैं। वे कट्टर दक्षिणपंथी रिफॉर्म यूके पार्टी के प्रमुख हैं। कई सर्वेक्षणों में दावा किया जा रहा है कि रिफॉर्म यूके पार्टी कई प्रमुख सीटों पर कंजर्वेटिव पार्टी को नुकसान पहुंचा सकती है।*

## लद्दाख में महसूस किए गए भूकंप के झटके

**लेह।** लद्दाख में बुधवार को 4.4 तीव्रता का भूकंप आया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि भूकंप के कारण जान-माल का नुकसान होने की फिलहाल कोई खबर नहीं मिली है।

राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) के अनुसार, भूकंप सुबह आठ बजकर 12 बजे मिनट पर आया और इसका केंद्र 15 किलोमीटर की गहराई में था।लद्दाख में महसूस किए गए भूकंप के झटके, 4.4 रही तीव्रताराष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने भूकंप की जानकारी देते हुए बताया कि सुबह लगभग 08:12 बजे भूकंप आया।

लद्दाख में महसूस किए गए भूकंप के झटके, 4.4 रही तीव्रता भूकंप सुबह लगभग 08:12 बजे आया। लद्दाख में बुधवार को 4.4 तीव्रता का भूकंप आया अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

## जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने एलओसी पर परखी सैन्य तैयारियां

**हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली**

बीते रविवार को सेनाप्रमुख के रूप में कार्यभार संभालने के बाद जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने अपनी पहली यात्रा के तहत जम्मू-कश्मीर में भारत और पाकिस्तान नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर भारतीय सेना की सुरक्षा तैयारियों की विस्तृत आधार पर समीक्षा की। इसके अलावा उन्होंने जम्मू क्षेत्र में जारी सेना के अभियानों का भी जायजा लिया। सेना के सार्वजनिक सूचना महानिदेशालय (एडीजीपीआई) ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी। इसमें बताया कि कार्यभार संभालने के बाद पहली यात्रा पर सेनाप्रमुख जनरल द्विवेदी जम्मू-कश्मीर पहुंचे।



यहां उत्तरी सैन्य कमांड के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचिंद्र कुमार के साथ 16वीं के अग्रिम सीमाई इलाकों का हवाई दौरा किया और एलओसी पर बने हुए सुरक्षा हालात की समीक्षा की। सेनाप्रमुख की इस यात्रा की शुरुआत जम्मू से हुई थी। इसके बाद वह पूंछ में सेना के ब्रिगेड मुख्यालय गए। एलओसी का दौरा करने के बाद सेनाप्रमुख नगरोटा पहुंचे। वहां पर वरिष्ठ सैन्य कमांडरों ने उन्हें इलाके में बने हुए जमीनी हालात से रूबरू कराया। इसमें अमरनाथ यात्रा से जुड़ी हुई सुरक्षा तैयारियों के बारे में भी सेनाध्यक्ष को जानकारी दी गई।

योजना का उद्देश्य उद्योगों को अनुदान सहायता प्रदान करना

# टीडीएफ के जरिए अब तक 300 करोड़ से अधिक की 77 परियोजनाओं को मिली स्वीकृति



**हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली**

रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए रक्षा मंत्रालय द्वारा शुरू की गई प्रौद्योगिकी विकास निधि (टीडीएफ) योजना के जरिए अब तक विभिन्न उद्योगों और स्टार्ट-अप की करीब 300 करोड़ रुपए से अधिक की 77 परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई है।

साथ ही 27 रक्षा प्रौद्योगिकियों को सफलतापूर्वक संपादित भी किया गया है। डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ.समीर वी कामत ने इन परियोजनाओं से जुड़े स्टार्ट अप और संगठन की प्रयोगशालाओं को बधाई दी है। मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान जारी कर बताया कि डीआरडीओ द्वारा निष्पादित रक्षा मंत्रालय की इस योजना का उद्देश्य सूक्ष्म और मध्यम उद्योग और स्टार्ट अप सहित भारतीय रक्षा उद्योगों को अनुदान सहायता प्रदान करना है। इसके अलावा अकादमिक व वैज्ञानिक संस्थानों को रक्षा, दोहरे उपयोग वाली मदद उपलब्ध कराना है। यह वर्तमान में भारतीय रक्षा उद्योग के पास नहीं है।

टीडीएफ के जरिए मंत्रालय द्वारा देश में पहली बार विकसित की जा रही विशिष्ट प्रौद्योगिकियों के अनुसंधान, डिजाइन और विकास पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। साथ ही इसके जरिए सशस्त्र बलों, अनुसंधान करने वाले संगठनों, शिक्षाविदों, प्रमाणन एजेंसियों और निजी क्षेत्र की संस्थाओं के बीच एक सेतु का निर्माण करना है।

## अंतरिक्ष में फंसी सुनीता विलियम्स, स्पेस में रुकना हो सकता है खतरनाक



**न्यूयॉर्क।** सुनीता विलियम्स लंबे समय से अपने साथी बैरी विल्मोर के साथ अंतरिक्ष में फंस गई हैं। शुरुआत में उनका मिशन महज 8 दिनों का था, लेकिन स्पेसक्रॉफ्ट में तकनीकी खामी की वजह से अभी तक वह अंतरिक्ष से वापस नहीं आ सकी हैं। भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स की बोइंग स्टारलाइनर की पहली उड़ान के साथ 5 जून को यह यात्रा शुरु हुई थी। लेकिन स्टारलाइनर में हीलियम लीक और थ्रस्टर में खराबी की वजह से वापसी का मिशन रोकना पड़ा। सुनीता विलियम्स अपने साथी के साथ इस समय इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में सुरक्षित हैं, लेकिन उनके लिए ज्यादा दिन स्पेस में रुकना खतरनाक साबित हो सकता है।

सैन्य क्षमताओं को बढ़ाने का मकसद

## भारत-मंगोलिया की सेनाओं के बीच शुरू हुआ नोमैडिक एलीफेंट युद्धाभ्यास

**हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली**

भारत और मंगोलिया की सेनाओं के बीच बुधवार से मेघालय के उमरोई में विदेशी प्रशिक्षण नोड में नोमैडिक एलीफेंट युद्धाभ्यास की शुरुआत हुई। इसमें 45 कर्मियों वाले भारतीय दल का प्रतिनिधित्व सिक्किम स्काउट्स की एक बटालियन तथा अन्य शाखाओं के कर्मी कर रहे हैं। जबकि मंगोलियाई दल की अगुआई उनकी थलसेना की 150 त्वरित बल बटालियन के कर्मियों द्वारा की जा रही है। सेना द्वारा बुधवार को दी गई जानकारी के मुताबिक, युद्धाभ्यास के उद्घाटन समारोह में भारत में मंगोलिया के राजदूत दंबाजाबिन गनबोल्ड और भारतीय सेना के 51 सब एरिया के जनरल ऑफिसर कमांडिंग मेजर जनरल प्रसन्ना जोशी ने भाग लिया। नोमैडिक एलीफेंट युद्धाभ्यास का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र के चार्टर के अध्याय-7 के तहत उप पारंपरिक परिदृश्य में आतंकवाद विरोधी अभियान चलाने के लिए दोनों पक्षों की संयुक्त सैन्य क्षमता को बढ़ाना है। इस वर्ष इस युद्धाभ्यास का सोलहवां संस्करण आयोजित किया जा रहा है। यह 3 से 16 जुलाई तक चलेगा। इसके जरिए दोनों सेनाएं संयुक्त अभियान चलाने की रणनीति, तकनीक और अपनी सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करेंगे। जिससे दोनों के बीच अंतर संचालन, सौहार्द और सहयोग को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। साथ ही द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को भी मजबूती मिलेगी।






हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109